

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 जोधपुर लोकसभा सीट पर अशोक गहलोत का रहा दबदबा, 5 बार दर्ज ...

बाइडेन ने ट्रंप प्रशासन की तुलना में अधिक चीनी कंपनियों को किया ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 332 | नई दिल्ली, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति की दिशा में बड़ा कदम है चुनावी बांड योजना : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी बांड योजना को देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति दिलाने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे का स्रोत सार्वजनिक हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में विपक्ष पर चुनावी बांड योजना को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं के चुनावी बांड पर आरोप और क्या यह एक बुरा निर्णय था? इस सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में लंबे अर्से से चर्चा चली है कि चुनावों में कालेधन का बहुत बड़ा खतरनाक खेल हो रहा है। देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति मिलनी चाहिए। कालाधन खत्म करने के लिए पहले हमने 1000-2000 के नोटों को खत्म किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 20 हजार रुपये तक पार्टियां कैश ले सकती हैं। मैंने नियम बनाकर 20 हजार को ढाई हजार कर दिया, क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि ये कैश वाला कारोबार चले। उन्होंने कहा, जहां तक इलेक्टोरल बॉन्ड की बात है तो ये उसकी सक्सेस स्टोरी है, क्योंकि इससे मनी



ट्रेल मिल रहा है कि किस कंपनी ने दिया, कैसे दिया, कहां दिया। विपक्ष के इस आरोप पर कि भाजपा सभी संस्थानों पर नियंत्रण रखती है और कोई समान अवसर नहीं है? प्रधानमंत्री ने कहा, एक कहावत है- नाच न जाने आंगन टेढ़ा। ये कभी ईडी, कभी सीबीआई, कभी ईवीएम का बहाना निकालेंगे। मूलतः वो अपनी पराजय के लिए रीजनिंग पहले से सेट करने में लगे हैं, ताकि पराजय उनकी खाते में ना चली जाए। उन्होंने कहा कि जहां तक ईडी, सीबीआई की बात है तो इसमें एक भी कानून मेरी सरकार ने नहीं बनाया है। हमने तो इलेक्शन कमीशन में सुधार किए हैं। पहले तो प्रधानमंत्री एक साइन करके इलेक्शन कमीशन बना देते थे, आज तो उसमें विपक्ष भी रहता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से आजकल हम देखते हैं कि एक शब्द के प्रति कोई प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी नहीं है। आपने किसी नेता का पुराना वायरल वीडियो देखा होगा, जिसमें उनके हर विचार विरोधाभासी हैं। जब लोग यह देखते हैं तो उन्हें लगता है कि यह नेता जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में मैंने एक राजनेता को यह कहते हुए सुना, ह्लएक झटके में गरीबी हटा दूंगा। जिनको 5-6 दशक तक सत्ता में रहने का मौका मिला, वो जब ऐसा कहते हैं तो देश सोचता है कि ये आदमी क्या कह रहा है। राम मंदिर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष के लिए यह एक राजनीतिक हथियार था। अब मंदिर बन गया है, इसलिए मुद्दा उनके हाथ से निकल गया है। उन्होंने कहा, ह्लजहां तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बात है तो उन्हें न्योता मिला लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया जबकि उन्हें गर्व होना चाहिए था। इससे स्पष्ट होता है कि उनके लिए वोट बैंक ही सबसे जरूरी है। ये किसी को नीचा दिखाना अपना अधिकार मानते हैं लेकिन मैं कहता हूं- ये तो नामदार हैं और मैं कामदार हूं। देश के लिए अपने विजन 2047 पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2047 का जो मेरा विजन है वो मोदी की बपौती नहीं है। इसमें 15-20 लाख लोगों के विचारों को समाहित किया गया है। एक प्रकार से इसकी ऑनरशिप देश की है। मैंने उसको डॉक्यूमेंट के रूप में बनाया है।

# भ्रष्टाचार अब अवसर या नौकरी का पासवर्ड नहीं, बल्कि जेल का रास्ता है: धनखड़

## उपराष्ट्रपति बोलें- वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है

**महाराष्ट्र के नागपुर शहर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार अब प्रशासन को निर्देशित नहीं करता।**



प्रात : किरण

नागपुर/ एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि सत्ता के गलियारों से भ्रष्ट तत्वों का पूरी तरह से सफाया कर दिया गया है और भ्रष्टाचार अब अवसर, नौकरी या अनुबंध मिलने का पासवर्ड नहीं है, बल्कि जेल जाने का रास्ता है। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार अब प्रशासन को निर्देशित नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत अब सोया हुआ नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा, जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, हम वैश्विक दक्षिण की आवाज बन गए। राष्ट्रों का इतना प्रभावशाली संयोजन जीडीपी और जनसंख्या के लिहाज से देखें तो वे प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही थी।

यह अब एक प्रमुख मंच पर है, भारत और हमारे दूरदर्शी नेतृत्व का धन्यवाद। आईआरएस अधिकारियों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि यह समाज के लिए बेहद हानिकारक अनौपचारिक नकदी प्रबंधन को हतोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदमों से प्रणाली में अभूतपूर्व पारदर्शिता और जवाबदेही आई है, जो आज भारत में भ्रष्टाचार के मामले में कतई बर्दाश्त नहीं के मानक के अनुरूप है। धनखड़ ने कहा, ह्लमैं आज भ्रष्टाचार पर ज्यादा विचार व्यक्त नहीं करूंगा। लेकिन एक बात निश्चित है कि अब सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों को विधिवत निष्प्रभावी कर दिया गया है। भ्रष्टाचार अब अवसर या नौकरी या अनुबंध पाने का पासवर्ड नहीं है, बल्कि जेल जाने का रास्ता है। एक आदर्श बदलाव आया है और भ्रष्टाचार अब हमारे प्रशासन को निर्देशित नहीं करता। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद एक समय भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक था। उपराष्ट्रपति ने कहा, 1991 में भी भारत की अर्थव्यवस्था पेरिस और लंदन जैसे शहरों से छोटी थी। भारत की यह स्थिति थी जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था फ्रांस और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था से काफी आगे है। धनखड़ ने कहा कि दो साल में देश जापान और जर्मनी से आगे निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिसकी औसत जीडीपी वृद्धि दर 6.5 से 7 प्रतिशत है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब आशा और संभावनाओं की भूमि है, निवेश और अवसर का एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य है तथा यह खुद को भविष्य की वैश्विक महाशक्ति के रूप में तैयार कर रहा है।

धनखड़ ने कहा कि कर प्रणाली अब आश्चर्यजनक रूप से बेहतर है जिसे कर संग्राहकों से कर सुविधा प्रदाताओं में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि त्वरित ह्लरिफंडह्व और चिंताओं के समय पर समाधान से करदाता अत्यधिक एवं आश्चर्यजनक रूप से संतुष्ट हैं। उपराष्ट्रपति ने अधिकारियों से सभी की सामूहिक आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में अथक प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा, करदाताओं को जानकारी के साथ सशक्त बनाएं, पारदर्शिता के माध्यम से अधिक विश्वास अर्जित करें और अपने पेशेवर आचरण में ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखें।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने नवादा व औरगांबाद में जनसभा को किया संबोधित**

# राजनीति का अपराधीकरण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए : योगी

## कहा- मोदी भारत को डिजिटल युग में ले जा रहे

प्रात : किरण

नवादा/एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के नवादा व औरगांबाद में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर राष्ट्रीय जनता दल रहा। सीएम ने कहा कि यूपी में तिनका भी नहीं हिलता। हमने सिर्फ अयोध्या में ही रामलला को विराजमान नहीं किया है, बल्कि माफिया व अपराधियों को राम-नाम सत्य की यात्रा पर भी भेज दिया। कुछ जेल चले गए, कुछ जहन्नुम चले गए। कुछ लोगों की यात्रा स्वतः ही आगे बढ़ गई है। यह काम केवल भाजपा कर सकती है। यूपी जैसा हाल आप भी बिहार में चाहते हैं तो 19 अप्रैल को कितनी भी गर्मी हो, परवाह नहीं करना। आप कमल खिलाइए और राजनीति का अपराधीकरण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए। उन्होंने कहा कि इस बात की गारंटी है कि दिल्ली से पैसा अब सीधे अकाउंट में आता है। विकास कार्यों को गिनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले 10 वर्ष में चार करोड़ गरीबों को मकान मिले हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और मकान बनाएंगे। ईश्वर लालू जी को स्वस्थ करें, वह आबादी बढ़ाएं और



भाजपा आवास बनाने का कार्य करेगी। एक तरफ मोदी जी भारत को डिजिटल युग में ले जा रहे हैं तो दूसरी तरफ राजद व उनके लोग लालटेन युग की तरफ पीछे धकेल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट राजनीति का अपराधीकरण, अपराधियों का राजनीतिकरण रहा। जातिवादी-परिवारवादी राजनीति लोकतंत्र में सबसे बड़ी बाधा है। सीएम ने कहा कि सुरक्षित माहौल में ही विकास की परिकल्पना को बढ़ा सकते हैं।

**बचा-खुचा नक्सलवाद पांच वर्ष में स्वाहा हो जाएगा :** औरगांबाद। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में विकसित भारत की बात कही है। विकसित भारत मतलब विकसित बिहार भी है। धारा-370 लगाकर कांग्रेस ने शेष भारत के नागरिकों के कश्मीर जाने को प्रतिबंधित कर दिया था। भारतीय जनसंघ और भाजपा हमेशा नारा लगाती थी कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। उस सपने को भी पीएम मोदी ने साकार किया है। धारा-370 समाप्त कर कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ा गया। काफी हद तक नक्सलवाद समाप्त हो गया, जो बचे-खुचे हैं, पांच वर्ष में उनका भी स्वाहा हो जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि 50 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट खोल दिए गए, जिससे दिल्ली से सरकार कोई पैसा भेजती है तो सीधे अकाउंट में जाए। बीच में कोई दलाल डकैती न डालने पाए। पीएम आवास योजना में चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि 25 करोड़ के उप्र में कोई दंगा, कर्फ्यू या समस्या नहीं है। यह काम केवल भाजपा व एनडीए ही कर सकेगी। अब तक हम लोग कांग्रेस, राजद के दलदल और गड्ढों को पाटने और कचड़े को साफ करने में समय लगाया। अब स्पीड बढ़ाकर भारत को ग्लोबल लीडर बनाने का समय आ गया है। राजद व कांग्रेस ने भ्रष्टाचार, आतंकवाद, गरीबों के हकों पर डकैती डाला, अराजकता, दंगे, अव्यवस्था समेत हर समस्या दी और इनका समाधान मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### चुनावी बॉण्ड रद्द करने के फैसले पर पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिका न्यायालय में दायर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर इस अदालत के 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया गया था। वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि इस अदालत ने (योजना के खिलाफ) याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद्द कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। याचिका में कहा गया कि अदालत ने ऐसे मामले पर अपने विवेक का प्रयोग किया, जो विधायी और कार्यकारी नीति के विशिष्ट क्षेत्र में आता है। नेदुम्पारा ने अपनी याचिका में दावा किया कि न्यायालय इस बात पर ध्यान देने में विफल रहा कि जनता की राय इस मामले में अलग-अलग हो सकती है और इस देश के अधिकांश लोग संभवत इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं, जिसे उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा अस्तित्व में लाया गया है।

### कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए जारी किया प्रचार गीत

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए हाथ बदलेगा हालात गीत जारी किया, जिसे पार्टी के घोषणा पत्र में पांच न्याय, 25 गारंटियों पर केंद्रित किया गया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह गीत जारी किया। इस अवसर पर श्री रमेश ने बताया कि कांग्रेस के प्रचार अभियान का पहला चरण मेरे विकास का दो हिसाब था। इसके बाद कांग्रेस ने हाथ बदलेगा हालात अभियान शुरू किया। इसके साथ कांग्रेस ने अपना न्याय पत्र जारी किया। कांग्रेस ने अपने प्रचार को जारी रखते हुए यह गीत तैयार किया है।

### हेमंत सोरेन ने जमानत के लिए दी अर्जी, सुनवाई कल

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के ढाई महीने बाद जमानत के लिए अर्जी दी है। उनके वकील ने सोमवार को याचिका दायर की है। जिसपर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। बता दें कि बड़गाई इलाके में 8.46 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में वह 31 जनवरी से जेल में हैं। ईडी ने जमीन घोटाला मामले में 31 जनवरी को पूछताछ के दौरान देर रात हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें 1 फरवरी को ईडी कोर्ट में पेश किया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं ईडी ने मामले की जांच करने के बाद 30 मार्च को हेमंत सोरेन के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है।

### राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच, कांग्रेस ने कहा : कोई दिक्कत नहीं

नई दिल्ली। चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच की है। इस पर दिल्ली में कांग्रेस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जांच से हमें दिक्कत नहीं। लेकिन, आप सबके हेलीकॉप्टर की जांच कीजिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। लेकिन, चुनाव आयोग ऐसे ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के हेलीकॉप्टर को चेक करे। चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है, जिसके अधीन इस समय कानून-व्यवस्था है।

### मणिपुर के विस्थापित लोगों को मतदान की सुविधा देने की याचिका पर सुनवाई से शीर्ष अदालत का इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18,000 लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करते हुए दायर याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। मणिपुर में लोकसभा की दो सीट के लिए मतदान दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को होगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत के हस्तक्षेप से, वो भी इस स्तर पर, मणिपुर में लोकसभा चुनाव कराने में अवरोध उत्पन्न होंगे। पीठ ने कहा, आप बहुत देरी से आए हैं। इस स्तर पर क्या हो सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत मणिपुर निवासी नौलक खामसुआनथांग और अन्य की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने अनुरोध किया था कि भारत निर्वाचन आयोग को मणिपुर के बाहर बसे आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए व्यवस्था की जाए।

# मणिपुर, पूर्वोत्तर का विकास होगा तो भारत चमकेगा: अमित शाह

प्रात : किरण

इंफाल/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हसा कांगजीबुंग में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि मणिपुर और पूरा पूर्वोत्तर इतना महत्वपूर्ण है कि जब वे तरक्की करेंगे तो पूरा देश आगे बढ़ेगा। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर और मणिपुर के मित्र हैं। उन्होंने लोगों से श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने और मणिपुर को बचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है और उसने दक्षिण और उत्तर भारत की राजनीति शुरू कर दी है।

उन्होंने लोगों को 14 अप्रैल, 1944 की घटना की याद दिलाई, जब आईएनए द्वारा मोइरांग में पहली बार भारतीय ध्वज फहराया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने राम मंदिर बनाने और देश में शांति लाने के लिये अलगाववादी आंदोलन से लड़ने का अपना वादा पूरा किया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान 25 करोड़ लोगों को



गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया,80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन दिया जा रहा है, चार करोड़ लोगों को घर दिये गये, 14 करोड़ लोगों को नल से पानी दिया गया। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने विभिन्न उग्रवादी संगठनों के साथ 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किये और 9000 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। प्रधानमंत्री ने 70 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया और मंत्रियों ने 700 बार इस क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि छोटे राज्य देश की आत्मा हैं। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने असम को अलविदा कह दिया था और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मन में छोटे राज्यों के प्रति बहुत कम सम्मान है।

उन्होंने आरोप लगाया कि श्री इबोबी सिंह की 15 साल की सरकार के दौरान आये दिन फर्जी मुठभेड़ों से मणिपुर उथल-पुथल में था। उन्होंने कहा, मणिपुर में कुकी नागा संघर्ष में 750 लोगों की, मैतेई पंगल संघर्ष में 100 लोगों की और कुकी पाइते संघर्ष में 350 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासी राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश कर रहे हैं और इसे रोकने के लिये भारत-म्यांमार सीमा को बाड़ लगाकर सुरक्षित किया जायेगा। नशीली दवाओं और अवैध प्रवासियों की गतिविधियों को रोकने के लिये मुक्त आवाजाही व्यवस्था को हटा दिया गया है। उन्होंने इनर मणिपुर में भाजपा उम्मीदवार डॉ. टी. बसंता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का आश्वासन दिया, जो पूर्व केंद्रीय मंत्री टी. चाओबा के पुत्र हैं। उन्होंने कहा, भाजपा भ्रष्टाचार को खत्म करने और एक मजबूत, जीवंत देश बनाने की कोशिश कर रही है। इंफाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे अमित शाह मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और पार्टी नेताओं के साथ सीधे बैठक स्थल पर चले गए। बैठक को संबोधित करने के बाद अमित शाह भाजपा कार्यालय में एक कार्यालय का उद्घाटन करने गये और पार्टी कार्यकताओं से बातचीत की। गृह मंत्री के दौरे के लिये विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। मणिपुर में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को मतदान होगा।

# न्यायपालिका को डराने-धमकाने के लिए पूर्व न्यायाधीशों से पत्र लिखवाया गया: कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर भारत के प्रधान न्यायाधीश को एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। इस पत्र के बारे में पूछे जाने पर रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है। रमेश ने दावा किया कि पत्र लिखने वाले पूर्व न्यायाधीशों की सूची में चौथे नंबर का नाम देखने से ही पूरा राज खुल जाता है। पत्र लिखने वाले पूर्व न्यायाधीशों की सूची में चौथे स्थान पर न्यायमूर्ति( सेवानिवृत्त) एम आर शाह का नाम है।

# देश के भीतर ही नहीं, बाहर भी काम करती है मोदी की गारंटी : जयशंकर

## ईरान द्वारा जब्त जहाज से भारतीयों की वापसी पर बोले विदेश मंत्री

प्रात : किरण

बेंगलुरु/एजेंसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को ईरान द्वारा जब्त मालवाहक जहाज पर चालक दल के सदस्यों के रूप में सवार 17 भारतीयों की वापसी का पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी देश के भीतर ही नहीं, बाहर भी काम करती है। जयशंकर ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुफ्त गारंटी है कि जब भी आप बाहर मुसीबत में हों, भारत सरकार आपकी देखभाल के लिए मौजूद है। जयशंकर ने कहा, हमने इसे यूक्रेन, सूडान में और कोविड महामारी के दौरान भी बार-बार साबित किया है। एमएससी एरीज जहाज के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई का मुद्दा उठाते हुए, विदेश मंत्री ने रविवार को ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन से बात की थी। उन्होंने कहा, हम ईरान सरकार से कह रहे हैं कि उन्हें रिहा किया जाना चाहिए और हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। जयशंकर ने आगे कहा कि भारतीय दूतावास और ईरान के अधिकारियों ने उसके बाद कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, मुझे कुछ रिपोर्टें मिल रही हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि मेरे दूतावास के लोग वहां जाएं और भारतीय दल से मिलें। यह मेरी संतुष्टि का पहला बिंदु है। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह से तैयार हूं। ईरानी विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया सकारात्मक थी और उन्होंने आश्वासन दिया कि वह स्थिति को समझेंगे और मदद करेंगे। विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण आने वाला समय कठिन है।

**मानसून**

**दक्षिण-पश्चिम मानसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच 106 फीसदी बारिश की संभावना**

# इस साल मानसून में देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना : आईएमडी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत मौसम विभाग ने अपने पूवानुर्मान में सोमवार को बताया कि इस साल मानसून के दौरान पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच मानसून ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत (लॉन्ग पीरियड एवरेज एलपीए) का 106 फीसदी होने की संभावना है।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी अपने पूवानुर्मान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है और यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर



हिस्सों में सामान्य से ज्यादा वर्षा होने की बहुत संभावना है। महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के आधार पर हाल के वर्षों में नई दीर्घावधि औसत पेश किया गया है जिसके तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। उन्होंने कहा कि अगर ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत की 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र पर अल नीनो की मध्यम स्थिति बनी हुई है तथा मानसून ऋतु के शुरूआती दौर में अल नीनो की स्थिति और कमजोर होकर तटस्थ अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) स्थितियों में परिवर्तित होने की संभावना है और इसके बाद अगस्त-सितंबर में ला नीना स्थितियां विकसित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जब अल नीनो की स्थिति होती हैं जो ज्यादातर वर्षों में बारिश पर इसका नकारात्मक असर होता है। उन्होंने कहा कि 1951 से 2023 तक 22 साल ला नीनो की स्थितियां रहीं और इन वर्षों में ज्यादातर साल में दक्षिण पश्चिम मानसून के तहत सामान्य या सामान्य से ज्यादा बारिश हुई, लेकिन ला नीनो की स्थितियां होते हुए भी 1974 और 2000 में बारिश सामान्य से कम रही। महापात्र के मुताबिक, 1951 से 2023 के बीच नौ साल ऐसे रहे जब अल नीनो जा रहा था और ला नीनो आ रहा था, जैसा इस साल है। उन्होंने कहा कि इन नौ साल में से दो वर्ष के दौरान मानसून की वर्षा सामान्य से ज्यादा रही और पांच साल अत्याधिक बारिश हुई तथा दो अन्य वर्षों के दौरान बारिश करीब करीब सामान्य रही। उन्होंने कहा कि इसी के साथ वर्तमान में हिंद महासागर पर तटस्थ हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) स्थितियां मौजूद हैं और सकारात्मक आईओडी स्थितियां दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु के उत्तरार्ध के दौरान विकसित होने की संभावना है जो मानसून के लिए अच्छा है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि पिछले तीन महीनों (जनवरी से मार्च 2024) के दौरान उत्तरी गोलार्ध, खासकर यूरोप और एशिया में कम बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि उत्तरी गोलार्ध और यूरेशिया में बर्फ आवरण क्षेत्र सामान्य से कम था और सामान्य से कम हिमपात होना भारत में जून से सितंबर के दौरान बारिश के लिए अनुकूल है।

## संक्षिप्त समाचार

### मधुमेह रोगियों को होने वाले दर्द के निवारण की जानकारी दी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स में आयोजित छह दिवसीय डायबिटीज एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मधुमेह रोगियों को होने वाली दिक्कतों पर व्याख्यान दिए। जिसमें प्रतिभागियों को मधुमेह से ग्रसित मरीजों की सहायता संबंधी जानकारियां दी गई। शनिवार को कार्यशाला में डॉ. संतोष कुमार ने मधुमेह से ग्रसित मरीजों को होने वाली मानसिक दिक्कतों से अवगत कराया। बताया कि मरीजों को सिर्फ दवा की जरूरत नहीं पड़ती है। स्वयं को मरीज की जगह रखकर सोचने और उन्हें बेहतर उपचार देने की जरूरत है। डॉ. वैंकटेश पई ने मधुमेह ग्रसित मरीजों को होने वाले दर्द और उसके निवारण की जानकारी दी। कार्यशाला में डॉ. मुकेश बैरवा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. बैल्सी, डॉ. प्रसूना जैली, दीपिका चौहान आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रतिभागियों ने एंडोक्राइन लैब और गेट लैब का अवलोकन किया। मधुमेह ग्रसित रोगियों को प्रयोगशालाओं के माध्यम से मिलने वाली गेट थेरेपी के उपयोग व सहायता की जानकारी हासिल की।

### पोस्टर और नाटक के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व की जानकारी दी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से सीएचसी डोईवाला में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। एसआरएचयू के नर्सिंग कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से कार्यक्रम हुआ। सीएचसी डोईवाला के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केएस भंडारी ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने का उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य और देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना, माताओं को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देना है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. कमलेश भारती ने कार्यक्रम की थीम सम्मानजनक मातृत्व देखभाल के लिए मिलकर अपनी भूमिका निभाएं का अनावरण किया। नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नाटक एवं पोस्टर प्रदर्शनी से अस्पताल आने वाली महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व के बारे में जानकारी दी। थानो गांव में हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के कम्यूनिटी हेल्थ विभाग ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. संचिता पुगाजंडी, डॉ. कमली प्रकाश, अतुल कुमार, शोभा मसीह, चंदन कुमार, जॉन डेविडसन उपस्थित रहे।

### भद्रकाली के पास सड़क पर पलटी बस, 20 घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गंगोत्री-ऋषिकेश हाईवे पर भद्रकाली के समीप एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में 20 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश लाया गया। तीन गंभीर घायलों को एम्स रेफर किया गया है। बाकी 17 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ऋषिकेश से चंबा जा रही बस करीब पौने दस बजे भद्रकाली के समीप मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए 108 के माध्यम से उपजिला चिकित्सालय ऋषिकेश पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक थाना मुनि की रेती रितेश साह ने बताया कि बस में 36 लोग सवार थे। दुर्घटना में 20 घायलों को उपचार के लिए ऋषिकेश लाया गया। तीन गंभीर घायलों को एम्स रेफर कर दिया गया। जबकि शेष 17 घायलों को उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि बस तेज रफ्तार में थी। मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार धौंतरी (उत्तरकाशी) निवासी दरम्यान सिंह ने बताया कि बस ओवर स्पीड में थी। दरम्यान ने बताया कि पहले बस को कोई और चला रहा था। चालक ने हाथ में दर्द होने की बात कहकर बस में बैठे दूसरे चालक को स्टेयरिंग दे दी। यात्रियों ने चालक के शराब के नशे में होने की आशंका भी जताई।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में ये मुद्दे हो गए हावी, भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला




**उत्तरकाशी, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में पहुंचने के साथ ही हिमालय की तलहटी से लेकर तराई तक फैली टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट पर मुकाबले की तस्वीर साफ होने लगी है। वैसे तो यहां 11 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला इस बार भी परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सिमटा नजर आ रहा है।

टिहरी राज परिवार की इस परंपरागत सीट पर भाजपा से वर्तमान सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह और कांग्रेस से दो बार के विधायक जोत सिंह गुनसोला मैदान में हैं। दोनों ही प्रत्याशी उम्रदराज हैं और मतदाताओं को साधने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए हैं।

यही नहीं, उक्रांद समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी बाबी पंवार भी भाजपा और कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए खासी मशक्कत कर रहे हैं। चुनावी रण में स्थानीय के साथ राष्ट्रीय मुद्दे भी गूंज रहे हैं, लेकिन मतदाताओं ने अब तक प्रत्याशियों को अपने मन की थाह नहीं लगने दी है। उनकी यह चुप्पी क्या गुल खिलाती है, इसका पता तो नतीजे आने पर ही चलेगा, लेकिन तब तक प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें बढ़ी ही रहेंगी।

अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी इस सीट के रण पर नजर दौड़ाएं तो सूरमाओं ने एक-एक मतदाता तक पहुंचने को ताकत झोंकी हुई है। एक-दूसरे के क्षेत्र में सेंध लगाने में भी वे पीछे नहीं हैं। भाजपा और कांग्रेस ने अपने सांगठनिक ढांचे को गांव-गांव में मोर्चे पर लगाया हुआ है। इस संसदीय सीट पर पिछले कुछ समय में पाला बदल भी खूब देखने को मिला है, जिससे कांग्रेस को झटका लगा है।

कांग्रेस से छिटककर कई पूर्व विधायक, नेता और कार्यकर्ता अब भाजपा का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में भाजपा इनका पूरा लाभ उठाने की रणनीति पर चलते हुए उनके माध्यम से कांग्रेस के कैडर वोट में सेंध लगाने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ, कांग्रेस इस नुकसान की भरपाई के प्रयास में जुटी है। भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही दल यहां मतदाताओं को साधने के लिए स्टार प्रचारकों को उतार चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऋषिकेश तो कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रुड़की में जनसभा कर चुकी हैं। यही नहीं, विकासनगर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले चकराता क्षेत्र के मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। मसूरी और कैंट विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह (सेनि) सैन्य मतदाताओं के बीच पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी निरंतर जनसभा और जनसंपर्क में जुटे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह समेत अन्य प्रांतीय नेता भी जनसभा और जनसंपर्क में बेरोजगारी, महंगाई के साथ अग्निपथ योजना से जुड़े विषय उठाकर मतदाताओं को साधने के प्रयास में जुटे हैं। चुनाव प्रचार का शुरुआती दौर भले ही स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रहा, लेकिन अब अंतिम दौर में राष्ट्रीय मुद्दे हावी होते दिख रहे हैं। भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को भुनाने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, राम मंदिर, किसान सम्मान निधि, खाद्य सुरक्षा योजना जैसे मुद्दे उठाए जा रहे हैं।

## प्रकाश जोशी ने रैली निकाल मांगे वोट

**नैनीताल, एजेंसी।**
नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड में अपने को कमजोर आंक रही है। इसीलिए वह यहां पार्टी के बड़े योद्धाओं को भेज रही है। लेकिन सूबे की जनता ने मन बना लिया है, इस बार देवभूमि से कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने शनिवार को नगर में रैली निकाली। जहां उन्होंने हनुमानगढ़ से रैली की शुरुआत की। माल रोड से होते हुए रैली मल्लीताल राम सेवक सभा पहुंची, जहां हुई सभा में प्रत्याशी ने जनता को संबोधित किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभा कर चुके हैं। अभी कई और योद्धा भी आने वाले हैं। ये इस बात का प्रमाण है कि भाजपा प्रदेश में अपने को कमजोर मान रही हैं। उधर, जोशी ने बनभूलपुरा और हल्द्वानी में भी प्रचार कर वोट मांगे। इस मौक पर हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश,, पूर्व विधायक संजीव आर्य, जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, नगर अध्यक्ष अनुपम कबडवाल आदि रहे।

### सीएम की घोषणा के बाद भी कोश्याकुटोली तहसील का नाम नहीं बदला

**गरमपानी, एजेंसी।** पिछले साल 15 जून को कैंची मंदिर के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोश्याकुटोली तहसील को श्री कैंची धाम के नाम पर करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा को दस माह बीतने के बाद भी शासन स्तर से घोषणा का जिओ अभी तक जारी नहीं हो पाने से कोश्याकुटोली तहसील का नाम नहीं बदला गया है। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि कैंची मंदिर को देश ही नहीं विदेशों में भी जाना जाता है। कैंची मंदिर की लोकप्रियता और बाबा नीब करौरी महाराज के प्रति आस्था रखते हुए हर साल 15 जून को मंदिर के स्थापना दिवस पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं।

## उत्तराखंड में 24 हजार पुलिसकर्मियों को मिलेगा सस्ता सामान, जीएसटी में तो 50 प्रतिशत छूट



**हल्द्वानी, एजेंसी।**
भारतीय सेना की आर्मी कैंटीन की तर्ज पर उत्तराखंड पुलिस भी अपने जवानों के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने जा रही है। पुलिस कैंटीन में अब जवान स्मार्ट कार्ड के जरिये ही खरीददारी कर पाएंगे। स्मार्ट कार्ड पर खरीदारी सिर्फ पुलिस वाला या फिर उसका परिवारिक सदस्य ही कर सकता है।

पहले कैंटीन में जाकर कोई भी सामान की खरीदारी कर लेता था, अब ऐसा नहीं चलेगा। प्रदेश के हर जिले में पुलिस कैंटीन है। जहां से पुलिस, पैरामिलिट्री जवान, होमगार्ड व उनके स्वजन तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी सामान खरीदते हैं। अब तक यह व्यवस्था है कि कोई भी व्यक्ति जाकर अपने परिचित का नाम रजिस्टर में दर्ज करवाता है और मनचाहा पर्याप्त सामान खरीद लेता है। मगर अब ऐसा नहीं होगा।

केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार के निर्देश पर पूरे प्रदेश में कैंटीन से सामान खरीदने वाले पुलिस, पैरामिलिट्री व होमगार्ड के जवानों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों से फार्म भरवाए जा रहे हैं। फार्म भरने के बाद केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार को भेजे जाएंगे। इसके बाद स्मार्ट कार्ड बनकर तैयार होगा। इसी कार्ड के आधार पर सामान दिया जाएगा।

कैंटीन से सामान खरीदते समय स्मार्ट कार्ड लेकर आना जरूरी होगा। इसी कार्ड के आधार पर सामान मिलेगा। इसमें सामान खरीदने की सीमाएं व रेट दोनों तय हो जाएंगे। उतना ही सामान मिलेगा, जितना केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार तय करेगा।

अच्छी बात यह है कि कर्मचारियों को कैंटीन कार्ड जारी होने के बाद जीएसटी में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस हिसाब से अभी तक वह जो सामान को महंगे दाम पर खरीद रहे थे, काफी हद तक सस्ता हो जाएगा। कई और तरह की छूट भी मिलेंगी।

प्रदेश के 24 हजार पुलिसकर्मियों को स्मार्ट कार्ड का फायदा होगा। बात अगर कुमाऊं की करें तो तकरीबन 10 हजार व नैनीताल पुलिस के सेवारत व सेवानिवृत्त ढाई हजार पुलिस कर्मियों को लाभ होगा। सुई से लेकर सब्बल तक पुलिसकर्मी अपनी कैंटीन से खरीदते हैं।

## 10 मई को रोहिणी नक्षत्र में खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट, मां यमुना की उत्सव डोली प्रस्थान का कार्यक्रम भी तय



**उत्तरकाशी, एजेंसी।**
यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया यानि 10 मई को सुबह 10.29 बजे कर्क लग्न, रोहिणी नक्षत्र में खोले जाएंगे। रविवार को यमुना जयंती चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर यह मुहूर्त तय किया गया। गंगोत्री धाम के कपाट भी अक्षय तृतीया पर ही खोले जाने हैं। इसके अलावा बदरीनाथ, केदारनाथ व गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि पहले ही निर्धारित हो चुकी है।

मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में यमुनोत्री मंदिर समिति की ओर से मां यमुना की पूजा-अर्चना एवं पंचांग गणना के बाद तीर्थपुरोहितों ने यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का शुभ मुहूर्त तय किया। यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष राजस्वरूप उनियाल व सचिव सुरेश उनियाल ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों और तीर्थपुरोहितों की उपस्थिति में कपाट खुलने की तिथि और समय की विधिवत घोषणा की।

राजस्वरूप उनियाल ने बताया कि इस अवसर पर मां यमुना की उत्सव डोली के धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हुआ। 10 मई को मां यमुना की उत्सव डोली, मां यमुना के भाई शनि देवता के साथ खरसाली से सुबह 7.50 बजे प्रस्थान करेगी, जो 10 बजे से पहले यमुनोत्री मंदिर परिसर में पहुंचेगी।

इसके बाद विधिविधान से 10 बजकर 29 मिनट पर यमुनोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि गंगोत्री धाम के कपाट 10 मई को दोपहर 12 बजकर 25 मिनट, केदारनाथ धाम के 10 मई को सुबह सात बजे और बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खोले जाएंगे।

### अवैध संबंध के शक में हुई थी अफसाना की हत्या, मोहल्ले में युवक संग एक तस्वीर हुई थी वायरल

**हल्द्वानी, एजेंसी।** अफसाना हत्याकांड का पुलिस जल्द पर्दाफाश कर सकती है। पुलिस के हाथ कई अहम साक्ष्य लगे हैं। पुष्ट सूत्रों के अनुसार शिवरात्रि के मौके पर अफसाना उर्फ आस्था एक मंदिर में गई थी। जहां वह एक युवक से मिली। युवक ने दोनों की फोटो मोहल्ले के कुछ लोगों को शेयर कर दी थी। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया था। आशंका है कि पति ने अवैध संबंधों के शक में ही अफसाना की गला घोंटकर हत्या की। हत्यारोपित के पकड़े जाने के बाद पुलिस इस पूरी कहानी का पटाक्षेप कर देगी। नीलांचल कालोनी के फेज पांच में स्थित शिवाजी कालोनी में सौरभ राज अपनी पत्नी अफसाना उर्फ आस्था व दो बेटियों के साथ रहता था। वह मूलरूप से रुद्रपुर के सुभाषनगर का रहने वाला है। आठ अप्रैल को सौरभ ने अफसाना की गला घोंटकर हत्या की। नौ अप्रैल की सुबह चार बजे घर से बच्चों को लेकर भाग गया था। 10 अप्रैल को घटना का पता चला। हत्यारोपित अभी तक फरार है। इधर, पुलिस जांच में अफसाना के एक युवक से संबंध होने की बात सामने आ रही है। रविवार को पुलिस ने इस मामले में अफसाना के मकान मालिक गंगाराम मौर्या के बयान दर्ज किए।

## मसूरी में बोले जेपी नड्डा- 10 साल पहले राजनीति उदासीनता से भरी थी लेकिन अब पीएम ने इसकी परिभाषा बदल दी

**मसूरी, एजेंसी।**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उत्तराखंड के मसूरी जिले में सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, ÷10 साल पहले राजनीति उदासीनता से भरी हुई थी, सामान्य मानव कहता था कि राजनीति से कुछ नहीं बदलेगा। यहां कुछ बदलने वाला नहीं है। हम भगवान भरोसे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा, राजनीति की संस्कृति, राजनीति का तौर-तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है।



रैली को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, ÷कल भाजपा का जो संकल्प पत्र जारी हुआ है, उसमें हर किसी के उदय की बात की गई है। साथ ही साथ विकसित भारत का संकल्प उसमें है। संकल्प पत्र में देश में ष्टष्ट लागू करने का वादा भी किया गया है। मुझे ये बताकर खुशी हो रही है कि जो गंगोत्री उत्तराखंड से निकली है, वो पूरे भारत में जाने वाली है। बता दें कि पुष्कर सिंह धामी ने सेंट जॉर्ज कॉलेज हेलीपैड पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत किया था।

## ट्रेन की चपेट में आने से मादा गुलदार की मौत

### लोको पायलट के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
हरिद्वार से देहरादून की ओर जा रही नंदा देवी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मादा गुलदार की मौत हो गई। सूचना पर वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और रेलवे ट्रैक पर पड़े गुलदार के शव को मोतीचूर रेंज कार्यालय लाया गया।

हरिद्वार-देहरादून रेलमार्ग पर रायवाला और मोतीचूर के बीच रेलवे ट्रैक पर एक मादा गुलदार ट्रेन की चपेट में आ गई। इस हादसे में मादा गुलदार की मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

शनिवार को मोतीचूर रेंज के डांडा पूर्वी बीट में मोतीचूर-रायवाला के बीच हरिद्वार से देहरादून की ओर जा रही नंदा देवी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से चार वर्षीय मादा गुलदार की मौत हो गई। सूचना पर वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और रेलवे ट्रैक पर पड़े गुलदार के शव को मोतीचूर रेंज कार्यालय लाया गया।

राजाजी टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. राकेश नौटियाल और ऋषिकेश पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार वर्मा ने गुलदार के शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद डब्ल्यूडब्ल्यूएफ वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन सलाहकार विक्रम सिंह तोमर और वन्यजीव प्रतिपालक हरीश नेगी की निगरानी में गुलदार के शव को जलाया गया। मोतीचूर रेंज अधिकारी महेश सेमवाल ने बताया कि ट्रेन के लोको पायलट के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पर्यटन विभाग के पोर्टल पर चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड सरकार ने बीते रविवार यानि 14 अप्रैल से पर्यटन विभाग के पोर्टल पर चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। साथ ही तीर्थयात्री चार धामों के साथ-साथ हेमकुंड साहिब के लिए भी पंजीकरण कर सकते हैं।

बता दें कि श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अनुसार, इस वर्ष चारधाम यात्रा के लिए श्री केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई, श्री बद्रीनाथ धाम के 12 मई, श्री गंगोत्री धाम एवं श्री यमुनोत्री धाम के कपाट 10 मई को खुलेंगे।

# हरिद्वार के इस मंदिर में पुजारी व कर्मचारियों से भिड़े श्रद्धालु

### खूब चले लाठी-डंडे

**हरिद्वार, एजेंसी।**
सिद्धपीठ दक्षिण काली मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं और पार्किंग कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि श्रद्धालुओं ने पहले पार्किंग कर्मचारी से मारपीट की। फिर बीच बचाव कराने आए पुजारियों से हाथापाई की। जिसके बाद पुजारी और कर्मचारियों ने मिलकर आरोपितों को खदेड़ा। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। वहीं, दक्षिण पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने पूरे प्रकरण के पीछे किसी षडयंत्र का अंदेशा जताया है।

पुलिस के मुताबिक, सिद्धपीठ दक्षिण काली मंदिर में रविवार को सहारनपुर के कुछ श्रद्धालु आए थे। मंदिर परिसर में गाड़ी ले जाने पर कर्मचारियों ने उनसे पर्ची कटवाने को कहा। इस बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि श्रद्धालुओं ने कर्मचारियों को पीट दिया।

शोर शराबा सुनकर मंदिर के पुजारी भी आ गए और उन्होंने समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि श्रद्धालुओं ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए हाथापाई कर दी। इसके बाद पुजारी और कर्मचारियों ने मिलकर आरोपियों को दौड़ाया। सूचना पर चंडी घाट चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और विवाद शांत कराया। वहीं, इस मामले में दक्षिण पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि का कहना है कि श्रद्धालु बनकर कुछ लोग आए थे, जो सहारनपुर के बताए जा रहे हैं। उन्होंने पुजारी व कर्माचारियों से मारपीट की है।



# दो मंदिरों को तोड़ने का प्रयास कर भड़काया उन्माद, आप को घेर भाजपा ने पूछा - नवरात्र में ही ऐसा क्यों

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में दो मंदिरों को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वीरेंद्र सचदेवा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके लिए आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए यह भी कहा कि दिल्ली सरकार एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए काम करती है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, पूरे देश में इस वक्त नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है। मां भगवती की पूजा के इस उत्सव की अहमियत दिल्ली में खास होती है। प्रशासन हो या कोई भी व्यक्ति हो वो विशेष रूप से इन धार्मिक समारोह में सौहार्द बना रहे इसकी उम्मीद करता है। लेकिन दुर्भाग्य से दिल्ली में एक ऐसी सरकार है जो एक वर्ग को खुश करने की नीति पर काम करती है।

लोक निर्माण विभाग दिल्ली सरकार के अधीन आता है। उसकी मंत्री आतिशी ने पश्चिमी दिल्ली की दो मंदिरों को तोड़वाने का प्रयास किया। नवरात्र चल रहा है, लोगों ने उपवास रखा है। लोग रोज पूजा कर रहे हैं। जानबूझ कर नवरात्र के दिन में विशेष रूप से मंदिरों को टारगेट करना यह आम आदमी पार्टी और उनके गठबंधन के दलों की सोच को बताती है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पश्चिमी दिल्ली से बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत भी मौजूद थीं।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ह्य9 फरवरी 2024 को दिल्ली सरकार के कैबिनेट की बैठक हुई थी। इसमें इन दोनों के अलावा आईएसबीटी से लेकर मजनू का टीला तक जो स्थल अतिक्रमण की श्रेणी में आते हैं उनको हटाने की बातचीत हुई। लेकिन आतिशी ने खास तौर से घनी आबादी के अंदर ख्याला रोड पर और तिलक नगर के गणेश नगर में बने दो मंदिरों को चुना। इसके बाद आदेश दिया गया कि इन मंदिरों को आज ही हटाना है।

वीरेंद्र सचदेवा ने आगे कहा, ह्यमैं पूछना चाहता हूं कि 35 साल पहले यह मंदिर बना था। अगर आपको हटाना भी है तो ऐसी क्या मजबूरी है कि उन्हें नवरात्र में ही हटाया जाए। एक धार्मिक उन्माद भड़काने की कोशिश की गई। आज सुबह जैसे ही जनता को पता चला तो काफी संख्या में लोग वहां जमा हो गए। उप राज्यपाल ने बिगड़ती हुई स्थिति को किसी तरह काबू किया। लेकिन आम आदमी पार्टी जो अपनी हार से अभी से ही बौखला रही है वो अब इन छोटी हरकतों पर उतर आई है कि सीधे-सीधे सनातन पर प्रहार कर रही है।

# दिल्ली आबकारी नीति घोटाला : बीआरएस नेता के कविता ने दिल्ली की अदालत से जमानत मांगी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर की।

कविता की याचिका पर आज बाद में सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा सुनवाई कर सकती हैं। इससे पहले विशेष न्यायाधीश ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इससे पहले उन्हें गिरफ्तार किया था जिसके बाद से वह तिहाड़ जेल में बंद थीं।

कविता की तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोपी को अदालत में पेश किया और न्यायिक हिरासत में भेजने की अपील की थी। सीबीआई ने अदालत को बताया कि कविता को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत नहीं है।

कविता के साथ-साथ दीपक नागर का पक्ष रख रहे वकील नितेश राणा ने पुलिस की अर्जी का विरोध किया और कहा कि कविता को हिरासत में रखने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है क्योंकि अब उन्हें हिरासत में रखकर पूछताछ की आवश्यकता नहीं है।

सीबीआई अधिकारियों ने हाल ही में एक विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद कविता से जेल के अंदर पूछताछ की थी। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था और वह न्यायिक हिरासत में हैं।

# खराब मौसम के चलते विमान में अटकी रही यात्रियों की सांसे

नई दिल्ली। राजधानी में शनिवार को खराब मौसम के चलते विमान में डीसीपी समेत कई यात्रियों की सांसे अटक गईं। दरअसल, पायलट ने सूचना दी थी कि विमान में 45 मिनट का ईंधन बचा हुआ है, लेकिन 75 मिनट बाद उन्हें चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उतारा गया। डीसीपी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसे खौफनाक अनुभव बताते हुए साझा किया है। उन्होंने डीजीसीए से इसकी जांच कराने की मांग की है। डीसीपी सतीश कुमार दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में कार्यरत हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 13 अप्रैल को वह इंडिगो के विमान में सवार होकर अयोध्या से दिल्ली आ रहे थे। विमान ने 3:25 बजे अयोध्या से उड़ान भरी और उसे 4:30 बजे नई दिल्ली उतरना था। शाम 4:15 बजे पायलट ने यात्रियों को सूचित किया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर मौसम खराब है और विमान में 45 मिनट का अतिरिक्त ईंधन है। यह सूचना मिलने के बाद यात्री काफी घबरा गए थे। खराब मौसम के कारण सफलता नहीं मिल पाई। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को चंडीगढ़ हवाईअड्डे की तरफ मोड़ने की घोषणा की। विमान 115 मिनट बाद शाम 6:25 बजे चंडीगढ़ में उतरने में कामयाब रहा। उन्होंने इसे खौफनाक अनुभव बताया।

## कानून का सम्मान करते हुए केजरीवाल अब तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दो : गोयल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के केजरीवाल पर दिए गए फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि केजरीवाल को राहत के लिए अभी और कुछ समय इंतजार करना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी करते हुए 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। देश की सबसे बड़ी अदालत में केजरीवाल की याचिका पर अब महीने के अंत में बहस होनी निश्चित हुई है। श्री गोयल ने बताया कि केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट से जल्द तारीख चाहते थे, पर सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत राहत देने से इनकार कर दिया है। कथित शराब घोटाले में जेल में बंद केजरीवाल को अभी और ज्यादा समय जेल में ही गुजारना होगा। श्री गोयल ने बताया कि पहले ईडी फिर हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट, कानून के दायरे में ही इनको जेल में रखने की कानूनी प्रतिक्रिया को ही पूर्ण कर रहे हैं। ये वो ही केजरीवाल है, जो भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए राजनीति में आए थे और सभी को कानून का पाठ पढ़ाने व सिखाने के लिए लंबे-लंबे भाषण दिया करते थे, सभी भ्रष्ट राजनेताओं को, सबूतों के आधार पर ही जेल में अंदर भेजने की बातें किया करते थे और अब स्वयं ही जब उनको सबूतों के ही मद्देनजर जेल में भेजा जा रहा है तो वो कभी भाजपा पर, कभी ईडी पर, कभी न्यायालयों पर ही एक दूसरों के साथ मिलिभगत होने के दोष लगा रहे हैं। कोर्ट ने केजरीवाल को न्यायालयों पर दोष लगाने के बयानों को भी बड़ी सख्ती से लिया है और उन्हें स्पष्ट समझाया है कि न्यायालयों का कार्य चलन कानून के माध्यम से चलता है न कि व्यर्थ की बातें करने से जिनका कोई सिर पैर ही न हो। श्री गोयल ने केजरीवाल को तुरंत मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने की बात को बार-बार दोहराया है कि भ्रष्ट केजरीवाल अब तो ईडी, हाईकोर्ट व सुप्रीमकोर्ट के आपको जेल में रहने के फेसले को मानते हुए तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए ताकि आपकी छवि अब तो कम से कम एक न्यायप्रिय भारतीय नागरिक की बन सके।

# एल.जी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लॉन्च किया बिजली मैनेज करने वाला ए.सी




नई दिल्ली, LG इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वर्ष की पहली तिमाही में जबरदस्त सेल्स दर्ज की है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के बीच कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप फीचर रेंज को पेश कर दिया है। कंपनी की इस नई रेंज में एनर्जी मैनेजर और आर्टकूल एयर कंडीशनर शामिल हैं। कंपनी ने 2024 में रिकॉर्ड समय के भीतर 10 लाख एसी का ऑर्डर प्राप्त किया LG ग्राहकों के लिए ऐसे उत्पाद लाई है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक उत्पाद चुनने के लिए प्रेरित करते हैं। एलजी ने ब्लैक मिरर फिनिश के साथ नई ऐसी सीरीज आर्टकूल को पेश किया है। जिसकी पर्फोर्मेंस और स्टाइल काफी प्रभावित करती है यह सीरीज निश्चित रूप से उन ग्राहकों को आकर्षित करेगी जो पर्फोर्मेंस से समझौता किए बिना खूबसूरती को प्राथमिकता देते हैं। होंग जू जियोन- एमडी, एल.जी इंडिया ने कहा, 2024 में हमारा पूरा ध्यान सभी प्रोडक्ट कैटेगरी में अपनी मार्केट लीडरशिप की स्थिति को और मजबूत बनाने पर है। एलजी एयर कंडीशनर्स को अच्छी तरह से करते हुए, यंगमिन ह्वांग, डायरेक्टर, होम अप्लायंसेस एवं एयर कंडीशनर-एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने कहा, ग्राहकों की डिमांड पर आधारित अपने नए प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ हम भारतीय बाजार में अपनी लीडरशिप पोजीशन को और मजबूत करने जा रहे हैं।

# टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग दिल्ली वालों के प्रति कितने जिम्मेदार होंगे- मनोज तिवारी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली की उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट को लेकर मुकाबला अब रोचक होता नजर आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस सीट से कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मनोज तिवारी को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कांग्रेस द्वारा कन्हैया कुमार को इस सीट से टिकट दिए जाने पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग, दिल्ली और दिल्ली वालों के प्रति कितने जिम्मेदार होंगे? मनोज तिवारी ने कहा कि इस चुनाव में जो लोग 40 दिनों के भ्रमण पर आए हैं, वह लोग आएंगे तो हमारे क्षेत्र में 14,600 करोड़ का जो कार्य हुआ है, उसे देखेंगे। वैसे टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग दिल्ली वालों के प्रति कितने जिम्मेदार हो सकते हैं, जो देश या सेना का सम्मान नहीं कर सकते हैं?

उन्होंने आगे कहा कि फिर भी आएंगे तो देखेंगे। कैसे पहली बार क्षेत्र में मेट्रो लाई जाती है, कैसे पहली बार सेंट्रल स्कूल लाया जाता है, पहली बार रेलवे स्टेशन लाया जाता है, कैसे पहली बार पासपोर्ट ऑफिस बना दिया जाता है, कैसे नदी पर सिग्नेचर ब्रिज बनाकर तैयार किया जाता है, ये सब कुछ तो देखेंगे ही और हमें पूरा विश्वास है, कांग्रेस जिसने हमेशा इस नार्थ ईस्ट क्षेत्र को इग्नोर किया, उसको जरूर दिख जाएगा कि 14,600 करोड़ का काम कोई सांसद कैसे कर देता है। अगर भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी की बात करें तो उन्होंने दिल्ली की उत्तर पूर्वी सीट से 2014 और 2019 में लगातार दो बार चुनाव में जीत हासिल की है।

# पैसिफिक मॉल के पास के पकड़ा गया बाइक चोर



तिलक नगर थाना की पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जो अपने साथी के साथ मिलकर सिर्फ मोटरसाइकिल ही चोरी करता था। इसके पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जो तिलक नगर, पंजाबी बाग और सराय रोहिल्ला थाना इलाके से चुराई गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शादाब आलम उर्फ सद्दाम के रूप में हुई है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनीत कुमार, हेड कांस्टेबल शमशेर सिंह की टीम पेट्रोलिंग के दौरान पैसिफिक मॉल के बैक साइड में से इस ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया। जब पुलिस की नजर मोटरसाइकिल सवार दो शख्स पर पड़ी। जो चौखंडी की तरफ संदिग्ध हालत में जा रहे थे। पुलिस को देखते एक भाग गया, दूसरे को ट्रैप किया गया। बाइक की जब जांच की गई तो वह तिलक नगर से चोरी की निकली। आरोपी की पहचान की गई और फिर उसकी निशानदेही पर चार और मोटरसाइकिल अलग-अलग जगह से बरामद की गई। इसके फरार साथी की अब पुलिस तलाश कर रही है।

# अबु पार्क से पकड़ा गया मोबाइल, स्कूटी और बाईक चोर



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

पटेल नगर थाना की पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टर/मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। उसके एक नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया गया है। उनके पास से तीन चोरी की स्कूटी, मोटरसाइकिल के अलावा दो मोबाइल भी बरामद किया गया है। इनके पकड़े जाने से कई मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमन खान के रूप में हुई है। यह नबी करीम का रहने वाला है। जो मोबाइल और टू व्हीलर बरामद किए गए हैं वह पहाड़गंज, भजनपुरा, कोतवाली, पटेल नगर और सराय रोहिल्ला थाना इलाकों से चुराए गए थे। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया की इनके बारे में पुलिस को एक इनफार्मेशन मिली थी। वेस्ट पटेल नगर के अबु पार्क इलाके में यह दोनों किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। उस सूचना पर इंस्पेक्टर कुलदीप शर्मा की टीम पहुंची और वहां पर इन दोनों को पकड़ा। पूछताछ में एक नाबालिक निकाला, जबकि दूसरे की पहचान अमन खान के रूप में की गई। उसके बाद चोरी की दो मोटरसाइकिल और स्कूटी भी अबु पार्क से पुलिस ने बरामद किया और दो मोबाइल भी मिला।

# ईडी को ताहिर हुसैन की याचिका को सुनवाई योग्य न मानने के दावे के समर्थन में दलीलें रखने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से अपने इस तर्क के समर्थन में लिखित दलील देने को कहा कि 2020 के दिल्ली दंगों के संबंध में आप नेता ताहिर हुसैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। ईडी के वकील ने पूर्व आप पार्षद की याचिका की विचारणीयता पर सवाल उठाने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने यह आदेश दिया। दरअसल, हाईकोर्ट ने मामले को पिछले साल सितंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था और ताहिर हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी थी। साथ ही हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख तक ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड भी मांगा। ताहिर हुसैन का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी द्वारा किया गया। इस दौरान ईसीआईआर (ईडी के एफआईआर के संस्करण) को रद्द करने की मांग की गई, जो मार्च 2020 में पीएमएलए एक्ट की धारा 3 (मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध) और धारा 4 (मनी लॉन्ड्रिंग पर अपराध के लिए सजा) के तहत दर्ज की गई थी। वहीं, ईडी के वकील ने दावा किया कि इसी तरह की याचिका पहले आरोपी ने दायर की थी जिसे उच्च न्यायालय पहले ही खारिज कर चुका है। हालांकि, हुसैन के वकील ने इस दलील का विरोध किया और कहा कि पिछली याचिका आरोप तय करने के आदेश के खिलाफ एक पुनरीक्षण याचिका थी। जबकि, वर्तमान याचिका ईडी की शिकायत को रद्द करने के निर्देश देने की मांग के लिए है। बता दें, 24 नवंबर, 2022 को हाईकोर्ट ने मामले में उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप तय करने को चुनौती देने वाली हुसैन की याचिका खारिज कर दी थी। माना गया था कि ट्रायल कोर्ट के आदेश में कोई खामी नहीं थी, जिसमें कहा गया था कि हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया पीएमएलए के तहत मामला बनता है। वहीं हुसैन की पिछली याचिका में ट्रायल कोर्ट के 3 नवंबर, 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसके खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 और 4 के तहत अपराध के लिए आरोप तय किए गए थे। गौरतलब है कि पुलिस ने दिल्ली दंगों के सिलसिले में हुसैन व अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत तीन एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर के आधार पर पूछताछ शुरू की गई, जिसके बाद ईडी ने 9 मार्च 2020 को उसके खिलाफ ईसीआईआर दर्ज की थी।


**उत्तर रेलवे**

**E-TENDER NOTICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरि. मं. वि. इंजी./ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | GEM/2024/B/4856986 Dated : 13.04.2024 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में 24 x 7 (चौबीस घंटे), 3000 किलोमीटर प्रति माह ब्रेकडाउन और पटरी से उतरने की समस्या से निपटने के लिए 01 नं. सड़क वाहन की नियुक्ति 03 वर्ष की अवधि के लिए। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 26,21,565.00 inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशी | Rs. 52,500.00 (payment mode available on GeM website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 3 Year(s) |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (only on GeM website) | 13.04.2024 |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (only on GeM website) | 13.04.2024 to 06.05.2024 11:00 Hrs. |
| 10 | निविदा समापन कि तिथि एवं समय | 06.05.2024 11:00 Hrs. |
| 11 | निविदा खुलने कि तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 06.05.2024 11:30 Hrs. |
| 12 | निविदा छपाई कि लागत (allocation) | 06041132 |

**Note 1:** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note 2 :** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded.

निविदा सुचना website **www.gem.gov.in** पर उपलब्ध है। **GEM/2024/B/4856986**

**Dated : 13.04.2024** **1116/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# एलईडी एक्सपो 2024 मुंबई में शानदार नए प्रोडक्ट लॉन्च और नवाचारों से लगा देगा इस साल कि प्रदर्शनी में चार चांद

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



लाइटिंग इंडस्ट्री में नवाचारों की नब्ज पकड़ने के लिए जल्द आने वाला है एलइडी एक्सपो का 27वां संस्करण जो 9 से 11 मई तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बांद्रा, मुंबई में आयोजित होने वाला है। पूरी तरह से बिक चुकी इस एक्सपो की प्रदर्शन स्थली में 185 से ज्यादा कंपनियां भाग लेंगी और इसमें 49 नई कंपनियां भी शामिल होंगी। एलइडी एक्सपो में कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट भी लॉन्च करेंगी, जो लाइटिंग और एलईडी इंडस्ट्री को अपने नए आयाम तक लेकर जाएंगी।

कभी ना सोने वाले शहर मुंबई में होने वाला यह शानदार एलईडी एक्सपोर्ट 2024, एक ऐसा ट्रेड फेयर है जहां न सिर्फ नए प्रोडक्ट लॉन्च होंगे बल्कि लाइटिंग इंडस्ट्री के पेशेवर और दिग्गज अपना ज्ञान साझा कर सकेंगे और अपने नेटवर्क को बढ़ा सकेंगे। इस 3 दिवसीय प्रदर्शनी में उद्योग कि अग्रणी कंपनियां जैसे अरिहंत लाइटिंग सॉल्यूशंस, अएस्मोन इंडस्ट्रीज, बैग इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी, ग्रीन सर्फर, हंस एंटरप्राइजेज, नेप्च्यून लाइट्स, ऑप्टिक्स मेकाट्रॉनिक्स, प्राइड लाइटिंग, पावर प्लाजो, सैनी सेमीकंडक्टर, टेक्ट्रोनिक्स, यूनिग्लोबस इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, वीआर काबेल, जाइलोस एमवी टेक्नोलॉजी द्वारा अपने आधुनिक उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय ब्रांड जैसे कि डीमैक इटली, रेरन इंटरनेशनल, फेरिक्स एंड एटॉन मशीन्स भी इस प्रदर्शनी को एक वैश्विक स्तर पर ले जाएंगे।

एलईडी अपने ऊर्जा-संरक्षण के लिए जाना जाता है और भारत ही नहीं दुनियाभर में इसका व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। हाल ही में अधोसंरचना और रियल एस्टेट के क्षेत्र में तेजी से होते विकास और खास तौर पर भारत में ग्राहकों की बदलती मांग, उनकी इच्छा अनुसार डिजाईन, सुरुचिपूर्ण बनावट, कम-कीमत और टिकाऊ समाधानों के चलते इस उद्योग का भविष्य बेहद उज्जवल है।

इस एक्सपो के बारे में अपनी राय देते हुए और एलईडी इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के बारे में बात करते हुए माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि, उज्वल स्कीम और एलइडी स्ट्रीट लाइटिंग नेशनल प्रोग्राम (एसएलएनपी) ने देशभर में ऊर्जा संरक्षण के लिए उपयुक्त लाइटिंग घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में हमारी मदद की है, जिससे बड़ी मात्रा में लागत बच पाई है, ऊर्जा की खपत कम हुई है, और पर्यावरण को भी लाभ हुआ है। एलइडी एक्सपो 2024 के लिए अपनी बधाइयां देते हुए उन्होंने आगे कहा कि, मेसे फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर इंडिया द्वारा भारत में ही बने एलईडी और उसके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे अथक प्रयास, और लोगों में जागरूकता लाने और उर्जा संरक्षण का संदेश पहुंचाने के लिए की जा रही नए पहल काबिले तारीफ है। मुझे उम्मीद है कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से सभी प्रकार के हितग्राहियों को एक साथ आने, अपने विचारों को सबके सामने रखने, अपना काम दिखाने और एलईडी इंडस्ट्री को और आगे बढ़ाने में बड़ी मदद होगी।

उद्योगों द्वारा किए जा रहे नवाचार न सिर्फ नए दरवाजे खोल रहे हैं, बल्कि ग्राहकों को और अधिक विकल्प देने का काम भी कर रहे हैं, जिससे व्यवसाय भी आगे बढ़ सके और ऊर्जा संरक्षण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मैन्युफैक्चरिंग हो सके।

3 दिन की प्रदर्शनी में कई प्रकार के नए प्रोडक्ट लॉन्च किए जाएंगे जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं :

- नीव लाइट्स ला रहा है अपना नया आउटडोर एलइडी लाइट जिसमें वॉल वॉशर लाइट भी है जो वाटरप्रूफ रहेंगे।
- नेप्चून लाइट्स इंडिया ला रहा है नई आर्किटेक्चर और इंटीरियर लाइटिंग की श्रृंखला जिसका नाम होगा नेप्चून सिग्नेचर।
- जे एन लाइटिंग अपने ब्रांड टिंज के तहत नए इनडोर और आउटडोर लाइटिंग उत्पाद लॉन्च करेगी
- इसके साथ ही ऑप्टिक्स मेकाट्रॉनिक्स ला रहा है आरजीबीडब्लू मोनो फ्लेक्सिबल वाल वॉशर लाइट, जिसमें ग्लास को हटा दिया गया है, और प्राइमरी ऑप्टिक्स के रूप में इस्तेमाल हुए हैं आईपी लेंस, जो की क्क10 का इंपैक्ट रेजिस्टेंस सहन कर सकते हैं। इस प्रोडक्ट की ऊर्जा-दक्षता साधारण उत्पादों से 12% अधिक है। इससे जटिल ज्यामिति और आकारों को भी प्रज्वलित किया जा सकता है।
- ग्रीन सर्फर अपने सोलर लाइट्स, एलइडी लाइट्स और बिजली बचाने वाले घर कि लाइट भी लॉन्च करेगा जो सस्टेनेबिलिटी में अपना योगदान दे।
- टेक्ट्रोनिक्स लाने वाला है पीसी वॉल लाइट बेहतरीन क्वालिटी और नई तकनीक के साथ।

# एक करोड़ की रंगदारी मांगने वालों के साथ क्राइम ब्रांच की मुठभेड़

- द्वारका जिला में रियल इस्टेट बिजनेसमैन के ऑफिस पर चलाई थी गोली

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



द्वारका जिला में एक गैंग के शूटरों के द्वारा रियल इस्टेट का बिजनेस करने वाले के खैरा रोड स्थित ऑफिस पर गोली चलाकर सनसनी फैलाने वाले को क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। कल गोली चलाकर एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। उस वारदात से एक बार फिर आसपास के लोग और प्रॉपर्टी का बिजनेस करने वाले सकते में आ गए थे। बताया जा रहा था, की लारेंस विश्नोई गैंग के मेंबर ने फायरिंग करवाई थी रंगदारी के लिए। गोली चलाने के बाद पर्ची फेंककर एक करोड़ रंगदारी की रकम मांगी गई थी।

यह मामला द्वारका जिला के जाफरपुर, कला थाना के मेन खैरा रोड पर कल दोपहर हुआ था। अज्ञात दो

बदमाश ने ऑफिस पर कई राउंड गोलियां चला दी थी। कॉल मिलने के बाद तुरंत मौके पर स्थानीय पुलिस और आपरेशन सेल की टीम को भी भेजा गया था। सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस से जांच की जा रही थी। इस बीच मामले की जांच में जुटी क्राइम ब्रांच की न्यू दिल्ली रेंज की टीम को एक इनफॉरमेशन मिल गई और इस इनफार्मेशन के आधार पर पुलिस ने ट्रैप लगाकर दोनों बदमाश को सरेंडर करने को कहा। लेकिन उन्होंने भागने के लिए पुलिस पर अचानक के दो राउंड गोलियां चला दी। सेल्फ डिफेंस में पुलिस ने भी गोलियां चलाई और दोनों को दबोच लिया। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर रामपाल, एसआई अमित, हेमंत, मुकेश टीम ने इन दोनों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। ये नरेश शेट्टी/अजय जैलदार गैंग के शूटर हैं। गौरव रोहतक का और लक्ष्य पटौदी का रहने वाला है। यह कल बाइक पर पवन प्रॉपर्टी के नजफगढ़ स्थित ऑफिस पर पहुंचे और ऑफिस के गेट पर गोली चलाई थी। पूछताछ में पता चला कि गौरव एक्साइज के मामले में जेल गया था। वहीं उसकी मुलाकात नरेश शेट्टी गैंग के मेंबर से हुई। बेल पर बाहर आने के बाद उसे अजय जैलदार से सोशल मीडिया के जरिए ऑर्डर मिलता था और उसके हिसाब से फिर उसके डायरेक्शन पर वह काम करता था। बाद में उसकी मुलाकात लक्ष्य से हुई। उनके पास एक पिस्तौल दो कारतूस मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में दिल्ली स्टेशन पर सर्विस बिल्डिंग स्टेशन भवन की मरम्मत के लिए 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.95,92,965.21/– (मात्र पंचानवे लाख बानवे हजार नौ सौ पैंसठ रुपये इक्कीस पैसे) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.1,91,900/– (एक लाख इक्यानवे हजार नौ सौ रुपये) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.05.2024 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–400–32 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS)** साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
- **निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/15–2024–25/डब्यू–3 दिनांक : 12.04.2024**

**1122/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/नई दिल्ली के अनुभाग में 2024–25 के लिए ट्रैक का वार्षिक संचालन और रखरखाव। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 1,19,93,565.83/- (एक करोड़ उन्नीस लाख तिरानवे हजार पांच सौ पैंसठ रूपये तिरासी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,10,000/- (दो लाख दस हजार रुपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.05.2024 को 15:00 तक। |
| 5 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 6 | आवंटन | 04–400–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/17/2024–25/W-3 दिनांक : 12.04.2024** **1121/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस, सुप्रीम कोर्ट 29 को करेगा अगली सुनवाई

- श्री केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।





**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की इस मामले की अगली सुनवाई शीघ्र करने की गुहार साफ तौर पर ठुकरा दी। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी और उससे पहले 24 अप्रैल तक ईडी को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

श्री केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने 10 अप्रैल को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता श्री सिंघवी ने तब श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया था और उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित मामले पर शीघ्र सुनवाई करने पर विचार करने का उन्हें आश्वासन दिया था।

ज्ञातव्य है कि उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने नौ अप्रैल को ईडी की ओर से मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उस केंद्रीय जांच जांच एजेंसी को हिरासत में देने के एक विशेष अदालत के फैसले को उचित ठहराते हुए उनकी याचिका (मुख्यमंत्री केजरीवाल की) खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और उनकी हिरासत मामले में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कहा था कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त अबकारी नीति को तैयार करने की साजिश शामिल थे। उन्होंने (आरोपी) उस अपराध से प्राप्त आय का इस्तेमाल किया। एकल पीठ ने यह भी कहा था कि वह (केजरीवाल) व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

श्री केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए केंद्रीय एजेंसी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि यह (उनकी गिरफ्तारी) लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का ह्यउल्लंघनह्ण करता है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाना चाहिए। ईडी ने श्री केजरीवाल पर दिल्ली अबकारी नीति के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने और पूरे मामले में मुख्य भूमिका निभाने वाला ह्यसाजिशकर्ताह्ण होने का आरोप लगाया है।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 22 को अबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 22 को धनशोधन का एक मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया, राज्य सभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए ह्यसाजिशह्ण रची थी। इस मामले में ह्यआपह्ण सांसद श्री सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को राहत दी। शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत की अनुमति के साथ ही संबंधित विशेष अदालत को जमानत की शर्तें तय करने का भी निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के इस आदेश के मद्देनजर राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने तीन अप्रैल को उन्हें सशर्त तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश पारित किया और उसी दिन रात में उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया था।

# बांटो और राज करो कांग्रेस की नीतिः प्रमोद सावंत

- गोवा के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर साधा सियासी निशाना



नई दिल्ली/ नागपुर। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को कहा की बांटो और राज करो कांग्रेस की नीति है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के चुनाव क्षेत्र नागपुर में उनके साथ एक चुनावी रोड शो के दौरान सावंत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा। सावंत लगातार गोवा के अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में भी चुनावी कार्यक्रमों सक्रिय हैं। गोवा के मुख्यमंत्री जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही राजग के सहयोगी दलों की दायरा बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

सावंत के नेतृत्व में गोवा ने विकास की जो इबारत लिखी है, उसकी चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। शायद यही वजह है कि पार्टी ने चुनावी रणनीति के लिहाज से दक्षिण भारत के अहम राज्यों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं। प्रमोद सावंत पार्टी की उम्मीदों पर काफी हद तक खरे भी उतरे हैं। दक्षिण भारत का द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक में सावंत की वजह से ही जेडीएस, राजग के साथ आयी। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की अध्यक्षता वाली जेडी (एस) पिछले साल सितंबर में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हुई थी। जेडीएस के राजग में शामिल होने में प्रमोद सावंत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कर्नाटक में भाजपा 25 जबकि जेडीएस लोकसभा की 3 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

तेलंगाना में भाजपा की विजय पताका फहराने के लिए प्रमोद सावंत जी जान से जुटे हैं। गत वर्ष 2023 से ही प्रमोद सावंत ने राज्य में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी। फरवरी महीने में तेलंगाना में विजय संकल्प यात्रा के बहाने प्रमोद सावंत ने सभी लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रमोद सावंत प्रचार के साथ चुनावी रणनीति बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

तेलंगाना में लोकसभा की कुल 17 सीटें हैं। जिसमें से चार पर भाजपा, नौ पर बीआरएस और तीन पर कांग्रेस का कब्जा है। गत चुनावों में एक सीट पर एआईएमआईएम को जीत मिली। इस बार 400 पार का नारा लेकर चुनावी मैदान में कूदी भाजपा का लक्ष्य यहां 10 से अधिक सीटें जीतना है।

बीजेपी, केरल में कांग्रेस और वामपंथ का दुर्ग भेदने में जुटी है। निःसंदेह यहां चुनाव की कमान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल रखी है। मोदी अब तक 6 चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। हालांकि, मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सावंत बखूबी संभाल रहे हैं। मोदी की गारंटी का प्रचार वो जोर शोर से कर रहे हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात भी कर रहे हैं। इससे राज्य में पार्टी का जनाधार बढ़ा है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी ने केरल में एक महीने लंबी पदयात्रा निकाली। इसमें उमड़ी भीड़ यह बताने के लिए काफी थी कि सावंत अपने उद्देश्यों में धीरे धीरे सफल हो रहे हैं। 2019 में केरल में बीजेपी खाता भी नहीं खोल पायी थी। इस बार पार्टी को यहां से काफी उम्मीदें हैं।

## मेट्रो स्टेशन तक पीछा करके शराब की गाड़ी को पकड़ा

मोती नगर थाना की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए 1946 क्वार्टर शराब का बरामद किया है। शराब तस्करी में इस्तेमाल गाड़ी को भी जप्त किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान हेमंत कुमार के रूप में हुई है। यह उत्तर प्रदेश के कन्नौज का रहने वाला है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एसएचओ वरुण दलाल की टीम जखीरा फ्लाई ओवर के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान उनकी नजर एक सेंट्रो कार पर पड़ी, जो पंजाबी बाग की तरफ से जखीरा की तरफ जा रही थी। गाड़ी का ड्राइवर पुलिस को देखकर कुछ सकपका गया, इसी पर संदेह हुआ तो पुलिस ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की। उसने गाड़ी की स्पीड बढ़ा ली, फिर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और गाड़ी को सतगुरु राम मार्ग मेट्रो स्टेशन पर जाकर रोका। जब उसकी तलाशी ली गई तो 39 कार्टून उसके अंदर से मिले। जिसमें से 1946 क्वार्टर शराब बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मोती नगर थाने में मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# जेपी अग्रवाल, कन्हैया कुमार और उदित राज दिल्ली में कांग्रेस के उम्मीदवार

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**





कांग्रेस ने दिल्ली के अपने लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने इस बार जेएनयू स्टूडेंट यूनियन के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को दिल्ली से मैदान में उतारा है। कन्हैया उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से जयप्रकाश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। उदित राज को उत्तर-पश्चिम दिल्ली से कांग्रेस का टिकट दिया गया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों का समझौता है। यहां कुल सात लोकसभा सीटें हैं। इनमें से चार पर आम आदमी पार्टी और तीन पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के हिस्से में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिम दिल्ली संसदीय क्षेत्र की सीटें आई है। उत्तर पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाए गए कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार पर जेएनयू की एक छात्र रैली में राष्ट्रीविरोधी नारे लगाने के आरोप में देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। उन्हेंर दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। हालांकि राष्ट्र-विरोधी नारों के मामले में पुलिस कुमार के खिलाफ कोई सबूत प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिसके चलते उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी अपने हिस्से की चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। वहीं भाजपा ने सभी सातों सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी से होगा। मनोज तिवारी पिछले दो बार से यहां सांसद। वहीं जयप्रकाश अग्रवाल का मुकाबला चांदनी चौक में भाजपा उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल से होगा। यह सीट भी पिछले दो चुनाव से भाजपा लगातार जीती आ रही है।

हालांकि चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से जयप्रकाश अग्रवाल कई बार सांसद रह चुके हैं। उत्तर पश्चिम संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के उदित राज की टक्कर भाजपा के उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया से हैं। दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर छठे चरण में चुनाव होने हैं। छठे चरण का मतदान 25 मई को होगा। दिल्ली में चांदनी चौक, नई दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली,उत्तर पश्चिमी दिल्ली दक्षिणी दिल्ली व पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीटें हैं।

# जेल में केजरीवाल से मिले भगवंत मान



**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और आरोप लगाया कि आप प्रमुख को वह सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं जो कट्टर अपराधियों को उपलब्ध होती हैं। मान ने कहा कि वह केजरीवाल से आधे घंटे के लिए मिले लेकिन उनके बीच एक कांच की दीवार थी, और दोनों नेताओं के बीच फोन कॉल के जरिये बातचीत हुयी।

मान ने कहा, मैं उन्हें देखकर भावुक हो गया। उनके साथ एक कट्टर अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी गलती क्या है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए?

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए कहा है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने पर आम आदमी पार्टी एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरेगी।

मान के साथ मुलाकात के दौरान मौजूद आप सांसद संदीप पाठक ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली के लोगों की चिंता है और वह लगातार पूछ रहे हैं कि उन्हें सब्सिडी मिल रही है या नहीं। पाठक ने कहा, जेल के अंदर रहते हुए भी उन्हें दिल्ली के लोगों की चिंता है। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते से वह मुद्दों पर चर्चा के लिए दो मंत्रियों को बुलाएंगे। उन्होंने पार्टी विधायकों से भी लोगों के बीच जाने को कहा है।

तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच मुलाकात मुलाकात जंगले के माध्यम से हुयी और उनके बीच कांच की एक दीवार लगी थी। यह देखते हुए कि मान को जेड प्लस सुरक्षा मिली है, तिहाड़ जेल के बाहर स्थानीय पुलिस तैनात करके सुरक्षा पहले से ही बढ़ा दी गई थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। उनकी वर्तमान न्यायिक हिरासत सोमवार को समाप्त हो रही है।

ईडी ने केजरीवाल पर दिल्ली आबकारी नीति घोटाले की पूरी साजिश में शामिल होने, नीति का मसौदा तैयार करने और लागू करने, दलालों को लाभ पहुंचाने और अंतत अनुसूचित अपराध से उत्पन्न आय के कुछ हिस्से का उपयोग करने का आरोप लगाया है।

## न्यायालय ने गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा जिसमें उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसने मामले में उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

पीठ ने ईडी को याचिका पर 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई 29 अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह में की जाएगी। उच्च न्यायालय ने 9 अप्रैल को धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखा था और कहा था कि बार-बार समन जारी किये जाने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास कम विकल्प बचे थे। उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल की ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार तथा धनशोधन से संबंधित है। संबंधित नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। धनशोधन रोधी एजेंसी की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से उच्च न्यायालय के इनकार के कुछ ही घंटे बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था।

## सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की दिल्ली पुलिस ने शुरू की जांच

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद दिल्ली पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है। एक हमलावर को चिन्हित कर लिया गया है, जिसका नाम विशाल उर्फ राहुल बताया जा रहा है, जो कि मूल रूप से गुरुग्राम का निवासी है। उसके खिलाफ 6 मामले भी दर्ज हैं, जिसमें हत्या सहित अन्य जघन्य अपराध शामिल हैं।

सूत्र ने स्पेशल सेल को बताया कि हमने आरोपी तक पहुंचने के लिए तकनीकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, विशाल बीते दिनों रोहतक में एक सट्टेबाज की हत्या में भी शामिल था, लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश पर। इसके अलावा, 29 फरवरी को रोहतक में एक सड़क किनारे रेस्तरां में हुई एक अन्य हत्या में विशाल के शामिल होने का भी संकेत मिला है। रविवार तड़के अभिनेता के मुंबई के बांद्रा पश्चिम स्थित घर पर कम से कम तीन से चार गोलियां चलाई गईं। पिछले कई सालों से, सलमान खान और उनके परिवार को बिश्नोई गिरोह जैसे पंजाब स्थित कुछ माफिया समूहों से धमकियां मिल रही हैं।

# आप नेताओं को जेल भेजने से उनका मनोबल और मजबूत हुआ : संजय सिंह

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले ही मनोबल तोड़ने के लिए फर्जी मामले लगाकर पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल भेज दिया, लेकिन इससे उनका मनोबल टूटने की बजाय और मजबूत हुआ है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि पिछले दस दिन से वह जेल के बाहर हैं और उन्हें बहुत सुकून की नींद आ रही है। उन्होंने कहा, छह महीने तक जेल में रहा। इस दौरान कुछ दिनों तक आइसोलेशन में रखा गया। श्री मोदी ने शायद यह मौका नहीं दिया होता तो स्वयं अपने आप से मुलाकात नहीं कर पाता। उन तमाम महापुरुषों से मुलाकात नहीं कर पाता, उन तमाम क्रांतिकारियों से मुलाकात नहीं कर पाता, जिनके बारे में सुनता था, उनकी कहानी पढ़ता था क्योंकि जब कोई व्यक्ति एकांत में होता है तो उसे बहुत कुछ सोचने, समझने और चिंतन करने का मौका मिलता है।

श्री सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने उन्हें अपने आप से बात करने और अपने रास्ते को और मजबूत बनाने का मुझे अवसर दिया। हो सकता है कि आज बहुत सारे माध्यम बिक गए हों, लेकिन इतिहास कभी नहीं बिकता। इतिहास में वही दर्ज होता है जो आप करते हैं। क्या सही है, क्या गलत है यह लोग तय करेंगे। उन्होंने कहा कि जेल जाकर उन्होंने 30 साल के संघर्ष के जीवन को और मजबूत बनाया और खुद को यह भरोसा दिलाया कि वह जो काम कर रहे थे, वह बिल्कुल सही था। आगे और मजबूती के साथ उसी रास्ते पर बढ़ूंगा।

# न्यायालय ने अमानतुल्ला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान की अध्यक्षता के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को मामले में 18 अप्रैल को पूर्वा 11 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने को कहा। पीठ ने मामले के गुणदोष के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के 11 मार्च के फैसले में की गई कुछ टिप्पणी से असहमति जतायी और कहा कि इसका मामले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ओखला से विधायक खान ने मामले में अग्रिम जमानत के लिए उनकी अर्जी एक मार्च को निचली अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था। ईडी ने हाल ही में जो आरोपपत्र दाखिल किया था उसमें खान को आरोपी नहीं बनाया गया था। एजेंसी ने अपनी अभियोजन शिकायत में पांच लोगों को नामजद किया है (ईडी के आरोप पत्र के बराबर) जिसमें खान के तीन कथित सहयोगी झ्र जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी शामिल हैं। ईडी ने कहा कि 2018-2022 के दौरान खान के अध्यक्ष रहने के दौरान वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती और वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर आरोपियों द्वारा कथित तौर पर अवैध व्यक्तिगत लाभ लेने से संबंधित मामले में छापे मारे गए थे। ईडी ने कहा है कि छापे के दौरान भौतिक और डिजिटल साक्ष्य के रूप में कुछ सामग्री जब्त की गई, जो धनशोधन के अपराध में खान की संलिप्तता का संकेत देती है।

# नंगली विहार में घर अंदर बंधक बनाकर सनसनीखेज लूट

- बच्चों के गर्दन पर चाकू रख, महिलाओं को कब्जे में लिया
- घर में अलमारी से कैश, ज्वैलरी लूटे विरोध पर मारपीट की
- लोगों ने दिखाई हिम्मत, 2 बदमाशों को गली में दबोचा
- जमकर हुई उनकी धुनाई, फिर पुलिस के हवाले किया

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**




राजधानी दिल्ली में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं, मौका देखते ही लूटपाट की वारदात को अंजाम देने से पीछे नहीं हटते हैं। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला बाहरी दिल्ली के रनहोला थाना इलाके में सामने आया है। यहां के नंगली विहार एक्सटेंशन के सी. ब्लॉक में रविवार तड़के चाकू लेकर एक घर में घुसे तीन बदमाशों ने काफी देर तक उत्पादन मचाया। बच्चों के गर्दन पर चाकू रखकर परिवार के सभी महिलाओं को कमरे में बंधक बना दिया। उसके बाद उस कमरे में रखे अलमारी को खंगाल कर उसमें से ज्वेलरी और कैश लूट लिया।

**एक महिला की सुझबुझ से लोगों को पता चल गया**

इस दौरान विरोध करने पर मारपीट भी की। लेकिन उस कमरे में मौजूद एक महिला ने सूझबूझ दिखाया। बगल के मकान में रहने वाले रिलेटिव को मोबाइल से कॉल करके फोन को नीचे रखकर छोड़ दिया। इस दौरान बदमाशों के उत्पात की आवाज मोबाइल पर बगल के रिश्तेदार को सुनाई पड़ गई। उसके बाद उन्होंने शोर मचाया, गली के लोग इकट्ठा हो गए। जिस घर में बदमाश घुसकर वारदात को अंजाम दे रहे थे उसके बाहर भीड़ जमा हो गई।

**लोगों ने हिम्मत नहीं हारी, दो को दबोचकर पिटाई की**

बदमाश जब लूट पाट करके भागने लगे, तो तीन में से दो बदमाशों को लोगों ने घर के गेट पर ही दबोच लिया। बदमाशों ने चाकू से हमला करके डराने की और घायल करने की कोशिश की। दो-तीन लोगों को चोट भी लगी है और चाकू भी लगे हैं। लेकिन लोगों ने हिम्मत नहीं हारी और वहीं पर दो को दबोचकर उसकी पिटाई की। दोनों को हाथ बांधे गए, लेकिन तीसरा भागने में कामयाब हो गया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी छानबीन करने के बाद सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला और लोगों के द्वारा दोनों पकड़े गए आरोपियों को अपने साथ ले गई। मामले में पुलिस अलग-अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई कर रही है। और फरार तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है। लेकिन इस वारदात से इलाके के लोगों में डर का माहौल है।

**घर में हो रही थी काल सर्प दोष के लिए 3 दिन से पूजा**

जिस घर में वारदात को अंजाम दिया गया उसकी मालकिन रानी ने बताया कि बेटे के ऊपर काल सर्प का दोष था। जिसको लेकर ग्रह शांति के लिए तीन दिनों से पूजा चल रहा था। इसी के लिए रिश्तेदारों को भी बुलाया हुआ था। शनिवार रात में 1:30 बजे के आसपास लोग पूजा करने के बाद खाना खाकर सोए थे। लगभग 2:30 बजे के आसपास तीनों बदमाश घर में घुस गए थे।

**महिलाओं के साथ हाथापाई, बच्चों के गले पर चाकू**

उन्होंने महिलाओं के साथ हाथापाई की और छोटे-छोटे बच्चों को चाकू की नोक पर कमरे में अपने कब्जे में ले लिया। रविवार को हवन होना था इसलिए सभी रिश्तेदार रुके हुए थे। वारदात के दौरान कमरे में सभी महिलाएं और बच्चे ही थे कोई पुरुष नहीं था। बदमाशों ने अपना चेहरा पूरी तरीके से ढक रखा था। अलमारी से ज्वेलरी, कैश रिश्तेदारों के पैसे सब ले गए। पर्स को तोड़ तोड़कर उसमें से पैसे निकाले।

**बदमाशों ने की मारपीट, चाकू से हमला भी किया**

बदमाशों से सामना करने वाले रानी के देवर श्रीनिवास उर्फ बल्लू हलवाई ने बताया कि जब उन्हें शोर सुनाई पड़ा तुरंत बिना देर किए बाहर निकले। उन्होंने गली के लोगों को भी शोर करके जगाया। सभी लोग पहुंचे, बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और चाकू से हमला करके घायल करने की कोशिश की। दो-तीन लोगों को चोट भी लगी है। जिनका मेडिकल कराया गया है।

**तीसरा बदमाश ज्वैलरी और कैश लेकर भाग गया**

वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि बदमाशों ने किरदारों के घर के बाहर कुंडी लगा दी थी। जिससे की कोई शोर हो तो वह बाहर निकल ना सकें। बदमाश लूटपाट में तो कामयाब हो गए, क्योंकि तीसरा बदमाश सबकुछ लेकर भाग गया। लेकिन स्थानीय लोगों की हिम्मत की वजह से दो मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस टीम पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# चितरंजन पार्क में पुलिस और पब्लिक हुई आमने सामने

- एक दूसरे ने रखी अपनी अपनी बात, कई मुद्दों पर बनी बात
- कानून व्यवस्था, ट्रैफिक प्रॉब्लम, इंक्रोचमेंट पर दिए सुझाव
- पुलिस ने बताया कैसे बचें साइबर क्राइम, स्ट्रीट क्राइम से
- डीसीपी ने दी जानकारी, कहा बढ़ाएं गार्ड, पुलिस है साथ

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



पुलिस और पब्लिक के बीच सामंजस्य बनाने और आपस में कोर्डिनेशन को और बेहतर बनाने को लेकर दिल्ली के हाई प्रोफाइल इलाका चितरंजन पार्क में फ्हअ के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने लोगों से बात की और एक एक सवाल का जवाब देकर उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश की। इसमें अलग-अलग रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे। उन्होंने अलग-अलग मुद्दों पर पुलिस के सामने अपनी बात खुलकर रखी और बताया कि कैसे इसका समाधान किया जा सकता है।

डीसीपी ने बताया कि लगातार किसी न किसी जरिए से एसीपी और एसएचओ फ्हअ के लोगों से मिलकर छोटे-छोटे समस्याओं को लेकर आपस में संपर्क में रहते हैं। उसे दूर करने का लगातार प्रयास भी करते रहते हैं। लेकिन उनके साथ सामूहिक रूप से बैठकर मीटिंग करने से और भी बहुत कुछ पता चलता है। पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर पब्लिक कितनी संतुष्ट है और क्या-क्या समस्याएं रह गई है। इसी को लेकर सीआर पार्क इलाके में मीटिंग का आयोजन किया गया था। उन्हें पुलिस की तरफ से अलग-अलग तरह की कई जानकारी उपलब्ध कराई गई कि कैसे वे स्ट्रीट क्राइम से और साइबर क्राइम से बचें और दूसरों को भी बचाने में जागरूक करें।

चितरंजन पार्क और ग्रेटर कैलाश कॉलोनी से आए हुए लोगों ने अपनी-अपनी बातें खुलकर पुलिस अधिकारियों के सामने रखी। समस्याओं को लेकर उनसे सुझाव लिया और आपसी तालमेल के साथ उसे दूर करने के लिए पुलिस से रिक्वेस्ट किया। पुलिस और पब्लिक मीटिंग में डीसीपी के पहुंचने पर लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की प्रशंसा की। कहा इस तरह की मीटिंग होने से आपसी तालमेल और बेहतर बनता है।

ग्रेटर कैलाश निवासी भावना गुप्ता ने कहा कि लोग जागरुक भी होते हैं, सतर्क भी होते हैं। उससे कहीं ना कहीं क्राइम पर भी फर्क पड़ता है। क्योंकि लोग जागरूक होंगे तो चीटर के संपर्क में आने से बचेंगे। स्ट्रीट क्राइम से भी कुछ हद तक बचेंगे। इस तरह की मीटिंग होने चाहिए, जिससे रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और पुलिस के बीच बेहतर कोऑर्डिनेशन बना रहता है। मीटिंग के दौरान चितरंजन पार्क सब डिवीजन की एसीपी नीरज टोकस, एसएचओ योगेश्वर और इंस्पेक्टर सर्वेश सहित कई पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक और गिरफ्तारी की

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया था। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था और वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। चनप्रीत सिंह को पहले इसी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी गिरफ्तार किया था। धन शोधन का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी ने पूर्व में अदालत को सूचित किया था कि चनप्रीत सिंह ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान आप के लिए प्रचार करने वाले लोगों, सर्वेक्षणकताओं, क्षेत्र प्रबंधकों, विधानसभा प्रबंधकों और अन्य लोगों के लिए नकद भुगतान का प्रबंधन किया था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराना चार युवकों को पड़ा महंगा

समस्तीपुर जिले में 14 अप्रैल को सोशल मिडिया पर एक युवक द्वारा आर्म्स लहराने का फोटो वायरल हुआ। इसकी सूचना पुलिस को हुई। इसके बाद उक्त वायरल फोटो का सत्यापन किया गया तो आग्नेयास्त्र लहराने वाले युवक की पहचान रोसड़ा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया थाना के सिंघिया के मोनु कुमार सिंह के रूप में की गई। इसके बाद रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी ने सिंघिया थाना के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा आसूचना संकलन किया गया। फिर दलबल के सहयोग से मोनु कुमार सिंह को उसके घर से वायरल फोटो के संबंध में पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा वायरल फोटो का सत्यापन किया गया। पुछताछ के क्रम में मोनू कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि वह अपने दोस्त सिंघिया थाना क्षेत्र के ही कमशः सिंघिया वार्ड-2 के रोहित कुमार सिंह उर्फ गोलू तथा रिशु कुमार व रुदल पासवान दोनों ग्राम चंगरहट्टा वार्ड- 10 के साथ मिलकर अवैध आग्नेयास्त्र (पिस्टल) के साथ फोटो खिंचा कर आम लोगो में भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से उक्त फोटो को सोशल मिडिया पर वायरल किया गया है।

# एक माह में भी गति नहीं पकड़ सकी गेहूं की खरीद

- 6137 एमटी जिले में गेहूं खरीद का तय किया गया है लक्ष्य
- 2275 रुपये प्रति क्विंटल किसानों से होनी है गेहूं की खरीद
- 43 क्रय केंद्र को गेहूं खरीद को लेकर उपलब्ध कराया गया है कैश क्रेडिट



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा जिले में 15 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू हो चुकी है। किसानों से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी। क्रय को लेकर 43 केंद्र की स्थापना की गई है। किसानों से गेहूं क्रय को लेकर सहकारिता विभाग ने कैश क्रेडिट भी उपलब्ध करा दिया है। लेकिन क्रय केंद्र शुरू होने के एक माह होने के बाद भी अब तक खरीद गति नहीं पकड़ सकी है। किसी क्रय केंद्र पर किसानों ने अपना गेहूं अबतक नहीं बेचा है। मालूम हो कि इस बार सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपया रखा गया है। 6137 एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य है निर्धारित जिले में इस बार गेहूं की खरीद को लेकर राज्य मुख्यालय लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सहकारिता विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस बार 6137 एमटी गेहूं की खरीद किसानों से होनी है। मालूम हो सरकार के द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से अधिक कीमत बाजार में मिलने की वजह से किसान अपना गेहूं खुले बाजार में बेच रहें हैं। गेहूं खरीद पर संशय की स्थिति सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद होने की स्थिति पर संशय बनी हुई है। मालूम हो कि 15 मार्च को क्रय केंद्रों को गेहूं क्रय को लेकर कैश क्रेडिट उपलब्ध करा दिया गया। इसके बावजूद अभी तक किसी भी क्रय केंद्रों पर किसानों ने अपना गेहूं नहीं बेचा है। सहकारिता विभाग के अधिकारी का कहना है कि जिले में गेहूं की कटाई में देरी हुई है। इस वजह से यह स्थिति है। जल्द ही किसानों से क्रय केंद्रों पर गेहूं की क्रय होगी। 43 क्रय केंद्रों को मिला है कैश क्रेडिट जिले के 43 पैक्सों व व्यापार मंडल में गेहूं की खरीदार की जाएगी। सदर प्रखंड के बालम-गढ़िया, मदनपुर, माणिकपुर और व्यापार मंडल मधेपुरा, सिंहेश्वर प्रखंड के रूपौली, लालपुर- सरौपट्टी, बेहरी व सिंहेश्वर व्यापार मंडल, कुमारखंड प्रखंड के परमानंदपुर, टेंगराहा परिहारी, सिहपुर-गढ़िया व व्यापार मंडल कुमारखंड में गेहूं की खरीदारी की जाएगी। मुरलीगंज प्रखंड के जोरगामा, परवानवटोल, भतखोड़ा व व्यापार मंडल मुरलीगंज, घैलाढ़ प्रखंड के भानटेकठी और व्यापार मंडल घैलाढ़, गम्हरिया के चिकनी, ईटवा जीवछपुर, शंकरपुर के गिद्दा, रायभीड़, रामपुरलाही पैक्स में गेहूं की खरीदारी की जाएगी। उदाकिशुगंज के खाड़ा, बीड़ीरणपाल, शाहजादपुर व व्यापार मंडल उदाकिशुनगंज, ग्वालपाड़ा के ग्वालपाड़ा, रेशना, विषवाड़ी, झिटकिया, भलाड़ी, ग्वालपाड़ा, बिहारीगंज आदि के पैक्सों में गेहूं खरीद की जाएगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि इस बार गेहूं की फसल तैयार होने में थोड़ी देरी भी हुई है। क्रय केंद्र को एक्टिव कर दिया गया है। 43 क्रय केंद्रों को कैश क्रेडिट भी उपलब्ध कराया गया है। गेहूं के बेचने के बाद 48 घंटे में किसानों को भुगतान उनके खाते में कर दिया जाएगा।

# आग लगने से आधा दर्जन से ऊपर दलान जल कर राख



प्रात: किरण, संवाददाता

लालगंज। प्रखंड क्षेत्र के मानपुर मोटा लुक डी पंचायत के कुसदे गांव में अचानक आग लगने से करीब आठ दलान एवं बतान जल कर राख हों गया। जिससे लाखो रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है जानकारी के अनुसार मानपुर मोटा लुक डी पंचायत के वार्ड नम्बर 07 में रविवार को अचानक एक दलान में आग लगी। आग की लपटें इतना तेज थी कि देखते देखते करीब आधा दर्जन से ज्यादा दलान जलकर राख हो गया। जिससे लाखों रुपए का समान जल कर राख हो गया। अगलगी की सूचना अंचलाधिकारी स्मृति सहनी को फोन कर सूचना दी और दमकल की गाड़ी भेजने का अग्रह किया। जिसके बाद तीन दमकल की गाड़ी पहुँची घँटों मस्कत के बाद तब जाकर आग पर काबू पाया गया। सूचना के अनुसार जलन्धर राय, लालू राय, शीतल राय, मगरू राय, झगरू राय, सुरेश राय, दिनेश राय, जियालाल राय समेत कई दलान एवं बताना को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि दलान से कुछ भी समान निकालने का मौका गृहस्वामी को नही मिल सका।जिससे दलान में रखा अनाज,खाद समेत कई समान जलकर राख हो गये। वही अंचलाधिकारी स्मृति सहनी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली हैं। राजस्व कर्मचारी को भेज कर जांच कराया जा रहा है। जांच के उपरांत पता चल सकेगा की कितना का नुकसान हुआ है और कई दलान जले हैं।

# कट्टरपंथी एवम चरमपंथी मानसिकता को वर्तमान कुलपति बढ़ावा दे रहे हैं

प्रात: किरण जिला संवाददाता





मधेपुराः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधेपुरा इकाई के द्वारा वर्तमान मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बिमलेंदु शेखर झा पर धार्मिक भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक सह पूर्व सीनेट सदस्य श्री सौरभ यादव ने कहा है कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अपने स्थापना कल से ही सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता एवं समरसता का प्रतीक के रूप में पूरे बिहार में जाना जाता रहा है। मंडल विश्वविद्यालय में कभी भी धार्मिक स्तर पर किसी के साथ आज तक भेदभाव किसी कुलपति या किसी अधिकारी ने नहीं किया है। लेकिन जैसे ही बिमलेंदु शेखर झा की नियुक्ति हुई इन्होंने विश्वविद्यालय में कट्टरपंथी एवं चरमपंथी लोगों के प्रभाव में आकर अभी गत दिनों इफ्तार पार्टी का आयोजन विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में अपने देखरेख में करवाया। जबकि यह विश्वविद्यालय के परंपरा के अनुरूप नहीं है । अगर इस प्रकार से इफ्तार की पार्टी अतिथि गृह में हो सकती है तो कल को कई सारे हिंदू पर्व एवं सिखों के पर्व साथ ही साथ ईसाइयों के पर्व को भी अतिथि गृह में मनाए जाने पर किसी प्रकार का कोई संकोच नहीं होना चाहिए। विश्वविद्यालय परिवार में सभी धर्म के लोग आपस में आपसी सौहार्दपूर्ण मिल जुल कर रहते हैं। इतना ही नहीं जब कुछ छात्र संगठनों के द्वारा होली मिलन समारोह की बात कही गई तो उन्होंने होली मिलन समारोह आयोजन में शामिल होने से मना कर दिया। जिस कारण भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय कई सारे छात्र-छात्राओं, कर्मचारी, शिक्षकों में भी काफी नाराजगी है। मंडल विश्वविद्यालय के इतिहास में आज तक इस प्रकार से अतिथि गृह में किसी कुलपति ने कभी भी इफ्तार पार्टी नही मनाई थी। वहीं जिला संयोजक नवनीत सम्राट एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आमोद आनंद ने कहा कि वर्तमान कुलपति अतिथि गृह में बिना प्रक्रिया को पूर्ण किए हुए ही इस प्रकार के आयोजन को किया है ।जब सोशल मीडिया पर इफ्तार पार्टी के आयोजन को लेकर विश्व विद्यालय प्रशासन की किरकिरी हुई तो आयोजन समाप्ति के बाद अतिथि गृह का शुल्क आनन फानन में जमा किया है ।जबकि कार्यक्रम के आयोजन से पूर्वी राशि जमा करने का नियम है ' उक्त प्रकरण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्तमान कुलपति के क्रियाकलापों को लेकर राजभवन को पत्र लिखेगी साथ ही साथ महामहिम से आग्रह करेगी कि इस प्रकार के कुलपति जो धर्म के आधार पर भेदभाव करने वाले, एक ही व्यक्ति को कई पदों पर बिठाने वाले तथा एक राजनीतिक दल के लोगों को विश्वविद्यालय के कई समितियों में तुष्टीकरण के लिए देकर एक खास राजनीतिक दल के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं उन पर कारवाई की जाय।वर्तमान कुलपति जब से विश्वविद्यालय का पदभार ग्रहण किया है तब से इन्होंने एक दल विशेष के लोगों को विश्वविद्यालय के सभी पदों पर सभी समितियां के सदस्य के रूप में बिठाने का काम शुरू कर दिया है। राष्ट्रवादी विचारों से संबंधित लोगों पर झूठे आरोप लगवा कर उन्हें पद से हटाने के लिए वर्तमान कुलपति आतुर रहते हैं। अभी हाल ही में बिना जांच किए हुए केवल एक आरोप लगाने मात्र पर एक विश्वविद्यालय के अधिकारी का उनके पद से त्यागपत्र ले लिया गया। वही नगरमंत्री अंकित आनंद ने कहा है कि वर्तमान कुलपति के कृत्यों से राजभवन को अवगत कराने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधेपुरा,सहरसा, सुपौल तीनों जिला से जिला पदाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजेगी।

# विवाहिता की हत्या कर शव गायब करने का मामला आया प्रकाश में



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) थाना क्षेत्र के बसनवाड़ा पंचायत स्थित घुघली मरर टोला में एक विवाहिता की हत्या कर शव को गायब करने का मामला प्रकाश में आया। रविवार को थाना परिसर में पहुंचे महिला के परिजन थाना क्षेत्र के बड़ीखाल गनौल निवासी ने बताया कि रविवार के सुबह स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घटनाओं को लेकर हमें सूचना दिया गया इसके बाद घुघली मरर टोला पहुंचकर जब मामले की जांच की गई तो मेरी पुत्री वहां गायब थे वहीं मेरी पुत्री के पति पीयूष मंडल एवं अन्य परिवार के लोग भी घर छोड़कर भाग गए थे। मृतक महिला के परिजनों ने शंका जाहिर की उसकी हत्या कर कोसी नदी में शव को बहा दिया है। वहीं घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था परिजनों ने बताया कि मैं अपनी पुत्री 20 वर्षीय मोनिका देवी पिता ओकील मंडल की शादी 1 वर्ष पूर्व हीं बसनवाड़ा पंचायत के घुघली मरर टोला निवासी प्रकाश मंडल के पुत्र पीयूष मंडल के साथ किया था शादी के 6 महीने बाद ही मेरी पुत्री को प्रतारित की जाने लगी। वहीं सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार पीड़ित परिवारजन के द्वारा दिए गए जानकारी पर शव की बरामदगी को लेकर कोसी नदी के किनारे एवं कोसी नदी में गोताखोरों की मदद से दिनभर खाक छानती रही परंतु देर संध्या तक पुलिस के हाथ खाली था। वहीं इस बाबत थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि रविवार को देर संध्या तक शव की बरामदगी को लेकर जगह-जगह तलाशी ली गई कोसी नदी में गोताखोरों की मदद से भी तलाशी ले ली गई परंतु कामयाबी नहीं मिली, अब सोमवार को शव की तलाशी को लेकर फिर से अभियान चलाया जाएगा। वहीं घटना में शामिल महिला के ससुराल पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

# पुस्तकालय की भवन में चल रहा है नगर परिषद कार्यालय

प्रात: किरण संवाददाता

महनार। पुस्तकालय की भवन में महनार का नगर परिषद कार्यालय चल रहा है और इस कारण पुस्तकालय तो उपेक्षित हो ही गया एवं नगर परिषद कार्यालय का भी ठीक ढंग से संचालन नही हो पा रहा है । मुख्य पार्षद का कार्यालय तो है किंतु उप मुख्य पार्षद का कार्यालय है ही नही । कार्यपालक पदाधिकारी 3 फिट चौड़े व 3 फिट लंबे कमरा में बैठ कर अपना कार्य करते है । ना ही ठीक ढंग का प्रसाधन गृह है और ना ही कहीं पर कंप्यूटर रूम है । वार्ड पार्षद व कर्मचारियों के बैठने के लिए कोई उचित कमरा निर्धारित नही है । वार्ड पार्षद, आमजनता एवं कर्मचारी मुख्य पार्षद के कक्ष में ही बैठ कर अपना कार्य करते है ।जब नगर परिषद की बैठक होती है तो इसका आयोजन किसी अन्य सरकारी भवन में किया जाता है । इस कार्यालय का अपना भवन निर्माण हेतु भूमि क्रय करने में भी बड़ा खेल हुआ है। संगत मठ में भूमि दी गई किन्तु भवन नही बना । उसके बाद तत्काली अध्यक्ष आशा देवी ने अपना भू खण्ड दान में दिया किन्तु वहां भी भवन नही बना और जब इसके निर्माण में तेजी लाने की बात हुई तो महनार के कुछ वार्ड पार्षद मशाल लेकर इसके विरोध में सड़क पर उतर गए और इस कारण वहां भवन निर्माण नही हो सका। भूमि क्रय करने हेतु नेताओं ने बाजार में चंदा वसूली भी किया गया किन्तु राशि वारा न्यारा हो गया। इसके बाद खरजम्मा में नगर परिषद में अपनी राशि से भूमि क्रय किया किन्तु वहां भी भवन नही बना और वर्तमान में वहां पर नगर परिषद का गैरेज चल रहा है । अब प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भू खंड में नगर परिषद का कार्यालय भवन निर्माण कराने का प्रस्ताव जिला पदाधिकारी के पास भेजा गया है। विदित हो कि आशा देवी ने जो भू खंड दान में दिया था वह बाजार से एक किलोमीटर की दूरी पर था और वार्ड पार्षदों ने इसको बाजार से दूर बता कर यहां भवन निर्माण नही होने दिया किन्तु अब यह कार्यालय बाजार से ढाई किलोमीटर दूर जा रहा है तो यह लोग खामोश बैठे है और पता नही इनका मशाल क्यों बुझ गया है।

# बालू लदे ट्रक ने एक महिला को कुचला मौके पर दर्दनाक मौत



प्रात: किरण संवाददाता

वैशाली। दाउदनगर पुल पर बिना नंबर प्लेट के तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचल डाला जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। मृतक की पहचान वैशाली थाना क्षेत्र के दाउदनगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी मोहम्मद परवेज की पत्नी रिजवाना खातून ( 36 वर्ष ) के रूप में की गई है। स्थानीय मुखिया ई रहमानी ने बताया कि रिजवाना खातून गांव में घूम-घूम कर घर में झाड़ू पोछा का काम क्या करती थी । घर से काम करने जा रही थी। इसी दौरान चांदनी चौक के तरफ से दाउदनगर पुल पर बालू लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

इसमें महिला की जान ट्रक के कुचलने से चली गई । ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़ फरार हो गए गांव के बीच अचानक हुई दर्दनाक घटना की सूचना मिलते ही अगल- बगल के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा घटना की सूचना तुरंत वैशाली पुलिस को दी गई। सूचना बाद पहुंची पुलिस ने ट्रक को जप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के 5 बेटी और दो बेटा है। पति मोहम्मद परवेज दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है पालन पोषण करता है ।

# बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर ढंग से चुनाव करायेः जिलाधिकारी



- सेक्टर पदाधिकारियों का बीका में हुआ प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। आसन्न लोक सभा आम 2024 के मद्देनजर आज हाजीपुर, लालगंज, वैशाली एवं महुआ विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और संबंधित विधान सभा क्षेत्र के अंचलाधिकारियों तथा प्रखंड विकास पदाधिकरियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय विहार प्रशानिक सुधारात्मक संस्थान (बीका) में हुआ। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने कहा कि सभी पदाधिकारी येहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतरीन ढंग से चुनाव कराये। इसके लिए आपस में समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि सारे बूथ लेवल पदाधिकारी (बीएलओ) के साथ बैठक कर एक सुनियोजित कार्यक्रम तय कर जिला का मतदान 70 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के लिए मनोयोग से लग जाये। उन्होंने पूरी मतदान प्रक्रिया के बारे में बताया और साथ ही इवीएम और वीवीपैट के बारे में भी जानकारी दी। विदित हो कि दिनांक 18.04.24 को राजापाकर, राघोपुर, महनार एवं पातेपुर विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा संबंधित विधान सभा क्षेत्र अंचलाधिकारियों प्रखंड विकास पदाधिकारियों के लिए बीका में ही प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी राह-वरीय उप समाहर्त्ता श्री कुमार अनुज द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता (आपदा), वरीय कोषांगार पदाधिकारी अन्य पदाधिकारी थे।

# मलंगिया में 34 वर्षों से मनाया जाता है चैती दुर्गा पूजा

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड के मलंगिया पंचायत के मलंगिया गांव में चैती दुर्गा पूजा 34 वर्षों से धूमधाम से मनाया जाता है। बताते चलें कि यह दुर्गा पूजा 1991 में प्रथम बार माता रानी का स्थापना किया गया था।इस पूजा कि स्थापना परमानंद कुंवर व देवनदन सिंह उर्फ देवन सिंह, ब्रज नारायण झा की अध्यक्षता में पूरे ग्रामीणों के सहयोग से किया गया।

और इस पूजा का कमिटी अध्यक्ष स्व0 परमानन्द कुंवर थे। तब से यह पूजा ग्रामीणों के सहयोग से परमानन्द कुंवर के नेतृत्व में 2014 तक किया गया उनके निधन होने के बाद ग्रामीणों ने उनके बड़े पुत्र संतोष कुंवर को पूजा कमेटी का सचिव का पद सौंपा गया अध्यक्ष ब्रज नारायण झा उर्फ खुरखुर झा,खजांची (कोषाध्यक्ष) सुभाष सिंह को पद सौंपा गया।सभी ग्रामीणों के



सहयोग से बड़ी ही धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ चैती दुर्गा पूजा मनाया जा रहा।

चैती दुर्गा पूजा में माता रानी की दर्शन करने दूर दराज से लोग आकर माता रानी के दरबार में माथा टेक कर अपना अपना मनोकामना पूर्ण करने की अर्जी दाखिल करते हैं वहीं मंदिर के पुजारी आचार्य फिरन मोहन झा ने बताया कि माता रानी सबका अर्जी सुन मनोकामना पूर्ण करते हैं।बताते चलें कि आज सप्तमी के दिन बेल के वृक्ष को पूजन कर दिए गए बेल को निमंत्रण बेल को माता रानी के डोली में बैठा कर माता रानी के दरबार में लाया गया तथा विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर माता रानी का नयन दिया गया। गाजे बाजे व जयकारों के साथ पूजा पाठ कर माता रानी की पट खोला गया पट खुलते ही जयकारों से गूंज उठे मंदिर परिसर के साथ-साथ आसपास के सभी गांव देवी भक्तों ने भी माता रानी का पहला दर्शन कर अपनी अपनी मन्नतें मांगी वही पूजा कमेटी के द्वारा बताया गया कि इस पूजा में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है हजारों की संख्या माता रानी के दर्शन कर मेले का आनंद उठाते हैं।

साथ ही संध्या में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है साथ ही रात्रि में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है।मेला कमेटी ने बताया कि यहां 10 दिवसीय पूजा किया जाता है। मेले में विभिन्न प्रकार के मीना बाजार के साथ मिठाई खिलौने झूले,छोले भटूरे आदि प्रकारों की दुकानें लगाई जाती है।

वहीं देवी भक्तो में काफी खुशी देखी गई तथा भक्तो ने बताया की गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रदेश में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले सभी लोग यह दुर्गा पूजा में गांव आते हैं और माता रानी की भक्ति में लीन होकर सच्चे दिल से पूजा पाठ करते हैं।

# जीविका दीदी ने चलाई अभियान, शत प्रतिशत हो मतदान



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदरा घाट मतदान केंद्र संख्या 233 एवं उच्च विद्यालय खापुर मतदान केंद्र संख्या 231 पर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जीविका दीदीयों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान की गई जिसके तहत रैली, शपथ कार्यक्रम एवं डोर टू डोर संपर्क अभियान किया गया इस कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार शर्मा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जीविका की प्रखंड परियोजना प्रबंधक शिखा कुमारी ने मतदाताओं से आगामी चुनाव में भाग लेने की अपील की. साथ ही किसी व्यक्ति विशेष के लोभ, लालच और बहकावे में आकर मतदान ना करने की अपील की. उन्होंने अपनी पसंद के सही और योग्य उम्मीदवार को ही वोट देने की अपील की उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाना हैं। आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में दर्जनों जीविका दीदी ने बैनर फ्लेक्स में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से अपने अधिकार को काम में लाएं मतदान करने जरूर जाएं ।जन-जन की है पुकार मतदान करना है मेरा अधिकार ।जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र का बनेगा भाग विधाता सहित कई स्लोगन के साथ पंचायत में रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रहे थे वहीं इस दौरान सामुदायिक समन्वयक ब्रजेश कुमार, लेखपाल विनय कुमार जीविका मित्र समतोला देवी ,रीता देवी ,कविता देवी ,अहिल्यादेवी, रूबी देवी, विकास मालाकार एवं सैकड़ो की संख्या में जीविका दीदीयों ने भाग लिया ।

# अभद्र टिप्पणी से मना करने पर घर में घुस कर किया जानलेवा हमला

प्रात: किरण संवाददाता

महुआ । महुआ थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा बुजुर्ग गांव में सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और गाली गलौज किए जाने के विरोध मे बुलाई गई पंचायत में विरोधियों द्वारा पीड़ित परिवार के साथ मारपीट करते हुए घर पर भी हमला कर भारी तोड़ फोर किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा बुजुर्ग निवासी स्वर्गीय योगेंद्र महतो के पुत्र विनय कुमार महतो ने बताया कि उनके ही पट्टीदार के कुछ लोगो के द्वारा सोशल फेस बुक जैसे सोशल मीडिया पर मेरा व्यक्तिगत फोटो लगाकर अभद्र टिप्पणी और गाली गलौज भी किया गया। ऐसी घटना के बाद आपसी सुलह समझौते के लिए घर पर बुलाई गई पंचायती के दौरान ही दोषी लोगों के द्वारा मारपीट के साथ साथ घर पर और हमला बोला गया। पंचायत बुलाने वाले पर रोड़ा पत्थर बरसाए गए और घर पर चढ़कर भारी तोड़ फोर भी की गई। इस तरह की घटना के बाद की। पीड़ित विनय कुमार महतो के द्वारा महुआ थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए कई लोगों को नामजद करते हैं आरोपी बनाया है। महुआ थाने में दर्ज कराए गए प्राथमिकी में पीड़ित विनय कुमार महतो ने लिखा है कि उनके ही पट्टीदार के रौशन कुमार, अजय महतो, रीता देवी, राहुल कुमार ने घर पर भी चढ़कर हमला बोला गया। हमले के दौरान घर में रखे बाइक व विभिन्न सामान को भी तोड़फोड़ किया गया वहीं उन पर लाठी, डंडे रॉड आदि से हमला किया गया। पीड़ित विनय कुमार महतो द्वारा दिए गए आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए घटना की छानबीन में जुट गई है

# मिथिलांचल में फिर दूसरी बार कैंसर पीड़ित मरीज का हुआ सफल ऑपरेशन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



मिथिलांचल में फिर दूसरी बार गाल एवं तालु में गहरे जख्म हो जाने के बाद कैंसर का कमांडो ऑपरेशन कर जिले का नाम रौशन किया है एमएस हॉस्पिटल के सर्जन डॉ रिजवान अहमद एवं उनकी टीम ने। बता दें की जिले के धरमपुर पंजाबी कॉलोनी स्थित एएमएस हॉस्पिटल में हजपुरवा गांव निवासी रामी देवी (36 वर्ष) के बायें गाल एवं तालु में कैंसर के जख्म जिसे कमांडो ऑपरेशन भी कहते है। डॉ रिजवान अहमद (हेड, नेक सर्जन) तथा पटना के विशेषज्ञ जेनरल सर्जन डॉ. मुस्तेहसन, बेहोशी के डॉक्टर शुशील कुमार ओटी (ओटी) टीम एवं अन्य स्टाफ के द्वारा 14 अप्रैल को सफलतापूर्वक वृहत पांच घंटे के ऑपरेशन को सफलतापूर्वक एएमएस हॉस्पीटल पंजाबी कॉलानी धर्मपुर समस्तीपुर में सम्पन्न किया गया। मरीज रामी देवी के परिजनों ने बताया कि हमलोगों को पूर्व से ही डॉ रिजवान अहमद पर पूर्ण विश्वास है इनके ही इलाज से हमारे पति का ईलाज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। उन्होंने बताया कि ईलाज को लेकर कहाँ कहां नही गए पर सभी जगह निराशा ही मिला थक हारकर गए तब मैं डॉ रिजवान सर के यहां अपने पति को ईलाज के लिए भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने कैंसर का सफल ईलाज कर मेरे पति को नई जिंदगी दिया है। वहीं डॉ रिजवान अहमद ने बताया कि समय-समय पर लोगों को अपने स्वास्थ को लेकर सजग रहते हुये शरीर का जाँच कराते रहना चाहिए, और किसी भी प्रकार का जख्म हो तो उसे हल्के में न लिया जाये डॉक्टर से मिलकर जख्म का इलाज करा लें अन्यथा गंभीर बीमारी का रूप ले सकता है या कैंसर का रूप भी ले सकता है, इस लिए लोगों को अपने स्वस्थ के प्रति भी जागरूक होने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या सहित अपहरण के आधा दर्जन अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छपरा : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस काफी सतर्क हो गई है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जहां एक ओर पुलिस अपराधियों की धरपकड़ में लगी हुई है वहीं दूसरी तरफ हत्या एवं अपहरण जैसे संगीन कांडों को अंजाम देकर फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये लगातार छापेमारी कर रही है। इस संबंध में एसपी डा .गौरव कुमार मंगला ने बताया किजिला के सभी फरार एवं नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापेमारी अभियान तेजी से चला रही है। एसपी ने बताया कि रविवार के दिन इस अभियान में जिला से लगभग 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये जेल भेजा गया है। जिसमें हत्या के तीन और अपहरण कांड में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये जेल भेज दिया गया। वहीं बालू खनन में शामिल दो तथा शराब के धंधे में शामिल दस और लोगों को भी गिरफ्तार करते हुये जेल भेजा गया है। एक वारंटी सहित 973लीटर अंग्रेजी शराब एवं 34लीटर देशी शराब भी बरामद किया गया है।

### डीडीसी ने किया निरीक्षण

छपरा। उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, सारण द्वारा सोमवार को 19-महाराजगंज लोक सभा आम निर्वाचन - 2024 एवं 20- सारण लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के निमित जिला स्कूल एवम नव स्थापित जिला स्कूल छपरा में आयोजित मतदान कर्मियों का यथा के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदान कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न आशंकाओं का समाधान किया गया। साथ ही निदेशित किया गया कि सभी कर्मी समुचित ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे ताकि मतदान की तिथि को निर्वाचन संबंधी कार्यो एवं दायित्वों के सम्यक निर्वहन में कोई कठिनाई उत्पन्न न हो और सुगमता पूर्वक मतदान की प्रक्रिया संपन्न की जा सके।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्तरप्रदेश राज्य के सीमावर्ती सारण जिला के मतदान केंद्रों का किया भौतिक निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक सारण डॉ० गौरव मंगला द्वारा आज संयुक्त रूप से लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर सदर अनुमंडल अंतर्गत रिविलगंज एवं मांझी प्रखंड के उत्तरप्रदेश राज्य से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। रिविलगंज प्रखंड अंतर्गत सिताबदियारा पंचायत तथा मांझी प्रखंड के नदियों से सटे क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से मतदान प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संचालन हेतु मध्य विद्यालय, सिताबदियारा, जयप्रभा कन्या उच्च विद्यालय छोटका बैजू टोला, बबन माधव मध्य विद्यालय गरीब टोला, माधव प्रसाद सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय बैजू टोला के डेरा तथा मांझी प्रखंड अवस्थित मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में पहुंच पथ, मतदान केंद्रों पर आधारभूत तथा शेड की सुविधा एवम् सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। साथ ही उक्त मतदान केंद्रों के स्थानीय मतदाताओं से वार्ता कर भेद्य टोलों एवम् अपना मत का प्रयोग करने में होनेवाली समस्याओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर चल रहे कार्मिकों के प्रशिक्षण सत्र का किया निरीक्षण

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 5 प्रशिक्षण केन्द्रों पर जाकर प्रशिक्षण प्राप्त रहे कर्मियों से किया संवाद, कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं तथा प्रश्न भी पूछे

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा। लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण जारी है। जिला मुख्यालय छपरा में पाँच अलग अलग प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर ने जिला स्कूल, बी सेमिनरी , सारण एकेडमी सहित अन्य सभी प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों से संवाद भी किया। उनके द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित छोटी छोटी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग की वरीय प्रभारी उपविकास आयुक्त श्रीमती प्रियंका रानी, नोडल पदाधिकारी निदेशक डीआरडीए श्री कय्यूम अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स के 25 वी कार्यकारिणी कि बैठक



प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। चैंबर ऑफ कॉमर्स के 25वीं कार्यकारिणी की चौथी बैठक होटल विजडम के सभागार में चेंबर अध्यक्ष राजीव विजडम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।महासचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने गत संयुक्त बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी !आय-व्यय की रिपोर्ट कोषाध्यक्ष तारकेश्वर नाथ केडिया ने रखा। बैठक में भी विशिष्ट आमंत्रित सदस्य सीए दीपक कुमार, राजीव कुमार और अशोक कुमार का तालियो के साथ अभिनंदन करते हुए परिचय कराया गया । परिचर्चा मई में संभवत होगा ।इसके लिए एक कमिटी का गठन किया गया। कब और कहां होगा विस्तृत रिपोर्ट रखा गया। चैम्बर का अर्द्ध वार्षिक सभा के तैयारी पे विचार किया तथा अर्धवार्षिक सभा के लिए उपाध्यक्ष हेमंत कुमार को संयोजक बनाया गया ।बुजुर्ग व्यापारी सम्मान के लिय एक कमिटी बनाई गई। जिसका संयोजक संस्थापक सदस्य सुधीर अग्रवाल को बनाया गया ।लोकसभा चुनाव में जागरूकता अभियान कैसे किया जाए। इसके लिय चर्चा किया गया ।अकाउंटिंग और टैक्सेशन पे सीए दीपक कुमार के द्वारा जानकारी दी गई। आगामी वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा समस्त विभाग के कार्य की समीक्षा और कार्य प्रगति पे चर्चा किया गया।अध्यक्ष राजीव विजडम ने कहा कि व्यावसायिक हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है और व्यावसायिक हित के कार्य पूरे जोर-शोर से किए जाएंगे। बैठक में संयोजक मनीष कुमार पूर्व अध्यक्ष रवि कृष्ण लोहिया, संजय जयसवाल, अनुपम कुमार, सुधीर अग्रवाल सह सचिव आलोक कुमार कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक लोहिया, सत्यव्रत जायसवाल, अंकुर कुमार, अभिषेक केडिया, विक्रांत कुमार अभिषेक केडिया, डॉक्टर खुर्शीद अजीज उपस्थित रहे। सभा का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष हेमंत कुमार के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा किया गया ।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सह सचिव श्री आलोक कुमार ने दिया।

## चार दिवसीय छठव्रत सम्पन्न



प्रात : किरण, संवाददाता

लहलादपुरः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चैती छठ का चार दिवसीय व्रत उदीयमान सूर्य भगवान को अर्ध्य देनेके साथ सम्पन्न हो गया. विषम गर्मी के कारण नदी, नहर, पोखरा वैगरह का पानी सुख जाने के छठ पूजा समिति ने हौज (गढ़ानुमा टंकी) बनाकर पानी की व्यवस्था किया, जिसमें खड़ा होकर छठ व्रतियों ने भगवान भाष्कर को अर्ध्य दिया. गांवों में भी छठ व्रतियों ने अपने-अपने दरावाजे पर गढ़े खोदकर पानी जमा किया तथा उसमें खड़ा होकर अर्ध्य दिया. उसके वाबजूद श्रीढोंढ़नाथ मंदिर, बसहीं पूल, धनेश छपरा आदि जगहों पर गंडकी नदी के किनारे छठ व्रतियों की भीड़ देखी गयी. कहीं-कहीं ब्राह्मणों ने गाय के दूध से अर्ध्य दिलाते हुए देखे गये।

# यज्ञ स्थल पर उमड़ी श्रद्धालुओं कि भीड़

प्रात : किरण, संवाददाता



सुगौली : करमवा रघुनाथपुर पंचायत के माधोपुर मंदिर में नव शिवलिंग स्थापित प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे व अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने बहुत ही धूम धाम के साथ भगवान शिव का विधिवत पुजा अर्चना के साथ धन नये शिवलिंग में हर्षोल्लास उल्लास के साथ प्राणप्रतिष्ठा किया गया। ग्रामीणों द्वारा घर घर से पुष्प, अक्षत, चंदन धूप सिंदूर के साथ साथ पुजा अर्चना कि विभिन्न समाग्रियों को लेकर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंच रहे थे । वहीं बहुत सारे श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल के साथ साथ विभिन्न नदियों से जलाया गया था । शिवलिंग में प्राणप्रतिष्ठा के उपरांत शिव लिंग का गाय के दुध से सभी जजमान द्वारा अभिषेक किया गया। भगवान को भोग लगाने के उपरांत भगवान को आराम करने के लिए थोड़े समय के लिए भगवान का दरवार बंद कर दिया गया।इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए दरबार का दरवाजा को खोल दिया गया। इसके उपरांत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान का जय-जय कार करते हुए जलाभिषेक किया। उसके उपरांत भगवान शिव मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया गया।और आरती कि गयी ।इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने भगवान का परसाद ग्रहण किया। आचार्य धीरेन्द्र पांडेय ने बताया कि शिव के अंश ऋषि दुवार्सा, महेश, वृषभ, पिप्पलाद, वैश्यानाथ, द्विजेश्वर, हंसरूप, अवधूतेश्वर, भिक्षुवर्य, सुरेश्वर, ब्रह्मचारी, सुनटनर्तक, द्विज, अश्वत्थामा, किरात, नतेश्वर आदि जन्मे. इन अंशावतार का उल्लेख ह्यशिव पुराणह्ण में भी मिलता है. वीरभद्र को भगवान शिव का गण माना जाता है, जो कि उनकी जटा से उत्पन्न हुए हैं ।उनकी त्रिशूल, सर्प, गंगा, ध्यान, और भक्ति का प्रतीक है। जो उनके भक्तों को जीवन के संघर्षों से पार करने में सहायता करता है। शिव की महिमा में उनका ध्यान और भक्ति अनेक संतानों और शिव भक्तों ने अपनाया है ।जिससे उन्होंने संसार के जीवन को धार्मिकता, शांति और समर्पण के साथ जीने का मार्ग दिखाया है ।यज्ञ के मुख्य जजमान सुबोध कुमार मिश्रा, सुभद्रा देवी, आराधना मिश्रा ज्ञानी भगत , परमात्मा सिंह शंभू भगत राजदेव ठाकुर और राजकिशोर प्रसाद गुप्ता यज्ञ व्यवस्था अध्यक्ष रामाकांत सिंह, विपिन गुप्ता, बंका गुप्ता, कैलाश सिंह, महेश प्रसाद, रामकली, भगत, सते यादव राजेंद्र यादव, दरोगा ठाकुर सहित अन्य थे ।

# भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा को लेकर जितना थाना में दोनो देश के अधिकारियों की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता




मोतिहारी : सीमा सुरक्षा एवं आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल के अधिकारियों की एक बैठक सोमवार को जितना थाना परिसर में हुआ।बैठक मे आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने व अपराधियो की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर विमर्श किया गया।साथ ही सशस्त्र सीमाबल एवं पुलिस के साथ नेपाल पुलिस की गश्ती पर सहमति ब्यक्त करते हुए सुरक्षा ब्यवस्था मजबूत करने पर बल दिया गया।सीमा पर सुरक्षा को लेकर भारत नेपाल की सुरक्षा एजेंसियां व पुलिस बल दोनो सतर्क मोड में है।पिछले वर्ष सीमावर्ती घोडासहन,आदापुर तथा रामगढ़वा में नेपाल से आए डकैतों ने कई डकैती की घटनाओ को अंजाम दिया था।और घटना के बाद आसानी से वे नेपाल सीमा में घुस जाते थे।घोडासहन में डकैती की घटना को अंजाम देने के पहले ही पुलिस मुठभेड़ हुई थी।जितना थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि फिर कोई डकैती व अन्य कोई घटना नही हो इसके लिए नेपाल सहित सीमावर्ती थाने की पुलिस व एसएसबी जवानो की बैठक हुई है।बैठक में इंस्पेक्टर धनंजय शर्मा,एसएसबी इंस्पेक्टर राजनंदन कुमार,छौड़ादानो थानाध्यक्ष सरिता कुमारी,घोडासहन थानाध्यक्ष शम्भू मांझी,झरोखर थानाध्यक्ष शिवनाथ मांझी,कुण्डवा चैनपुर थानाध्यक्ष राकेश राय, महुअवा थानाध्यक्ष नेपाल की ईपीएफ,नेपाल की सिम्रोंनगढ़ थाना तथा नेपाल के पिपरपाती सुरक्षा प्रहरी बैठक में शामिल थे।

# जगिरहा-बिजबनी-घोड़ासहन छठ घाट बना आकर्षण का केंद्र



प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी/बनकटवा : लोक आस्था व सूर्य उपासना का महान चार दिवसीय पर्व चैती छठ के अंतिम दिन सोमवार को बनकटवा व घोड़ासहन प्रखंड को जोड़ने वाली अरुणा नदी के तट के सुप्रसिद्ध जगिरहा-बिजबनी-घोड़ासहन छट घाट पर सैकड़ो छठ ब्रतीयो द्वारा भगवान भास्कर को सुबह कालीन अर्घ्य अर्पित किया गया ।घाट पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु की भीड़ लगी रही ।पूर्वी तट पर घोड़ासहन व पश्चिमी तट पर स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ प्रेमकिशोर यादव के सौजन्य व बिजबनी-जगिरहा पूजा समिति द्वारा सजावट के व्यापक प्रबंध किए गए थे ।वही घाट पर सुरक्षा ब्यवस्था के मधेनजर घोड़ासहन व जितना थाना की पुलिस तैनात थी ।मेला को आकर्षक रूप देने के लिए विभिन्न प्रकार के सरकर्स झूला व अन्य मनोरंजक कार्ययक्रम की ब्यवस्था की गयी थी।मेले में गुम हो रहे बच्चो के खोजबीन के लिए दो नियंत्रण कक्ष बनाये गए थे।

# जयप्रकाश विश्विद्यालय में कुलपति ने किया भूमि पूजन



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन एवं पहुंच पथ तथा चहारदीवारी के शिलान्यास का आयोजन किया गया।विद्वान ब्राह्मण एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बी एन मिश्रा के सौजन्य से आज ये कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।मुख्य यजमान की भूमिका में कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई थे। इस अवसर पर विवि के पीआरओ प्रोफेसर हरिश्चंद्र प्रोफेसर रणजीत कुमार कुलसचिव,इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह,सभी विभागाध्यक्ष , साइंस डीन प्रोफेसर अशोक कुमार,वाणिज्य डीन प्रोफेसर कृष्ण कुमार मौजूद थे। भूमि पूजन सम्पन्न होने के बाद कुलपति ने महोदय सभी शिक्षकों एवं पदाधिकारियों तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों को बधाई दिया.माननीय कुलपति को भी सबने बधाई दिया.। कुलपति ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय से एक मानीटरिंग कमेटी बनाई जायेगी जो सभी कार्यो की मानीटरिंग करेगा। विदित हो कि केंद्रीय पुस्तकालय,छात्रा सामान्य सदन,छात्रा मेडिकल रूम,इन्डोर स्टेडियम,का कार्य कुछ पहला हो चुका है ।बिहार आधारभूत संरचना से सरकार ने उपर्युक्त भवनों का जीर्णोद्धार करने एवं पहुंच पथ तथा विश्वविद्यालय प्राचीर को बनाने का कार्य भी आधारभूत संरचना के द्वारा ही किया जायेगा।

# उदयान्चल सूर्याघ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। ऊत्तर बिहार के कोठियां-नराव ,सारण के प्रसिद्ध मनोकामना पूर्णि सूर्यनारायण मन्दिर पर छठ महापर्व हर्षोल्लास के सांथ संपन्न हो गया ।नहा-खा से शुरू होकर उदयान्चल सूर्याघ्य के सांथ संपन्न होने वाले चार दिवसीय लोक महापर्व छठ के अवसर पर सारण के ईकलौते उत्तर बिहार के प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भीं विशेष रौनक देखने को मिला ।व्रतियों ने सूर्य कुण्ड मेउदयान्चल सूर्य को अर्घ्य अर्पण करने के बाद सूर्यमन्दिर मे भगवान भुवन भाष्कर को दुग्ध और जल से अभिषेक कर मन्दिर की परिक्रमा की इसके बाद कथा श्रवण कर मन्दिर मे दान-पुण्य कर संत महात्माओ से आशीर्वाद प्राप्त कर हर्षोल्लास के सांथ अपने घर लौटे। दर्जनो व्रतियों ने सूर्य मन्दिर पर रखे मनोकामना के पूरा होने पर सूर्य मन्दिर पर तीन दिनों तक रात्री विश्राम करके व्रत की। मनोकामना पूर्णी सूर्य मन्दिर पर दर्जनो व्रतियो ने मनोरथ पूर्ण होने पर व्रत किया और सूर्य मन्दिर पर ही नहाय-खा कर खरना और अर्घ्य के प्रसाद बनाए। सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पण कर सूर्य मन्दिर मे पूजा कर मनोरथ पूर्ण होने का माता उतारे और कोसी भरी। छत्तीसगढ के भिलाई से आई रंगा देवी ने बताया कि हमने अवसाद प्राप्ति के लिए सूर्य मन्दिर पर मन्त रखी जिसके पूरा होने पर यहां व्रत करने आई हूं ।दिघवारा प्रखंड के सीतलपुर से आए उषा देवी ने भीं पुत्र प्राप्ति होने पर छठ किया ।सदर प्रखंड से आई रंजु देवी ने भी अवलाद की प्राप्ति पर व्रत किया ।वही मुन्नी देवी अपने बेटे की सरकारी नौकरी हेतु मन्नत रखी थी जिसकी पूर्णता के बाद वे व्रत की ।वही डोरीगंज थानाक्षेत्र के बलुआ से आई अनीता देवी व रुबी देवी ने अपने दो-दो बच्चो को बोर्ड परीक्षा मे प्रथम आने की मनोकामना पूरी होने पर छठ की ।सीतलपुर निवासी कमल देवी ने बताया कि हमारे बच्चे की तबियत ठिक नहीं हो रही थी जब हम यहां आकर मन्नत रखे तो दवा और मन्नत से बच्चा ठीक हो गया इस लिए यहां व्रत की हूं ।सोनपुर के किसमातो देवी ने बताया कि हमारे बच्चे के लिए हमारी ननद ने स्वस्थ होने की मन्नत रखी थी अब मेरा बेटा बिल्कुल ठिक हो गया तो मै अपने ननद द्वारा रखे मन्नत को उतारने के लिए सूर्य मन्दिर पर छठ करने आई हूं ।इस तरह से अन्य दर्जनो व्रतियो ने मनोकामना पूरा होने पर सूर्य मन्दिर पर रात्री विश्राम कर घाट सेवन करते हुए व्रत रखी और उदयान्चल सूर्य को अर्घ्य अर्पण कर कथा-पूजन के बाद स्वदेश लोटे। सूर्यनारायण मन्दिर सेवा समिति एवं प्रबंधन समिति कोठिया-नरांव के सदस्यों ने व्रतियों,दूर दराज से आए पर्यटको और सूर्य नारायण के भक्तो के सेवा मे सदैव तैनात दिखे ।दूर दराज व्रतियों के परिजन व पर्यटको के लिए सीतल पेय जल चाय व रात्री भंडारे का उत्तम प्रबन्ध किया गया था।

# शॉर्ट सर्किट से खलिहान में लगी आग , 13 सौ गेहूं बोझा राख



प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक के खैरनपुर गांव में सोमवार को बिजली के शार्ट सर्किट से खलिहान में आग लग गई,आग ने देखते ही देखते खलिहान में काट कर रखे 13 सौ गेहूं का बोझा जलकर राख कर दिया। अग्निकांड पीड़ित उदय मिश्रा ने बताया कि आग इतनी जल्दी खलिहान में पसरा कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाना चाहा पर लाचार दिखे फिर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पानापुर की फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

## एस सी एस टी एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

रक्सौल ।रामगढ़वा पुलिस ने रक्सौल एसडीपीओ के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के आमोदेई पंचायत के वार्ड सदस्य मोहम्मद अंजार को दलित उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।पुष्टि करते हुए पीएसआई विवेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पिछले कई दिनों से पुलिस को चकमा दे रहा था ,तभी पुलिस को सूचना मिली कि अभियुक्त अंजार आमोदेई के शोभा टोला में है तभी पुलिस ने नाटकीय ढंग से पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने में ले आयी जहाँ मेडिकल चेक अप कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।वही पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान अधकरिया मुर्गियां टोला में छापेमारी कर 7 लीटर अवैध शराब बरामद किया है ।जबकि कारोबारी फरार हो गया है।

# बाइक दुघर्टना में दो महिला गंभीर रूप से घायल, छपरा सदर रेफर



प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मशरक नगर पंचायत के राम जानकी पथ 227 ए शियरभुका में मशरक से बहरौली जाने के क्रम में नीलगाय के सड़क पार करने के क्रम बाइक सहित सवार तीन लोग दुर्घटना ग्रस्त हो गए जिसमें दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एसके विधार्थी ने दोनों घायल महिला को प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर रेफर कर दिया। दोनों घायल महिला का पहचान मशरक गोपालवारी निवासी सत्यनारायण सिंह की लड़की सोनम कुमारी एवं संजू कुमारी के रूप में हुआ है ।इस संदर्भ में जानकार लोगों ने बताया कि सोनम कुमारी का मॉडल ब्यूटी पार्लर बहरौली बाजार पर है। वहीं पर सोनम कुमारी एवं संजू कुमारी बाइक पर सवार होकर मशरक गोपालवारी से बहरौली जा रही थी उसी क्रम में गांव शियरभुका के समीप नीलगाय के सड़क पार करने के क्रम में बाइक और नीलगाय में ठोकर लगने से दुर्घटना हो गया।

# ट्रांसफार्मर पर आग लगने से लोगों में बढ़ने लगती है चिंताएं

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा- रसुलपुर गर्मी के दिन में बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर पर आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रहीं हैं जिससे आम लोगों को जानमाल की चिंताएं सताने लगी है ।बिजली के पोल पर लगाए गए कनेक्शन बॉक्स में लूज कनेक्शन के शार्ट सर्किट होने से आए दिन कहीं न कहीं आग लगने की घटनाएं सामने आ रहीं हैं,जिससे ग्राम वासियों को आग से जानमाल के नुकसान का भय सताने लगा है,एक सप्ताह पूर्व क्षेत्र के असहनी गांव में देर रात पोल पर आग लगने के कारण असहनी गांव निवासी श्री भगवान यादव के लगभग एक सौ गेंहु के बोझे जलकर राख हो गये जिसकी सूचना विभाग के जेई,लाईनमैन व पावर स्टेशन के सरकारी नः पर देने का प्रयास स्थानीय मुखिया व ग्रामीणों ने किया ताकि विद्युत सप्लाई बंद की जा सके पर किसी भी साहब ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा हालांकि इस घटना की पुनरावृति बीते रविवार को भी रात्रि दस बजे हुई जिसकी सूचना मुखिया अखिलेश ईशनाथ यादव ने स्वंय विभाग के संबंधित जिम्मेदारों को फोन किया पर पुनः किसी ने भी फोन उठाना शायद मुनासिब नहीं समझा और विद्युत पोल पर कई मिनट तक आग जलता रहा जिससे लोगों में अफरा तफरी मच गई हालांकि इस बार किसी तरह की कोई क्षति नहीं हुई है पर विगत 24 घंटे से असहनी के वार्ड संख्या 08 के लगभग दो सौ घरों में विद्युत आपूर्ति ठप है। वहीं इस घटना के बाद विद्युत विभाग के कमीर्यों व पदाधिकारीयों की कार्यशैली पर लोगों में आक्रोश है ।वहीं लोगों का कहना है कि ताजपुर फिडर के जेई मुखिया व विधायक तक का फोन नहीं उठाते फिर आमलोगों की तो बात हीं और है ।लोगों का कहना है कि विभाग पोल पर लगी वायर को सही से नहीं लगाता जिससे शार्ट सर्किट होने का खतरा हमेशा बना रहता है । में इस संबंध में ताजपुर फिडर के प्रभारी जेई नागेंद्र कुमार से मोबाईल पर संपर्क साधने का प्रयास किया गया पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# जईछपरा गांव में राम जानकी धाम पर बनने वाले सामूहिक धर्मशाला का हुआ शिलान्यास

प्रात : किरण, संवाददाता



मांझी। मांझी प्रखण्ड के जईछपरा गांव में राम जानकी धाम पर बनने वाले सामूहिक धर्मशाला का शिलान्यास राष्ट्रीय एथलीट विकास कुमार सिंह व राष्ट्रीय संत धर्म प्रचारक धर्मगुरु क्रांतिकारी नागा बाबा जी महाराज ने सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर विकास कुमार ने कहा की सामाजिक तौर पर होने वाले कार्यों में उनके द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा तथा उनसे जितना हो सकेगा वह सहयोग करने के लिए हमेशा ततपर पर रहेंगे। उन्होंने ने कहा कि धार्मिक श्रद्धा व आस्था के केन्द्रों के विकास हेतु वे सतत प्रयासरत हैं। क्षेत्रीय लोगों की मांग पर इस जानकी धाम पर धर्मशाला का निर्माण का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर जय प्रकाश महतो,स्वामी नाथ यादव,जीतन पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता बसंत कुमार चौबे,उमेश कुमार साह,विश्वजीत पाण्डेय,बिटू यादव,आनंद पाण्डेय,कामेश्वर पाण्डेय,शुरेश पाण्डेय आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने अंग्रेजी शराब व स्कॉर्पियो को किया जब्त

दिनारा (रोहतास) भानस ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजी शराब और स्कॉर्पियो को किया जब्त ,मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार। ओपीध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बरियारपुर पुल के समीप से स्कॉर्पियो से 500 एमएल का किंगफिशर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मामले में प्रयुक्त स्कॉर्पियो को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही साथ पुलिस ने चंदवा चौक आरा के रहने वाले पप्पू कुमार,निहाल कुमार एवं श्रीकांत यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### 630 लीटर जब्त शराब को किया गया विनष्ट



दुर्गावती। स्थानीय थाने में बरीय पदाधिकारी के निर्देश पर विभिन्न कांडों में जप्त 630 लीटर देसी और अंग्रेजी शराब को सोमवार को विनष्ट किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दुर्गावती राजीव रंजन सिंह ने बताया कि विभिन्न कांडों में जप्त 630 लीटर देसी और अंग्रेजी शराब को बरीय पदाधिकारी के निर्देश पर विनष्ट किया गया।

### बाबा साहब का जयंती धूमधाम से मनाई गई



नुआंव प्रखंड अंतर्गत उच्च मध्य विद्यालय सोनवर्षा में धूम धाम से मनाया गया भीमराव अम्बेडकर के 133वी जंयती। उच्च विद्यालय सोनवर्षा में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया जहां बच्चों के द्वारा ब्लैक बोर्ड पर बाबा साहब की तस्वीर बनाई गई और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया जहां। शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

### ट्रेन से गिरने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल

बनकटवा पु च। ट्रेन से गिरने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों ने आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा लाया गया मौके पर डॉ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामनरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया गया उक्त घायल युवक की पहचान जितना थाना क्षेत्र के जोलगवा गांव निवासी 26 वर्षिय रूपलाल कुमार माझी पिता जालन्धर माझी के रु में किया गया।

### रेलवे ट्रैक से बरामद व्यक्ति के शव का पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम



कैमूर। मोहनियां थाना क्षेत्र के पटना मोड़ ओवर ब्रिज से पश्चिम रेलवे ट्रैक से बरामद अज्ञात एक व्यक्ति के शव को पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने बताया कि पटना मोड़ ओवर ब्रिज से पश्चिम रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। वही आने वाले लोगों ने देखा तो घटनास्थल पर भीड़ लग गई। उसके बाद पुलिस को सूचना की गई जहां पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पहचान कराने के लिए काफी कोशिश किया लेकिन अभी तक शव का पहचान नहीं हुआ है। जहां शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। वही पहचान हेतु मोर्चरी हाउस में शव को 72 घंटे के लिए रखा गया है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चोरों ने विद्यालय में चोरी कर लाखों का सामान उड़ाया

## लगातार चोरी की घटना के बाद भी अधिकारी बनें मौन

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत काराकाट प्रखंड के ग्राम पंचायत मोथा निज ग्राम में रविवार की रात विद्यालय में चोरी की घटना होने का मामला प्रकाश में आया है । आये दिन चोरी की घटना काराकाट थाना क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही है । जो थमने का नाम नहीं ले रहा है । इस घटना में चोर मस्त दिखते नजर आ रहे हैं लेकिन वही पुलिस प्रशासन मामले में पस्त दिखते नजर आ रही है । जिससे काराकाट थाना क्षेत्र की सभी आम जनता चोरी की घटना को लेकर हमेशा चिंतित रहते हैं ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की वारदात काराकाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोथा निज ग्राम के उत्क्रमित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की है । जहां पर अज्ञात चोरों ने विद्यालय की चारदीवारी फांदकर विद्यालय परिसर के अंदर प्रवेश कर गए । उसके उपरांत विद्यालय के मुख्य चैन गेट पर लगे सिकड़ को काटकर अंदर प्रवेश कर गए । उसके बाद अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय कक्ष के मुख्य दरवाजा पर लगे सिकड़ को काटकर कार्यालय कक्ष में प्रवेश कर आलमीरा का लॉक तोड़कर उसके अंदर रखे चाबी का गुच्छा निकाल लिए। तत्पश्चात आईसीटी लैब व कार्यालय कक्ष में रखे लाखों रुपए के समान को चुरा लिए । घटना की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार राय ने बताया कि जब हम सोमवार को विद्यालय पर पहुंचे तो देखने को मिला कि विद्यालय के मुख्य चैनगेट का सिकड़ काटा गया है । साथ ही साथ कार्यालय कक्ष के मुख्य दरवाजे पर भी लगा सिकड़ कटा हुआ पाया गया ।उन्होंने कहा कि कार्यालय कक्ष के अंदर आलमीरा का लॉक तोड़कर उसमें रखे चाबी को गायब कर दिया गया था । श्री राय ने कहा कि अज्ञात चोरों ने आलमीरा से प्राप्त चाबी से आईसीटी लैब को खोलकर उसमें रखे लाखों रुपए के समान गायब कर दिए है । प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि आईसीटी लैब से मॉनिटर 6 पीस , की-बोर्ड 6 पीस , माउस 6 पीस , सीपीयू चार पीस ,थीन क्लाइंट पीन व हेडफोन 10 पीस ,कार्टिज 02 पीस , वेब कैमरा एक पीस एवं तार और कार्यालय कक्ष से म्यूजिक सिस्टम एक पीस , नाल एक पीस , तबला सेट एक पीस ,झांज तीन पीस सहित अन्य कागजात की चोरी कर ली गई है । साथ ही साथ 5 पीस सीपीयू एवं जियो वाई-फाई एवं सारा केवल अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है ।

श्री राय ने कहा कि घटित घटना को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध काराकाट थाना में लिखित आवेदन दे दी गई है । जब इस घटना की जानकारी काराकाट थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी से ली गई तो उन्होंने कहा कि काराकाट थाना क्षेत्र के मोथा गांव के उत्क्रमित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में चोरी की घटना घटित हुई है । जिसका लिखित आवेदन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध कांड दर्ज करते हुए स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# स्वीप कार्यक्रम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) जिला पदाधिकारी महोदय सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी काराकाट देवाशिष सिंह, प्रखंड संख्याकी पदाधिकारी काराकाट अनुज कुमार के उपस्थिति में सोमवार को बाराडीह पंचायत एंव बेनसागर पंचायत में स्वीप कार्यक्रम चलाया गया।

जिसके अंतर्गत डोर टू डोर मतदान संवाद, विद्यालय में पेंटिंग एवं चित्रांकन रंगोली के माध्यम से मतदाता को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। बाराडिह पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सुकहरा श्रीनगर, उच्च माध्यमिक विद्यालय इटड़िया (बेनसागर) में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, जीवीका दीदी, बीएलओ, छात्र-छात्राओं इत्यादि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मनीषा कुमारी, जयशंकर कुमार, संजय विकास, मुबारक अंसारी, विकास कुमार, सचिन कुमार, पटेल सर, पुनपुन कुमार, महिला पर्यवेक्षिका रुकसना खातुन, विकास मित्र शारदा देवी, किसान सलाहकार जैनेन्द्र कुमार सिंह, सी.सी जीविका सोनी कुमारी, पुनम कुमारी, ग्राम कचहरी सचिव मनोज कुमार, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, छात्र-छात्रा आदि शामिल थे।

# रोहतास पहुंचे बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने विपक्ष पर बोला हमला

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास। जिले के डेहरी पहुंचे बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने लालू परिवार पर जमकर हमला बोला है। मीसा भारती द्वारा प्रधानमंत्री को जेल भेजने वाले दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले वो अपने पापा जी, मम्मी जी, भैया जी और खुद को जेल जाने से बचाए उसके बाद किसी और को जेल भेजने के बारे में सोंचे। वही लालू की बेटी रोहिणी आचार्य द्वारा दिए गए बयान की पहले हमसे निपट ले उसके बाद मेरे पिता लालू यादव से इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि लालू जी के शासनकाल में जंगल राज हुआ करता था। जिसे बिहार की जनता आज भी जानती है की लालू के शासनकाल में प्रतिदिन सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण, हत्या लूट,जैसी घटनाएं नित्य घटती रहती थी। बिहार की जनता अभी जंगल राज को भूली नहीं है इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की जनता उन्हें उचित जवाब अपने वोंट के माध्यम से दे देगी। वही काराकाट लोक सभा से भोजपुरी के गायक और नायक पवन सिंह के चुनाव लड़ने पर विपक्षियों द्वारा भाजपा की भी टीम कहे जाने वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो लोग पवन सिंह को भाजपा की टीम कह रहे हैं पहले वो बताएं कि वो किस टीम में है और भाजपा का कोई इ और उ टीम नहीं है लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है और पवन सिंह के चुनाव लड़ने पर उपेंद्र कुशवाहा को तनिक भी नुकसान नहीं होने जा रहा है भाजपा एनडीए के सभी घटक दलों को एकजुट करके बिहार में 40 में से 40 सीट जीतेगी और लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर विपक्ष को करारा जवाब देगी। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने तेजस्वी के मछली खाने वाले वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह भरत का भारत है ये त्रेता का भारत है, ये द्वापर का भारत है, ये राम का भारत है, ये कृष्ण का भारत है, ये बुद्ध का भारत है, ये बौद्ध का भारत है, ये जो मछली खाकर कुछ खास लोगों को खुश किया जा रहा है और एक खास वर्ग को चीढ़ाया जा रहा है इसका जवाब उन्हें बहुत जल्द ही मिलने वाला है।

# मैट्रिक के अव्वल छात्रों को फास्ट मैथेमेटिक्स क्लासेज ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) विगत दिन बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2024 के जारी रिज्लट में काराकाट प्रखंड के फास्ट मैथ क्लासेज, बेलवाई मे पढ़ने वाला सुजीत कुमार ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड में टॉप किया है साथ ही साथ इस कोचिंग के सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभा कुमारी 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके इस कोचिंग संस्थान के नाम रौशन की हैं लवली कुमारी 92प्रतिशत, अलोक कुमार 90.6 प्रतिशत, बीटू कुमार 89.8 प्रतिशत, शिवम कुमार 89.4 प्रतिशत, रवि रंजन कुमार 88.4 प्रतिशत, प्रीति कुमारी 80.2 प्रतिशत और बहुत से छात्र छात्राओं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण के लिए काराकाट के शिशु शिक्षा मंदिर के प्रो.सुरेश तिवारी, डाक्टर दयानन्द, नूरबास आलम, और इस कोचिंग के संस्थापक नौशाद सर साथ ही साथ अशफाक आलम, इरफान वारिस और उनके अभिभावक मौजूद रहे। सभी को ट्रॉफी, मेडल और घड़ी देकर सम्मानित किया गया। सभी छात्र कोचिंग के साथ -साथ ग्रामीण - क्षेत्र के बच्चों का पढ़ने का प्रेरणाश्रोत बन गया है। मौके पर उपस्थित अतिथि और सभी अभिभावक को फूल माला और सॉल से सम्मानित किया गया।

# कोईलवर स्टेशन परिसर में लगी आग

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। पटना-बक्सर रेलखंड के कोईलवर रेलवे स्टेशन पर सोमवार की दोपहर भीषण आग लग गयी। आग ने देखते देखते विकराल रूप धारण कर लिया हालांकि गनीमत रहा कि अगलगी में किसी को नुकसान नही पहुंचा वरना कुछ भी अनहोनी हो सकता था। घटना जिसवक्त हुई उस समय 03203 पटना-दीनदयाल उपाध्याय पैसेंजर ट्रेन का समय था और सैकड़ों यात्री स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार मे मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 1 के करीब कोईलवर स्टेशन के अप प्लेटफॉर्म पर टिकट काउंटर के पीछे झाड़ियों में आग लगने की सूचना यात्रियों ने जीए इंचार्ज को दी। जीए इंचार्ज विनोद कुमार ने बताया कि आग अप प्लेटफार्म के सीढ़ी के दक्षिण लगा था। आनन फानन में इसकी सूचना डायल 112,आरा जीआरपी,आरपीएफ और फायरब्रिगेड को दी गयी और स्थानीय लोगों, यात्रियों और मौजूद रेलकर्मियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया जाने लगा हालांकि आग बुझने के बजाय और बढ़ता हुआ टिकट काउंटर और जीए इंचार्ज के केबिन तक पहुंच गया। सूचना के बाद आरा फायर स्टेशन से तीन छोटी दमकल गाड़ियां और बिहटा से एक बड़ी दमकल गाड़ी कोईलवर रेलवे स्टेशन पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। तकरीबन आधे घण्टे से अधिक के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# पत्नी ने धारदार हथियार से पति की गला रेत गंभीर रूप से किया घायल, ईलाज जारी



रोहतास। जिला अन्तर्गत तिलौथू थानाक्षेत्र में एक पत्नी ने अपने पति का धारदार हथियार से गला रेतकर घायल कर दी।तिलौथू के उत्तर पट्टी गाँव की घटना बताई गई है। गंभीर रूप से घायल सोनू चौधरी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल सासाराम में लाया गया है। ग्रामीण ने घटना के संबंध में बताया कि तिलौथू उत्तर पट्टी गांव निवासी 35 वर्षीय सोनू कुमार चौधरी और उसकी पत्नी सोनी देवी अक्सर लड़ाई झगड़ा करते थे। लेकिन पास पड़ोस के लोगों द्वारा समझा बूझाकर झगड़े को शांत कराया जाता रहा है। इसी कड़ी में दोनों के बीच घर में ही झगड़ा हो गई। इन दोनों के बीच तू तू मैं मैं होते-होते हाथापाई तक नौबत आन पड़ी। उसके बाद घर में रखा हुआ धारदार हथियार से पत्नी ने पति सोनू चौधरी की गला रेत डाली। घटना के बाद पत्नी घर छोड़कर फरार हो गई है।

# पिपरा जगदीश गांव को सडक से जोड़ने के लिए सांसद से मिला शिष्टमंडल

## डेढ़ करोड़ को लागत बन चुका है पंचायत सरकार भवन, गांव की आबादी 5 हजार से अधिक

प्रात: किरण संवाददाता



आरा/बिहिया। बिहिया प्रखंड क्षेत्र के पिपरा जगदीश गांव को मुख्य सडक से जोड़ने हेतु ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल सोमवार को आरा सांसद आरके सिंह से मिला। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि बिहिया प्रखंड के ग्राम पंचायत पिपरा जगदीश के राजस्व ग्राम पिपरा जगदीश आजादी से लेकर आज तक मुख्य सड़क से नहीं जुड़ने वाला संभवतः एकलौता गांव है। पिपरा जगदीश वर्ष 2001 से ग्राम पंचायत का मुख्यालय है, जहां सरकार द्वारा करीब 1 करोड़ 43 लाख की लागत से 2020 में पंचायत सरकार भवन का भी निर्माण कराया जा चूका है। बावजूद पंचायत सरकार भवन तक आने-जाने के लिए सड़क नही है। मात्र 500 मीटर सड़क के अभाव उपेक्षित है। गांव की आबादी लगभग 5 हजार से ऊपर है, जिसमें महादलित परिवारों की संख्या 50 घर, दलित परिवार 100 घर, अति पिछड़ा परिवार 200 घर, पिछड़ा परिवार 150 घर एवं समान्य परिवार के करीब 50 घर है। बरसात के दिनों में गांव से जाने के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करना पडता है। गांव में अचानक किसी की तबीयत खराब हो जाने पर ससमय इलाज में सड़क के नही रहने से बाधा उत्पन्न होता है। बरसात के दिनों में महिलाओं को प्रसव करना एक चुनौती है। जान जोखिम में डाल कर अस्पताल जाना पडता है। इतना ही नहीं इस सड़क के निर्माण हो जाने से पिपरा जगदीश के अलावे लहंग डुमरिया महादलित बस्ती, रामसौर समेत आधा दर्जन गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों ने इस संबंध में आवेदन जिलाधिकारी भोजपुर तथा उसकी प्रतिलिपि अंचलाधिकारी बिहिया, जगदीशपुर एसडीओ, जिला परिषद् अध्यक्ष, शाहपुर विधायक तथा मुख्यमंत्री बिहार को रजिस्टर्ड डाक से भेजा है। ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र प्रसाद, उमेश कुमार ओझा, वीर बहादुर सिंह, बबन प्रसाद सिंह, जयप्रकाश नारायण सिंह, उमाशंकर प्रसाद, गोपाल जी, बृजनंदन प्रसाद, मेही लाल रजक, सुनीश कुमार रजक, हरेराम मिश्रा, भीम सिंह, मिथलेश पांडेय, प्रमोद कुमार तिवारी, रजनीश कुमार सिंह एवं प्रदीप कुमार आदि थे।

# छठ पर्व पर 'एह युग में नोकरी मिलल मोहाल बा' नाटक का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड के निज ग्राम देवमार्कण्डेय गांव में रविवार की रात छठ महापर्व के पावन अवसर पर "एह युग में नोकरी मिलल मोहाल बा " नाटक का मंचन किया गया। नाटक कार्यक्रम का उद्घाटन उक्त गांव के रहने वाले मुख्य अतिथि समाजसेवी गिरजानंद मिश्र सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कार्यक्रम दौरान उपस्थित सभी कलाकारों सहित समाज के लोगों को नाटक के माध्यम से जिंदगी जीने की नई सीखन मिलती है। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर छठ पूजा समिति देवमार्कण्डेय के सभी सदस्यों को साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए। जिससे हमारे घर के नव निहालों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। उसके उपरांत कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से होते हुए पात्र परिचय के साथ सभी कलाकारों ने अपनी अपनी कला की प्रस्तुति की।

कार्यक्रम दौरान उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों की कला को देख भाव विभोर हो गए । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आनंद कुमार सिन्हा ने की। मौके पर सरपंच अभिभावक धर्मेंद्र कुमार मिश्र ,पंच सुग्रीव सिंह, श्याम बाबू यादव ,सिकंदर सिंह ,सुनील कुमार सिंह, नाटक के डायरेक्टर राज किशोर सिंह, मुख्य पात्र राजीव कुमार ,सूर्य बली सिंह, माधव सिंह चंदन ,धर्मेंद्र कुमार ,रवि कुमार सहित हजारों-हजार की संख्या में दर्शक और छठ व्रती लोग मौजूद थे।

# गाजे-बाजे के साथ साई बाबा की निकली पालकी यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



संझौली (रोहतास) स्थानीय शिव सरोवर स्थित साई मंदिर के परिसर में सोमवार को श्री राम जन्मोत्सव व श्री साई वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम मनाया गया। साई भक्तों द्वारा श्री साई बाबा की विधवत पूजा अर्चना की गई। जहां सैकड़ो पुरुष व महिला साई भक्त भाग लिए। जहां साई बाबा की पूजा अर्चना की। पूजा कार्यक्रम के बाद साई कमेटी द्वारा श्री साई बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा साई मंदिर स्थल से प्रारंभ हुई। संझौली मुख्य पथ पर न्यू एरिया होते हुए उदयपुर मोड़ तक गयी। उदयपुर मोड़ से वापस शिव सरोवर स्थित साई मंदिर पहुच सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पालकी यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पालकी यात्रा के दौरान पूरा शिव सरोवर साई मय हो गया। श्री साई पूजा पुरोहित राहुल बाबा द्वारा हुआ। साई पूजा कमेटी द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूजा कमेटी के सदस्य बिनोद कुमार,सतेंद्र सिंह,प्रकाश कुमार, मनु गुप्ता सुनील कुमार बिमलेश कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# गाँव में घुसे तेंदुए ने 3 लोगों को किया जख्मी

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के गीधा थाना क्षेत्र के राजपूतान पचैना में एक जंगली तेंदुए ने गांव में घुसकर तीन लोगो पर हमला कर दिया। इस दौरान तेंदुआ ने छलांग मारकर एक महिला सहित दो अन्य लोगो पर हमला कर जख्मी कर दिया। गांव में घुसे तेंदुआ ने काफी देर तक आतंक मचाए रखा। पूरे गांव के लोग दहशत में आ गए।

सूचना के बाद वन टीम मौके पर पहुंची और तेंदुआ को पकड़ने का प्रयास शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार गीधा थाना क्षेत्र के राजपूतान पचैना में सोमवार की सुबह एक तेंदुए ने गांव के लोगो पर हमला कर दिया।जख्मियों में अर्जुन राय (45 वर्ष) पिता चांददेव राय, राजपुतान पचैना के निवासी है। बिजली प्रसाद की पत्नी आशा देवी(50 वर्ष), अर्जुन राय और एक अन्य सब्जी विक्रेता जख्मी बताए जाते हैं। घायल आशा देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ,आरा भेजा गया है जबकि अर्जुन राय का इलाज पीएचसी कोईलवर में चल रहा है। ग्रामीणों की माने तो स्थानीय महिला आशा देवी और अर्जुन राम समेत चार लोग हमले में घायल हुए है। इसमें एक सब्जी विक्रेता भी शामिल है।पुलिस और वन विभाग की टीम गांव पहुंच कर देर शाम तक तेंदुए को पकड़ने के प्रयास में लगी रही।हालांकि खबर लिखे जाने तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जा सकता था। इधर, थानेदार नरोत्तम चन्द्र ने बताया कि ग्रामीणों से शुरूआती पूछताछ में गांव में सुबह 7 बजे तेंदुए को देखें जाने और हमले में ग्रामीणों के घायल होने की जानकारी हुई है। पुलिस और वन विभाग की टीम पकड़ने के प्रयास में लगी है।

# चैत नवरात्र के सप्तमी तिथि पर आरण्य देवी मंदिर में उमड़ी आस्था की भीड़



आरा। चैत नवरात्र की सप्तमी तिथि के मौके पर सोमवार को शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में श्रद्धालु-भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर मत्था टेका। इस दौरान ह्लमां आरण्य देवी की जयह्व और ह्लसच्चे दरबार की जयह्व के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा। चैत नवरात्रि सप्तमी तिथि के मौके पर सोमवार की सुबह से ही मां आरण्य देवी मंदिर में श्रद्धाल-भक्तों का तांता लगा रहा। महिला पुरुष भक्तों ने कतारबद्द होकर मां के दरबार में पूजा-अर्चना की तथा अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। यह सिलसिला रात तक चलता रहा। शाम में मां की संध्या आरती की गई। इस दौरान उन्हें मेवा व दूध से निर्मित खीर का भोग लगाया गया। तत्पश्चात भोग का प्रसाद श्रद्धाल-भक्तों के बीच वितरित किया गया। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया की चैत नवरात्र के मौके पर मां के मंदिर परिसर में रोशनी का समुचित प्रबंध किया गया है। सप्तमी तिथि के दिन मंदिर ट्रस्ट द्वारा भक्त-श्रद्धालुओं के बीच बेसन से निर्मित बुंदिया और मुढी का प्रसाद वितरण किया गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा मंदिर निर्माण में दिल खोलकर दान दिया।

# शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ मनायें रामनवमी का पर्व : जिलाधिकारी



मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरव जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा ढाका थाना पर अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना, ढाका, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ बैठक कर रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर किए गए कार्यो की समीक्षा की गई। इस वर्ष रामनवमी का त्यौहार 17.4.2024 को मनाये जाने की सूचना है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 का चुनाव जिला में 25 मई को होना निश्चित है जिसके मद्देनजर पिछले 16 मार्च से पूरे जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसे दृष्टिगत रखते हुए रामनवमी पर्व के अवसर पर विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पूर्वी चंपारण जिला में चिन्हित किए गए 301 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह प्रतिनियुक्ति सदर अनुमंडल मोतिहारी में 118 स्थानों पर, चकिया अनुमंडल में 42 स्थान पर, पकड़ी दयाल में 44, सिकरहना में 41,अरेराज में 43 एवं रक्सौल में 13 जगह को चिन्हित करते हुए वहां पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके लिए जॉइंट आर्डर निकाला गया है। जॉइंट ऑर्डर में स्पष्ट निर्देश है कि बिना लाइसेंस के कोई भी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं देनी है, यदि किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा जुलूस निकालने की अनुमति की मांग की जाती है तो रूट एवं समय आदि को ध्यान में रखते हुए नियम के अनुसार अनुज्ञप्ति निर्गत करने का निर्देश दिया गया है। जुलूस के प्रमुख व्यक्तियों का मोबाइल नंबर एक पंजी में संधारित करने के लिए कहा गया है ताकि आवश्यकतानुसार उनसे संपर्क स्थापित किया जा सके। प्रत्येक थाना और प्रखंड स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम का गठन करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर आसूचना तंत्र को मजबूत करने एवं असामाजिक तत्व तथा अफवाह फैलाने वाले सांप्रदायिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और ऐसा कोई भी मामला संज्ञान में आने पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जुलूस के मार्ग का खुद से भौतिक सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया गया है।

# रक्सौल एस एस बी नें लगाया मानव व पशु चिकित्सा शिविर, हुआ नि:शुल्क इलाज

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल।47वीं वाहिनी एस एस बी रक्सौल नें सीमावर्ती क्षेत्र के कठिया मठिया पंचायत के सिधवलिया में मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन को किया। इस अवसर पर डा० प्रतीक रंजन 47वीं वाहिनी स०सी०ब०, रक्सौल एवं डा० गुरविंदरजीत सिंह (कमांडेंट, पशु चिकित्सा) क्षेत्रक मुख्यालय, स०सी०ब० बेतिया के द्वारा इस चिकित्सा शिविर में कई पुरुष एवं महिलाओं के साथ साथ विभिन्न प्रकार के पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण कर महिला पुरुषों एवं पशु मालिकों के बीच निशुल्क दवा का वितरण किया गया । 47वीं वाहिनी के ए कम्पनी के समवाय प्रभारी श्री रामा प्रसाद घोष, अधीनस्थ अधिकारियों एवम् अन्य कार्मिकों का इस शिविर के सफल संचालन में अपेक्षित सराहनीय सहयोग रहा। उक्त शिविर में समवाय के स० सी० ब० कार्मिकों के साथ स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे इस आयोजन को करने का उदेश्य मानव सेवा की भावना को जन मानस में अंकित करना है। साथ ही एस एस बी का उदेश्य बॉर्डर की रक्षा हेतु असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध कठोर लड़ाई के साथ ही आम और सामाजिक धारा के लोगों के प्रति एस एस बी की सहृदयता को प्रदर्शित करना है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024





# स्पेनिश फिल्म में उषा जाधव ने दिखाया अदाकारी का नया आसमां

भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली उषा जाधव इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा में खूब दमक रही हैं। उनकी नई फिल्म 'द जंप' का हाल ही में स्पेन में प्रीमियर हुआ और इस फिल्म के निर्देशक बेनितो जैंब्रानो स्पेन के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता निर्देशक हैं। भारतीय दर्शकों में अंग्रेजी के बाद जिस विदेशी भाषा की फिल्में व सीरीज सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, उनमें कोरियाई और स्पैनिश सबसे आगे है। स्पेन की फिल्मों व सीरीज की तो युवाओं में सबसे ज्यादा मांग रहती है। इधर, भारतीय सिनेमा में अपने अभिनय की छाप राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से लेकर भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल तक छोड़ चुकीं अभिनेत्री उषा जाधव की नई फिल्म 'द जंप' के प्रीमियर की तस्वीरें देख मुंबई के फिल्म निर्देशक और निर्माता उन्हें बधाई देने के लिए लगातार फोन कर रहे हैं। उषा जाधव बताती हैं, 'बेनिटो जैम्ब्रानों की इस फिल्म में मैं आसमां का किरदार निभा रही हूं। ये किरदार एक प्रवासी युवती का है जो स्पेन में काम करती है।' उषा जाधव ने अपने करियर में लगातार ऐसी भूमिकाएं स्वीकार की हैं जिनमें उनके अभिनय के अलग अलग रंग सजते रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाने वाली उनकी फिल्म 'धग' से लेकर भारत के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिलाने वाली फिल्म 'माई घाट' तक उषा ने अपनी दमक दुनिया भर को दिखाई है। उषा के पास जब इस स्पैनिश फिल्म का प्रस्ताव आया तो उनकी क्या प्रतिक्रिया रही, ये पूछे जाने पर उषा कहती हैं, 'बेनिटो ने मेरा काम देखा है तो जब हम मिले तो उन्होंने मुझे इस किरदार का प्रस्ताव दिया और आग्रह किया कि मैं उनकी फिल्म का हिस्सा बनूं। उनका इस तरह से मुझे ये प्रस्ताव देना मुझे बहुत पसंद आया और मैंने हां कर दी। बस, इसके बाद अब फिल्म दर्शकों के सामने हैं। जल्द ही भारतीय दर्शक भी इसे देख पाएंगे।' शरणार्थी समस्या पर बनी फिल्म 'द जंप' एक बहुत ही मार्मिक फिल्म है। यूरोप में एशियाई और अफ्रीकी देशों से आने वाले लोग जिस तरह की दिक्कतों से गुजरते हैं, उन पर ये फिल्म बहुत ही संवेदनशील तरीके से रोशनी डालती है।



# आर्टिकल 370 की शानदार सफलता से गदगद हुईं यामी गौतम

## जताया दर्शकों का आभार

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 फरवरी में देशभर में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इसके साथ ही फिल्म में यामी के अभिनय प्रदर्शन की भी खूब तारीफ हुई है। यह फिल्म कश्मीर में आतंकवाद के बढ़ने और इसके खिलाफ सरकार की लड़ाई पर आधारित है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबर्दस्त कलेक्शन किया है। अभी भी ये फिल्म सिनेमाघरों में लगी हुई है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिले प्यार के लिए यामी ने दर्शकों को आभा व्यक्त किया है।

### सोशल मीडिया पर साझा किया पोस्ट

यामी गौतम ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दर्शकों के लिए एक धन्यवाद नोट लिखा है। अभिनेत्री ने लिखा, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में अभी भी सफलतापूर्वक चल रही फिल्म के 50 गौरवशाली दिनों का समय बीत चुका है। मुझे यह खास अवसर देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बेहद आभारी हूं। एक शानदार निर्माता होने के लिए लोकेश धर का विशेष धन्यवाद।

### फिल्म की टीम और दर्शकों का जताया आभार

उन्होंने आगे लिखा, फिल्म में जान डालने के लिए निर्देशक, लेखकों, अभिनेताओं और एडिटिंग समेत पूरी टीम को धन्यवाद। यामी ने लिखा, मैं अपने दर्शकों का इस विश्वास को बहाल करने के लिए आभारी हूं कि वे हमेशा ऐसे सिनेमा को अपनाएंगे और उसका जश्न मनाएंगे। एक इंडस्ट्री के रूप में, हमें अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखना चाहिए। ऐसे हम आपके दिलों में अपना रास्ता बना ही लेंगे। यामी गौतम ने फिल्म में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाई है।

### फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी फिल्म

आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 पहले दिन से सिनेघरों में तारीफें लूटने में सफल रही है। ये फिल्म बी 62 स्टूडियो और जियो स्टूडियो के तहत लोकेश धर, आदित्य धर और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी सिद्धार्थ दीना वसानी ने की थी और संपादन शिवकुमार वी पणिक्कर ने किया था। 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में प्रियामणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर भी अहम रोल निभा रहे हैं।

# फेमिनिज्म को सही नहीं मानती हैं नोरा

नोरा फतेही एक आजाद ख्याल अभिनेत्री हैं। नोरा फेमिनिज्म पर बात करते हुए बोलती हैं, मुझे किसी की जरूरत नहीं है। मैं अपने आप में पूर्ण हूं। मैं फेमिनिज्म के इस विचार को नहीं मानती हूं। अभिनेत्री नोरा फतेही बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा हाल में रिलीज हुई फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में नजर आई थीं। दर्शकों ने इस फिल्म में नोरा के अभिनय को काफी सराहा था। पिछले दिनों अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान अपनी निजी जिंदगी के अलावा फेमिनिज्म पर अपने विचार रखती नजर आईं। नोरा फतेही एक आजाद ख्याल अभिनेत्री हैं। नोरा फेमिनिज्म पर बात करते हुए बोलती हैं, मुझे किसी की जरूरत नहीं है। मैं अपने आप में पूर्ण हूं। मैं फेमिनिज्म के इस विचार को नहीं मानती हूं। मुझे ये बकवास लगता है। वास्तव में मुझे लगता है कि फेमिनिज्म हमारे समाज को खराब कर रहा है। ये आइडिया कि मुझे आजाद रहना है, बच्चे नहीं पैदा करना है और शादी नहीं करनी है मैं इन बातों में विश्वास नहीं करती हूं। नोरा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं मानती हूं कि महिलाओं को काम करना चाहिए। उन्हें भी आर्थिक रूप से आजाद होना चाहिए, लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि वे पालन-पोषण करने वाले अपने गुणों को भूल जाएं। वैसे ही पुरुषों को भी याद रखना चाहिए कि उन्हें पैसे कमाना है और घर चलाना है। दोनों को एक-दूसरे की जरुरत है। मैं इस बात में विश्वास नहीं करती हूं कि कोई किसी से कम है।

### नोरा हो रही हैं ट्रोल

नोरा फतेही इस बात पर जोर देकर कहती हैं कि न तो महिलाओं को अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना चाहिए और न ही पुरुषों को। नोरा कहती हैं, जैसे एक औरत मां होती है, पत्नी होती है वैसे ही पुरुष पिता, पति और भाई होता है। परिवार को चलाने की जिम्मेदारी उसकी होती है। फेमिनिज्म पर नोरा के विचारों को जानकर कुछ इंटरनेट यूजर्स उन्हें ट्रोल भी करने लगे हैं। एक यूजर ने लिखा है, संदीप रेड्डी वांगा को अपनी अभिनेत्री मिल गई है। वे अपनी फिल्मों में महिलाओं को कुछ-कुछ ऐसे ही दिखाते हैं जैसे नोरा यहां बोल रही हैं।



# राजकुमार राव की 'श्रीकांत' देखने के लिए बेकरार हैं कियारा आडवाणी

'श्रीकांत' फिल्म का ट्रेलर देखकर अभिनेत्री कियारा आडवाणी काफी रोमांचित हैं। राजकुमार राव की फिल्म को लेकर उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी भी साझा की है। राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'श्रीकांत' को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने हाल ही में उनकी तारीफ की है। दरअसल, फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद अभिनेत्री कियारा आडवाणी काफी रोमांचित हैं। वह मूवी देखने के लिए बेकरार हुईं जा रही हैं। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, असाधारण! फिल्म देखने के लिए बेसब्री से इंतजार है। साथ ही उन्होंने राजकुमार राव और फिल्म के निर्देशक तुषार हीरानंदानी को टैग भी किया। फिल्म के अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कियारा की प्रतिक्रिया को साझा करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि, बहुत शुक्रिया कियारा। अभिनेता राजकुमार राव ने फिल्म में उद्योगपति श्रीकांत बोला का किरदार निभाया है।

फिल्म में इन सितारों ने किया है अभिनय

फिल्म में राजकुमार राव मुख्य भूमिका में हैं। वह उद्योगपति श्रीकांत बोला के सफर को पर्दे पर दिखाएंगे। फिल्म में अलाया एफ, शरद केलकर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इसका निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म 10 मई तक सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





# आईएफएस अधिकारी बन धमाल मचाने को तैयार जान्हवी कपूर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने साउथ डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। इसके साथ ही वे राम चरण के साथ आरसी 16 की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेत्री की नई बॉलीवुड फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आ चुका है। जान्हवी बॉलीवुड फिल्म उलझ में आईएफएस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 11 सितंबर, 2023 को खत्म हो चुकी है। बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर उलझ के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। वहीं अब फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जंगली पिक्चर्स के बैनर तले उलझ के निर्माता 5 जुलाई, 2024 को फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म के निर्माण से जुड़े एक अंदरूनी सूत्र ने का दावा है कि पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के करीब है। जंगली पिक्चर्स की टीम 5 जुलाई, 2024 को अपनी राजनीतिक थ्रिलर लाने का लक्ष्य बना रही है और आधिकारिक घोषणा नजदीक है। फिल्म की टीम भी इसकी रिलीज के लिए काफी उत्सुक है, क्योंकि वे भारतीय सिनेमा के दर्शकों के लिए एक नई शैली पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उलझ के अलावा जान्हवी कपूर की अगले तीन महीनों में एक और फिल्म रिलीज होगी, वह है शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही। रिपोर्ट्स के अनुसार, मिस्टर एंड मिसेज माही की तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। वहीं, सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी उलझ के कलाकारों की बात करें तो फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इससे पहले जान्हवी कपूर ने फिल्म की शूटिंग खत्म करने के बाद उलझ से अपने जुड़ाव के बारे में बात की थी। फिल्म के बारे में बात करते हुए जान्हवी ने कहा था कि मैंने इस अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है, मैं हर दिन उठती हूं और फिल्म में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को, हर चीज के लिए अपना दिल और आत्मा देते हुए देखकर बहुत प्रेरित महसूस करती हूं। यह देखना आश्चर्यजनक था कि हर कोई कितना भावुक था, कितने ऊर्जावान थे और सब कुछ कितना मजेदार था।

वहीं बात करें जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्मों के बारे में तो उलझ के अलावा वे मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी। वहीं, अभिनेत्री साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ देवरा से तेलुगु डेब्यू करने वाली हैं। वहीं वे राम चरण के साथ आरसी 16 में नजर आएंगी। साथ ही जान्हवी के पास सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी भी है।



# फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को पसन्द नहीं करते हैं मेल एक्टर्स

विद्या बालन हिन्दी सिनेमा की चर्चित और सुप्रसिद्ध मोस्ट पॉपुलर स्टार हैं। उन्होंने कई बोल्ड और मजबूत किरदार किए हैं और दर्शकों को अपने अभिनय से प्रभावित किया है। विद्या कई फीमेल सेंट्रिक फिल्में कर चुकी हैं। इन दिनों वे अपकमिंग फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म प्रमोशन के दौरान उन्होंने फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को लेकर रिएक्ट किया है। फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को लेकर विद्या ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि मेल एक्टर्स आज भी फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को लेकर खुश होंगे। सच कहूं तो ये उनका नुकसान है क्योंकि हम उनसे बेहतर फिल्में कर रहे हैं। मुझे वास्तव में इस पर विश्वास है। वो फॉर्मूला बेस्ड फिल्में कर रहे हैं, वुमेन लीड फिल्में ज्यादा एक्साइटिंग हैं।

मेल एक्टर्स होते हैं अनकम्फर्टेबल

आगे उन्होंने कहा, हां, लोग तारीफ करते हैं पर मेल एक्टर्स अनकम्फर्टेबल होते हैं जब एक महिला सेंटर स्टेज लेती है। मुझे नहीं लगता है कि उन्हें खुशी होगी कि कोई उनकी लाइमलाइट चुरा ले। पर मुझे कभी बुरा नहीं लगा। ये ऐसा था कि अगर वे घबराए हुए हैं तो मैं क्या कर सकती हूं। विद्या के करियर की बात करें तो उन्होंने कई फीमेल सेंट्रिक फिल्में की हैं। वो इशकिया, नो वन किल्ड जेसिका, द डर्टी पिक्चर, कहानी, तुम्हारी सुलू, शेरनी और जलसा में नजर आ चुकी हैं। विद्या की फिल्मों को प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। विद्या को द डर्टी पिक्चर के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। अब विद्या को दो और दो प्यार में देखा जाएगा। इस फिल्में प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और राममूर्ति जैसे सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म 19 अप्रैल को थिएटर में रिलीज होगी।

### भूल भुलैया-3 में नजर आएंगी विद्या

इसके अलावा विद्या कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया-3 में नजर आएंगी। फिल्म में तृप्ति डिमरी भी लीड रोल में हैं। इसे अनीस बज्मी निर्देशित कर रहे हैं।

# पैसों के लिए फिल्में नहीं करना चाहते हैं विक्रांत मैसी

'12वीं फेल' के अभिनेता विक्रांत मैसी अपने सिद्धांतों को लेकर खुलकर बोले हैं। वह खुद को एक आम इंसान की तरह देखना चाहते हैं। अभिनेता की आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' है, जिसमें वो मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। अभिनेता विक्रांत मैसी अपनी फिल्म '12वीं फेल' को लेकर काफी चर्चा में रहे। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की खूब प्रशंसा की। इससे पहले अभिनेता ने 'मिर्जापुर' सीरिज में अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा था। विक्रांत ने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी, जिसके बाद उन्होंने फिल्मों की ओर अपना रुख किया। हाल ही में एक साक्षात्कार में अपने सिद्धांतों को लेकर अभिनेता ने विचार साझा किए हैं। एक साक्षात्कार में '12वीं फेल' के अभिनेता ने अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने और सत्यनिष्ठा बनाए रखने को लेकर बातचीत की। वह खुद को एक आम इंसान की तरह ही देखना चाहते हैं और इंडस्ट्री से मिले लाभ का दुरुपयोग नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, 'सफलता पाने का एक ही तरीका है कि आप ईमानदार रहे और कठिन परिश्रम करें'।






## संक्षिप्त समाचार

### फिटजी पेश करते हैं डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिएभारत के प्रमुख कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 के छात्रों के लिए डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट 'मास्टर्स ऑफ डायग्नोसिस' की घोषणा की है। यह उन छात्रों के लिए बेहतरीन अवसर है जो अपनी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर फिटजी की असाधारण दुनिया में प्रवेश पाना चाहते हैं। डायग्नॉसिस कम स्कॉलरशिप टेस्ट को छात्रों के मौजूदा ज्ञान एवं क्षमता केमूल्यांकन के लिए डिजाइन किया गया है। इस टेस्ट के मायध्म से छात्रअपनी मौजूदा एवं छिपी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर सकेंगे। वेअपने आईक्यू, एनालिटिकल एवं लॉजिकल स्किल्स एवं प्रॉबलम-सॉल्विंगक्षमता की जांच कर सकेंगे, जो विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं मेंसफलता पाने और जीवन की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिएजरूरी है। अपनी शुरूआत के बाद से फिटजी ने छात्रों को जेईई मेन और जेईईअडवान्स्ड तथा अन्य प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं की तैयारी मेंसहयोग प्रदान कर अपनी विशेष पहचान बनाई है। पिछले सालों के दौरानफिटजी ने जेईई के टॉपर्स दिए हैं, जो पढ़ाने के तरीकों एवं अकादमिकउत्कृष्टता के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्थान की उत्कृष्टविशेषज्ञता, सक्षम फैकल्टी और व्यापक अध्ययन सामग्री प्रमुख कोचिंगसंस्थान के रूप में इनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत बनाती है। हालांकि फिटजी मुख्य रूप से जेईई की तैयारी में छात्रों को मार्गदर्शन प्रदानकरता रहा है। यहां इस बात पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि 'मास्टर ऑफ्डायग्नॉसिस', डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट सिर्फ जेईई केमहत्वाकांक्षी छात्रों के लिए ही नहीं है। यह टेस्ट विभिन्न विषयों में छात्रों कोउनके ज्ञान एवं अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन करने में मदद करता है।

### हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के बोर्ड ने प्रेफेरेंशिएल इश्यू के द्वारा 4860 मिलियन रुपये जुटाने को मंजूरी दी

**मुंबई, एजेंसी।** इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज़ में अग्रणी हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (बीएसई 532467) ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने फुली कन्वर्टिबल वारंट्स के प्रेफेरेंशिएल इश्यू के 4860 मिलियन रुपये के फंड रेज़ को 300 रुपये प्रति वारंट के इश्यू प्राइस ( मेंबर्स की मजूरी के अधीन ) मंज़ूरी दी। प्रस्तावित आवंटियों में एफआईआई और नॉन-प्रमोटर ग्रुप के अन्य इन्वेस्टर्स शामिल हैं। बोर्ड ने ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल में वृद्धि और एक धन जुटाने वाली कमेटी के गठन को भी मंजूरी दी। हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत के तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर लैंडस्केप में सबसे आगे है, जिसने स्ट्रेटिजिकली हाई-क्वॉलिटी और विश्वसनीय इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज़ देने के लिए समर्पित एक व्यवसायिक क्षेत्र के विकास में कदम रखा है। राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में बढ़ती मांग के जवाब में, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड तेजी से उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है। पिछले कुछ वर्षों में, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने ईपीसी और हाइब्रिड एन्युटी मॉडल एग्जीक्यूशन मेथड दोनों का उपयोग करते हुए, महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन के लिए लीडिंग प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक शुरू करके उल्लेखनीय माइलस्टोन हासिल किए हैं।

# ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का असर भारत के कारोबार पर पड़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान ने इजरायल पर अटैक किया है। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस युद्ध का असर कई देशों पर पड़ सकता है। ईरान ने इजरायल पर शनिवार देर रात सैकड़ों ड्रोन, क्रूज मिलाइल और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले के बाद से मध्य-पूर्व में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध तेज होने की आशंका से पूरी दुनिया सहमी हुई है। ईरान और इजरायल युद्ध का असर भारत पर देखने को मिल सकता है। अगर दोनों देशों के बीच जंग छिड़ती है तो इससे न केवल भारत में महंगाई बढ़ने का खतरा है, बल्कि शेयर बाजार पर नकारात्मक असर होने की आशंका जताई जा रही है। भारत के दोनों ही देशों से कारोबारी संबंध है। ऐसे में इस युद्ध से भारत के कारोबार पर असर पड़ सकता है। आईए जानते हैं भारत के ईरान और इजरायल के साथ कैसे कारोबारी संबंध हैं। दोनों के बीच कितना कारोबार होता है। इस युद्ध का इसपर क्या असर पड़ सकता है।





### इन सामानों का होता है निर्यात

भारत मुख्यतः ईरान को चाय, कॉफी, बासमती चावल और चीनी का निर्यात करता है। भारत से ईरान को पिछले साल करीब 15,300 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था। वहीं, ईरान से भारत ने पेट्रोलियम कोक, मेवे और कुछ अन्य चीजें आयात की थीं। इनका मूल्य करीब 5500 करोड़ रुपये था। भारत चाबहार पोर्ट और इससे लगे चाबहार स्पेशल इंडस्ट्रियल जाने में भी साझेदार है। साल 2023 में भारत का इजरायल के साथ 89 हजार करोड़ रुपये का कारोबार रहा है। भारत ने ईरान को 70 हजार करोड़ रुपये का माल और सेवाओं का निर्यात किया।

### लगातार बढ़ा कारोबार

रिपोर्ट के मुताबिक, एफवाय22 के मुकाबले एफवाय23 में दोनों देशों के बीच कारोबार करीब 21 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। ईरान और इजरायल के साथ पिछले साल भारत ने करीब 1.1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया था। ईरान के साथ भारत ने 20800 करोड़ का कारोबार किया। अगर ईरान-इजरायल युद्ध से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता प्रभावित होता है तो भारत को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल कच्चे तेल के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक अहम रास्ता है। चूंकि, भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर क्रूड ऑयल आयात करता है तो ऐसे में कच्चे तेल के दाम में तेजी से यहां वित्तीय घाटे पर बोझ बढ़ सकता है। वहीं देश में महंगाई का संकट खड़ा हो सकता है।

## अडानी के शेयर की बदौलत एलआईसी की चांदी, 61 हजार करोड़ से ज्यादा का हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश वैल्यू में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडानी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडानी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों - अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडानी एंटरप्राइजेज - में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह में किए गए निवेश पर 59 प्रतिशत का लाभ हुआ।

इस दौरान अडानी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों - कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। आंकड़ों के मुताबिक, अडानी एंटरप्राइज लिमिटेड में एलआईसी का निवेश 31 मार्च, 2023 को 8,495.31 करोड़ रुपये से बढ़कर एक साल बाद 14,305.53 करोड़ रुपये हो गया।

## 49 पर जा सकता है सुजलॉन एनर्जी का शेयर, सालभर में 416 प्रतिशत चढ़ गया भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप भी किसी रिन्यूएबल एनर्जी शेयर पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आप सुजलॉन एनर्जी पर फोकस रख सकते हैं। सुजलॉन एनर्जी के शेयर को लेकर मार्केट एक्सपर्ट बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी ने सुजलॉन एनर्जी के शेयर पर 49 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है और इसे खरीदने की सलाह दी है। आनंद राठी के मुताबिक, कंपनी को मार्च तिमाही में मजबूत विंड टर्बाइन डिलीवरी की उम्मीद है। घरेलू ब्रोकिंग फर्म ने सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के लिए 313 मेगावाट का अनुमान लगाया है।

# इजरायल पर ईरान के बड़े हमले के बाद औंधे मुंह गिरे तेल के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल पर ईरान के हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने का अंदेशा जताया जा रहा था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों पर इसका असर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी। एनालिस्टों का अनुमान है कि अगर यह युद्ध बड़ा रूप लेता है तो ब्रेंट क्रूड ऑयल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकता है। हालांकि इन सबसे बीच क्रूड ऑयल की कीमतों में एशियाई बाजार में गिरावट आई है। ईरान की कार्रवाई की उम्मीद में कीमतें पहले ही बढ़ गई थीं, पिछले हफ्ते ब्रेंट क्रूड छह महीने के उच्च स्तर के करीब पहुंच गया था। जानकारों के मुताबिक, तेल बाजार को इस समय किसी भी अतिरिक्त आपूर्ति खतरे को ध्यान में रखने की आवश्यकता नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर के निशान से नीचे गिर सकता है, लेकिन व्यापारियों के गाजा और यूक्रेन में संघर्षों से जुड़े जोखिमों पर ध्यान केंद्रित रहने के कारण एक बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। विश्लेषकों ने यह भी कहा कि हमले पर इज़राइल की प्रतिक्रिया आने वाले दिनों और हफ्तों में वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होगी।




पिछले हफ्ते के अंत में, ब्रेंट क्रूड की कीमत 92.18 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जो अक्टूबर के बाद सबसे अधिक है, लेकिन फिर गिरकर 90.45 डॉलर पर बंद हो गई। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के मुताबिक, ईरान दुनिया का सातवां सबसे बड़ा तेल उत्पादक है और ओपेक तेल उत्पादकों के कार्टेल का तीसरा सबसे बड़ा सदस्य है। विश्लेषकों का कहना है कि तेल की कीमत के लिए आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से शिपिंग प्रभावित होगी। ओमान और ईरान के बीच स्थित जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग है, क्योंकि दुनिया की कुल तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इससे होकर गुजरता है।

ओपेक के सदस्य सऊदी अरब, ईरान, यूएई, कुवैत और इराक अपने द्वारा निर्यात किए जाने वाले अधिकांश तेल को जलडमरूमध्य से भेजते हैं। शनिवार को, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय इज़राइल से जुड़े एक वाणिज्यिक जहाज को जब्त कर लिया।

### दिख रही गिरावट

कच्चे तेल की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 33 फीसदी गिरकर 85.38 डॉलर प्रति बैरल पर हैं। वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमत गिरकर 90/28 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।

# एलन मस्क की कार में लगेंगे टाटा के चिप्स, टेस्ला के साथ हुई डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला और टाटा इलेक्ट्रानिक्स के बीच एक स्ट्रैटजिक डील हुई है। टेस्ला ने अपनी कारों के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से सेमीकंडक्टर चिप्स खरीदने के लिए यह डील की है। यह डील इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को टॉप ग्लोबल क्लांट के लिए विश्वसनीय सप्लायर के रूप में स्थापित करेगा। यह समझौता कुछ ही महीनों में पूरा हो जाएगा। इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली दुनिया की यह टॉप कंपनी भारत में एंट्री करना चाहती है। भारत दुनिया का सबसे तेज गति से बढ़ने वाला ऑटोमोटिव मार्केट के रूप में उभर रहा है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने पीएम मोदी से मिलने भारत आ रहे हैं। मस्क के इस भारत दौरे से टेस्ला के जरिए भारी निवेश की उम्मीद है। ईटी की खबर के मुताबिक टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और टेस्ला के बीच डील की रकम को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। दोनों कंपनियों ने इस डील पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।




# बायजू इंडिया के सीईओ का मोहभंग! पद संभालने के 7 महीने में ही दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडुटेक कंपनी बायजू का संकट बढ़ता जा रहा है। बायजू इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अब बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन डेली ऑपरेशनल वर्क को संभालेंगे। बता दें कि अर्जुन मोहन को पदभार संभाले सिर्फ 7 महीने ही हुए थे। मतलब ये कि उन्होंने एक साल के भीतर ही अपने पद को छोड़ दिया है। कंपनी ने 15 अप्रैल को एक बयान में कहा- बायजू इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने पदभार संभालने के लगभग 7 महीने बाद ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फाउंडर बायजू रवींद्रन डेली ऑपरेशनल जिम्मेदारियों को फिर से शुरू कर रहे हैं। रवींद्रन करीब 4 साल बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अर्जुन मोहन एक एक्सटर्नल एडवाइजर की भूमिका में जाएंगे।




बायजू में बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब कंपनी ने अपने परिचालन को तीन केंद्रित डिवीजनों - द लर्निंग ऐप, ऑनलाइन क्लासेस एंड ट्यूशन सेंटर और टेस्ट-प्रीप में कंसोलिडेट किया है। इनमें से प्रत्येक यूनिट में अलग-अलग लीडर होंगे जो कंपनी के प्रॉफिट को सुनिश्चित करने के लिए कारोबार को स्वतंत्र रूप से चलाएंगे। आर्थिक संकट से जूझ रही कंपनीः बायजू आर्थिक संकट से जूझ रही है। कंपनी कर्मचारियों को समय से सैलरी नहीं दे पा रही तो बड़े पैमाने पर छंटनी हो रही है।

# बीकॉम, बीबीए, एमबीए के साथ मिलेगी फ्री स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग

**जबलपुर।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (आईडीए), विजयनगर में फाउंडर्स डे उत्साह से सेलिब्रेट किया गया। जहां आईडीए कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि कॉलेज में न सिर्फ छात्र बीकॉम, बीबीए, एमबीए जैसे डिग्री कोर्स कर सकेंगे बल्कि उन्हें फ्री स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि वे अपनी रुचि को पहचानकर अपने करियर को नई ऊंचाई प्रदान कर सकें। मुख्य अतिथि आईडीए डायरेक्टर बतुल कुसई अली ने फाउंडर्स डे व इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ये पहल छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है, डिग्री कोर्सेज के साथ उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने का शानदार अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी पिछले 10 सालों से फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट जैसे कोर्सेज संस्कारधानी के साथ ही समूचे भारत में करा रही है, एकेडमी द्वारा छात्रों का भविष्य संवारने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। फाउंडर्स डे के दौरान हुए कन्वोकेशन में पास आउट होने वाले छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई। साथ ही भूतपूर्व छात्रों का फेयरवेल भी हुआ। उत्साह से भरे इस माहौल में सभी ने एकेडमी में बिताए पलों को खूब याद किया। समारोह में डायरेक्टर बतुल कुसई अली, कुसई अली असगर, सुष्मिता जयपुरिया,अमृता गुप्ता, आयशा मंध्यानी, प्रखर नामदेव,सजल अग्रवाल, काजोल सिंह ठाकुर, अनुराधा सिंह, रितिका डेकाटे, प्रहलाद मरावी, वंशिका जैन,देविका सिंह आदि की विशेष उपस्थिति रही।




## 8 रुपये पर आया सोलर कंपनी का आईपीओ, डेढ़ साल में ही 1700 रुपये के पार पहुंचा शेयर, 4400त्न की तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोलर पैनल और मॉड्यूल्स बनाने वाली छोटी कंपनी इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों ने डेढ़ साल में ही निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इंसोलेशन एनर्जी का आईपीओ सितंबर 2022 में आया था। आईपीओ में इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों का दाम 38 रुपये था। कंपनी के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 1700 रुपये के पार पहुंच गए हैं। इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों ने पिछले डेढ़ साल में निवेशकों को 4400 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1750 रुपये है। आईपीओ में इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों का दाम 38 रुपये था। कंपनी के शेयर 10 अक्टूबर 2022 को 76.10 रुपये पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग वाले दिन ही इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 79.90 रुपये पर पहुंच गए। इसके बाद से कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 1743.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। 38 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयर 4400 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 118.50 रुपये है।

इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों में पिछले एक साल में 1070 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2023 को 149 रुपये पर थे। इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 1743.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों में 295 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 16 अक्टूबर 2023 को 445.10 रुपये पर थे, जो कि अब 1700 रुपये के पार पहुंच गए हैं।

# 2700 से टूटकर ?11 पर आया यह शेयर, ट्रेडिंग हुई बंद, अब कंपनी के ऑडिटर पर लगा बड़ा जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी-रिलायंस कैपिटल से जुड़े मामले में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने एक ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटर पर कुल 4.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2018-19 में रिलायंस कैपिटल की वित्तीय स्थिति की ऑडिटिंग में कथित खामियों से जुड़ा है। वित्त वर्ष 2018-19 के रिलायंस कैपिटल के वैधानिक ऑडिट के लिए झा एंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) थे और शाह एंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू (ईक्यूसीआर) पार्टनर थे। कंपनी का 2018-19 में प्राइस वॉटरहाउस एंड को. एलएलपी (पीडब्ल्यू) और पाठक एचडी एंड एसोसिएट्स द्वारा संयुक्त रूप से ऑडिट किया गया था। एनएफआरए ने 12 अप्रैल के आदेश में कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने और अन्य संयुक्त लेखा परीक्षक (पीडब्ल्यू) द्वारा इस्तीफे के बावजूद लेखा परीक्षकों ने ऑडिटिंग के मानकों (एसए) के तहत पर्याप्त प्रक्रियाएं पूरी नहीं की।



पाठक एचडी एंड एसोसिएट्स पर तीन करोड़ रुपये, परिमल कुमार झा पर एक करोड़ रुपये और विशाल डी शाह पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा झा और शाह पर ऑडिट से जुड़े काम करने पर क्रमशः 10 साल और पांच साल की रोक लगा दी गई है।

### हिंदुजा समूह ने किया है अधिग्रहण

भारी कर्ज की वजह से अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के स्वामित्व में बदलाव हुआ है। इस कंपनी का अधिग्रहण हिंदुजा समूह ने किया है। बता दें कि नवंबर 2021 में शासन संबंधी चिंताओं और भुगतान में चूक के कारण अनिल अंबानी समूह की कंपनी के बोर्ड को भारतीय रिजर्व बैंक ने भंग कर दिया था। इसके बाद कंपनी की दिवालिया प्रक्रिया शुरू हो गई। बता दें कि रिलायंस कैपिटल के शेयर साल 2008 में 2700 रुपये के स्तर तक पहुंच गए थे। हालांकि, इसके बाद शेयर में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ और यह 99 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है। फिलहाल, रिलायंस कैपिटल की ट्रेडिंग बंद है और कंपनी की डी-लिस्टिंग होने वाली है।

# चोट से जूझ रहे धोनी..., CSK के कोच का बड़ा बयान



**मुंबई, एजेंसी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि महेंद्र सिंह धोनी टीम के डेथ ओवर बैटिंग एक्सपर्ट हैं। उन्होंने कहा है कि धोनी को जिस तरह की ट्रेनिंग दी जा रही है, वह मैच की परिस्थितियों में भी सफल साबित हो रही है। धोनी रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीएसके की पारी की अंतिम चार गेंदों पर उतरे और शुरुआती तीन गेंद पर छक्के जड़कर 20वें ओवर में 26 रन बटोरने में मदद की। माही ने चार गेंद में नाबाद 20 रन बनाए और इतने ही रन से एमआई की टीम मैच हार गई। सिमंस ने कहा- विपक्षी टीम हमें 200 से कम पर सीमित करने की सोच रही थी और फिर उन्हें अचानक से ऐसी पारी देखने को मिली। अंत में वह 207 रन चेज कर रहे थे। हम हर बार उनके ऊपर निर्भर होते हैं और उन्होंने हमें आश्चर्यचकित करना जारी रखा है। मैदान पर जाकर पहली गेंद को छक्के के लिए हिट करना और फिर उस मोमेंटम को जारी रखना बहुत मुश्किल काम है, लेकिन वह नेट्स पर काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। हमें बस एक और अविश्वसनीय एमएस धोनी मोमेंट देखने को मिला। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच रह चुके सिमंस ने कहा कि धोनी एक बल्लेबाज के रूप में सीएसके की डेथ बॉलिंग को परखने का एक जरिया भी हैं। नेट्स पर वह सीएसके के गेंदबाजों के सामने डेथ ओवर की तरह प्रैक्टिस करते हैं। सिमंस ने कहा- जब हम डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो हम उन्हें बल्लेबाजी टेम्पलेट के रूप में उपयोग करते हैं। अगर हमारे गेंदबाज उनके खिलाफ नेट्स में सफल होते हैं, तो हम जानते हैं कि हम अच्छा करने जा रहे हैं। मैच खत्म होने के बाद धोनी लंगड़ाते दिखे थे। ऐसा लग रहा था कि उनके पैर में दर्द है। अब सिमंस ने स्वीकार किया कि धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्होंने बिना किसी दर्द के इससे बहादुरी से निपटा। उन्होंने कहा- हर कोई उनकी चोट में अधिक रुचि रखता है। वह सबसे मजबूत खिलाड़ियों में से एक हैं। मैंने ऐसा खिलाड़ी कभी देखा है। मुझे इस बारे में सोच भी नहीं सकता और हम जानते हैं कि वह किस हद तक दर्द में हो सकते हैं या नहीं। वह बस अपना काम करते रहना चाहते हैं। उन्हें कुछ चोटें हैं। उसके पास बस इन सबको अनदेखा करने की क्षमता है और वह जानते हैं कि क्या करने की आवश्यकता है। हम उिकी चोट के बारे में ज्यादा चिंतित हैं। जब मैं हम कहता हूं तो मेरा मतलब फैंस से होता है जो उनकी चोटों को लेकर उनसे ज्यादा चिंतित है। सिमंस ने शिवम दुबे की भी तारीफ की। दुबे पिछले सीजन की तरह इस सीजन भी शानदार फॉर्म में हैं। हालांकि, इस सीजन वह सिर्फ स्पिनर्स की नहीं, बल्कि तेज गेंदबाजों की भी जमकर धुनाई कर रहे हैं। दुबे का खौफ स्पिनरों में इस कदर है कि रविवार को मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दुबे के मैदान में आने के बाद किसी स्पिनर को गेंदबाजी नहीं दी। श्रेयस गोपाल और मोहम्मद नबी ने उनके आने से पहले ही गेंदबाजी की थी। दुबे ने गोपाल की सिर्फ एक गेंद का सामना किया और उस पर एक रन बनाया। दुबे ने एमआई के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 66 रन की पारी खेली और आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है। टीमें उनके खिलाफ स्पिन गेंदबाजी करने से डर रही हैं। मुंबई इंडियंस ने सात गेंदबाजी विकल्पों का इस्तेमाल किया, लेकिन आठवें ओवर के बाद अपने स्पिनरों को गेंदबाजी नहीं दी। सिमंस ने कहा, जब वह (दुबे) बल्लेबाजी के लिए मैदान पर जाते हैं तो स्पिनरों की जमकर धुनाई करते हैं और वे तेज गेंदबाजों की भी पिटाई करते हैं। वह स्पिनरों पर अधिक प्रभावी हैं। उन्होंने कहा, यह इस पर निर्भर करता है कि आप मैच पर कैसे नियंत्रण रखते हो और दुबे जैसा खिलाड़ी इसे नियंत्रित कर सकता है क्योंकि वे दुबे के सामने स्पिन गेंदबाजी नहीं करा सकते। विपक्षी टीम स्पिन गेंदबाजी कराना ही नहीं चाहती। वे डरते हैं। दुबे के तेज गेंदबाजी के खिलाफ प्रभावी होने की के बाद वह और अधिक खतरनाक हो गए हैं। सिमंस ने कहा- दुबे ने एक्स्ट्रा कवर पर कवर ड्राइव मारा। उन्होंने पूरी ताकत से नहीं बल्कि बैट की ताकत से यह शॉट खेला। मुझे नहीं लगता कि लोग उनकी टाइमिंग की सराहना करते हैं जिसके साथ वह गेंदों को हिट करते हैं। उनके पास काफी ताकत है, लेकिन उनकी टाइमिंग भी शानदार है।

सिमंस ने कहा कि सीएसके की फिलॉसफी खिलाड़ियों को कोशिश करने देने और असफल होने के बाद भी सुरक्षा देने की है। सीएसके टीम मैनेजमेंट खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की अनुमति देता है और इससे खिलाड़ियों की छुपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों की सफलता के पीछे भी यही राज है। सिमंस ने मथीशा पथिराना की भी जमकर तारीफ की। पथिराना ने चार विकेट लेकर मैच पलट दिया था।

सिमंस ने कहा कि श्रीलंकाई गेंदबाज की खुद के लिए चीजों को ठीक करने की क्षमता एक ऐसा गुण है जो उन्हें सफलता दिलाता है। उन्होंने कहा, विकेट बोनस है, लेकिन उन्होंने सटीक लाइन लेंथ से गेंदबाजी की। कई बार आप सही गेंदबाजी करते हो, लेकिन विकेट नहीं मिलते। मैं पथिराना को एक लक्ष्य देता हूं और वह उसे पूरा करने की कोशिश करते हैं। वह खुद पर मेहनत करने की कोशिश करते हैं। वह अपनी तकनीक पर खुद काम करते हैं। मैं उन्हें दस्ताने को निशाना बनाने का लक्ष्य देता हूं। मैं उन्हें पिच के निचले हिस्से को हिट करने का एक लक्ष्य देता हूं। वह लक्ष्य को हिट करते हैं। चेन्नई का अब मुकाबला 19 अप्रैल को इकाना में लखनऊ सुपर जाएंट्स से है।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्दिक की कप्तानी पर इरफान ने उठाए सवाल

## कहा- उन्हें गेंदबाज पर भरोसा नहीं...



**मुंबई** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर इरफान पठान ने स्न्ह्व 1ह्य ष्टस्य्न मैच के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने गेंदबाज आकाश मधवाल पर भरोसा नहीं है। बता दें, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 206 रन बोर्ड पर लगाए थे, सीएसके को 200 के पार पहुंचाने में महेंद्र सिंह धोनी का अहम रोल रहा था जिन्होंने अंतिम 4 गेंदों पर 20 रन बटोरे थे। धोनी ने आखिर ओवर में हार्दिक पांड्या के खिलाफ यह रन बटोरे थे। इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या के इसी ओवर को लेकर सवाल उठाए हैं। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हार्दिक शुरू से ही एक कप्तान के रूप में अच्छे नहीं रहे हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल को आखिरी ओवर फेंकना था और वह बॉलिंग मार्क तक पहुंच गए थे।

## पलक ने शूटिंग में जीता 20वां ओलिंपिक कोटा

- ISSF फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल



नईदिल्ली, एजेंसी। पलक ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्ढस्स्न्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारत के लिए 20वां पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया। 18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

**गोल्ड जीतने वाली शूटर ने पहले ही हासिल कर लिया था ओलिंपिक कोटा**

फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

# पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

### टोक्यो में लाल था; कंपनी बोली- ट्रैक मैटीरियल से एथलीट्स की परफॉर्मेंस सुधरेगी



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी कलर में देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है। हाल ही ओलिंपिक एसोसिएशन ने पेरिस ओलिंपिक खेल के लिए तीन रंगो को चयनित किया था। जिसमें गुलाबी, नीला और बैंगनी कलर शामिल था।

### इटली में तैयार गया है ट्रैक का मटेरियल

पेरिस ओलिपिंक के एथलेटिक्स ट्रैक के मटेरियल इटली में तैयार किया गया है। 1976 के बाद से ओलिंपिक के लिए ट्रैक तैयार करने वाली कंपनी मोंडो का मानना है कि ट्रैक पहले से ज्यादा बेहतर होंगे। इससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी।

**टोक्यो ओलिंपिक में बने थे तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड–** टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स में तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड और 10 ओलिंपिक रिकॉर्ड बने थे। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज एलेन ब्लोंडेल ने कहा कि पेरिस में टोक्यो से ज्यादा रिकॉर्ड बनेंगे।

**पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से होगी शुरू–** पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। भारत को टोक्यो में पहली बार एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल मिला था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में भारत के लिए ओलिंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में पहली बार मेडल जीता था। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए जल्द होगा टीम इंडिया का ऐलान

### इन 15 खिलाड़ियों को मिलेगी जगह!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में अब कुछ ही दिन बचे हैं. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है. टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है. इसके लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. यानी इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है.

### आईपीएल 2024

## सफेद आंखें और सीने पर हाथ... मथीशा पथिराना क्यों मनाते हैं ऐसा सेलिब्रेशन?

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ 206 रन के बचाव में मथीशा पथिराना ने (4-28) शानदार स्पैल के साथ चमक बिखेरी। इस शानदार प्रदर्शन के बाद सीएसके के युवा तेज गेंदबाज ने कहा कि उनका फोकस सिर्फ अपने प्रदर्शन को बेहतर करने पर रहता है। पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सीएसके के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे, लेकिन जब लक्ष्य का पीछा कर रही एमआई के खिलाफ विकेट लेने की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब उन्होंने मैच जिताऊ गेंदबाजी की और मेहमान टीम को 20 रन से जीत दिलाई।

**मैच के बाद क्या बोले मथिशा पथिराना** – प्लेयर ऑफ द मैच पथिराना ने मैच के बाद कहा, जब हम पावरप्ले में गेंदबाजी कर रहे थे, तो मैं काफी घबराया हुआ था। मुझसे कहा गया कि शांत रहो और अपना काम करो, इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। मैं नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता, सिर्फ अपने खेल को बेहतर करने की टेंशन लेता हूं। पथिराना ने मुंबई को 70 रन के कुल स्कोर पर ईशान किशन (23) के रूप में पहला झटका देकर मैच में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने उसी ओवर में सूर्यकुमार यादव (0) को मुस्तफिजुर रहमान के हाथों कैच कराकर दूसरा झटका दिया। फिर, उन्होंने तिलक वर्मा (31) और रोमारियो शेफर्ड (1) को भी आउट कर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया। पथिराना ने अपने कोटे के 4 ओवर में मात्र 28 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उन्होंने कहा, कभी-कभी मुझे बल्लेबाजों के हिसाब से अपनी योजनाएं बदलनी पड़ती हैं। मैं दो सप्ताह पहले थोड़ी परेशानी से जूझ रहा था, लेकिन सहयोगी स्टाफ ने मेरा समर्थन किया और यही मेरी फॉर्म का मुख्य कारण है।

# आईपीएल 2024: मीडिया अधिकार को लेकर बीसीसीआई का सख्त रवैया, टीमों, कमेंटेटरों को दिए यह खास निर्देश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि हाल ही में कुछ खिलाड़ियों ने मैच के दिन फोटो पोस्ट किए थे और उन्हें इसे हटाने के निर्देश दिए गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी कमेंटेटर, खिलाड़ी, आईपीएल फ्रेंचाइजों के मालिक और इनसे जुड़े सोशल मीडिया तथा कंटेट टीमों को सख्त हिदायत है कि वे मैच के दिन स्टेडियम की कोई भी फोटो या वीडियो अपने अकांउट पर शेयर नहीं करें। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में एक वाक्या हुआ जहां एक पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने आईपीएल मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की जो ब्रॉडकास्टर अधिकारों का उल्लंघन है। बाद में उससे बीसीसीआई स्टाफ के सदस्य द्वारा वो पोस्ट डिलीट करवा दी गई।

**नियमों के उल्लंघन पर की जाएगी सख्त कार्रवाई** – बीसीसीआई ने इस बात को लेकर टीमें, फ्रेंचाइजों के मालिका और सभी कमेंटेटरों को बता दिया है। भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की बात भी कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, आईपीएल अधिकारों के लिए ब्रॉडकास्टर बड़ी राशि देते हैं, इसलिए कमेंटेटर मैच के दिन सोशल मीडिया पर वीडियो या फोटो पोस्ट नहीं कर सकते। एक ऐसा वाक्या सामने आया है जहां कमेंटेटर ने मैदान से इंस्टाग्राम लाइव किया और फोटो भी शेयर की। एक वीडियो पर एक मिलियन से ज्यादा व्यूज आए। यहां तक कि आईपीएल की टीमें भी लाइव मैच के वीडियो पोस्ट नहीं कर सकती। वे सीमित संख्या में फोटो डाल सकते हैं और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव मैच अपडेट पोस्ट कर सकते हैं। अगर कोई नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया जाता है तो फ्रेंचाइजी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**कुछ खिलाड़ियों ने किया था उल्लंघन** – बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि हाल ही में कुछ खिलाड़ियों ने मैच के दिन फोटो पोस्ट किए थे और उन्हें इसे हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी ने कहा, खिलाड़ियों को भी मैच के दिन ऐसा नहीं करने की हिदायत दी गई है। खिलाड़ियों के सभी पोस्ट की निगरानी हो रही है। इन्हें नियमों के बारे में बताया गया है, लेकिन हम देख रहे हैं कुछ लोग इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

# रोहित के साथ 13 साल बाद दोहराई सचिन तेंदुलकर जैसी कहानी

### ये संयोग उड़ा देंगे आपके भी होश

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस वर्सेस चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 का 29वां मुकाबला रविवार 14 अप्रैल की रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में सीएसके ने एमआई को 20 रनों से पटखनी देकर सीजन की चौथी जीत दर्ज की। एमआई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जरूर जड़ा, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करवा पाए। चेन्नई ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए मुंबई के सामने जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर का पीछा करते हुए एमआई निर्धारित 20 ओवर में 186 ही रन बना पाई। रोहित शर्मा ने इस दौरान 105 रनों की नाबाद पारी खेली। इस पारी के साथ हिटमैन की सचिन तेंदुलकर के खास क्लब में एंट्री हो गई है। रोहित शर्मा सचिन तेंदुलकर के बाद आईपीएल में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज भारतीय बन गए हैं। सचिन ने आईपीएल का अपना एकमात्र शतक 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल के खिलाफ जड़ा था। सचिन की उम्र उस दौरान 37 और 356 दिन की थी।

वहीं रोहित शर्मा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 36 साल 350 दिन की उम्र में यह सेंचुरी लगाई है। इन दोनों ही दिग्गजों के इस शतक में कुल 3 समानताएं थी।

- सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा ने यह शतक मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए जड़ा।
- दोनों ने यह शतक वानखेड़े स्टेडियम में लगाया।
- दोनों की यह सेंचुरी मुंबई इंडियंस की हार में आई।



### आईपीएल में असफल रन चेज में नाबाद रहते हुए हाइएस्ट स्कोर-

- 105* (63) – रोहित शर्मा, एमआई बनाम सीएसके, 2024
- 95* (70) – केएल राहुल, पंजाब बनाम आरआर, 2018
- 94* (55) – नमन ओझा, आरआर बनाम सीएसके, 2010
- 92* (62) – विराट कोहली, आरसीबी बनाम एमआई, 2018
- 89* (44) – डेविड मिलर, पंजाब बनाम एसआरएच, 2015

आईपीएल के इतिहास में रोहित शर्मा का यह असफल रन चेज में नाबाद रहते हुए सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वहीं आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई बल्लेबाज ने असफल रनचेज में शतक जड़ने के बाद नाबाद रहा हो।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाएं परिवार शुरू करने के अलावा भी कुछ आकांक्षाएं रखती: श्रुति चौधरी

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स का 'मेरा बलम थानेदार' नाबालिग दुल्हन बुलबुल (श्रुति चौधरी द्वारा अभिनीत) और पुलिस अधिकारी वीर (शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है, जहां वे अपने मतभेदों के बावजूद भरोसे की नींव रखने और अपने विवाहित जीवन की जटिलताओं से निपटने का प्रयास करते हैं। अपने किरदार के लिए प्यार बटोरते हुए, श्रुति चौधरी परंपरागत तरीकों से आगे बढ़ते हुए बुलबुल की भूमिका को जीवंत कर रही हैं। इस कहानी के अनुसार, बुलबुल को अपनी कुंडली में मौजूद दोष को ठीक करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। वह बताती हैं कि इस खास सीन को करते समय, उन्हें उस दर्द का एहसास हुआ जो महिलाओं को तब महसूस होता है जब उन्हें किसी भी समस्या के समाधान करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वह इन सीन्स को करते समय थोड़ी घबराई हुई थीं क्योंकि महिला होने के नाते वह इस बात को समझ सकती थी। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को अपने लिए खड़ा होना चाहिए और अपने अधिकारों के लिए बोलना चाहिए। बुलबुल की भूमिका निभाते हुए, श्रुति चौधरी कहती हैं, यह हकीकत काफी दुखद है कि महिलाओं से अक्सर शादी के तुरंत बाद 'मां' बनने की उम्मीद की जाती है। मेरा मानना है कि परिवारों को यह समझना चाहिए कि महिलाएं परिवार शुरू करने के अलावा भी कुछ आकांक्षाएं रखती हैं, और उन्हें इसका सम्मान करना चाहिए। शो में यह किरदार निभाते हुए, मैं उस दबाव को समझ सकी जिसका सामना महिलाओं को बच्चा पैदा करने से संबंधित बातों को लेकर करना पड़ता है। जबकि बच्चे निस्संदेह एक वरदान हैं, लेकिन जीवन के ऐसे महत्वपूर्ण हिस्से के लिए सही समय चुनना भी उतना ही ज़रूरी है। बुलबुल का किरदार निभाकर मुझे अविश्वसनीय रूप से संतोष मिला है, क्योंकि इससे मुझे महिलाओं को अपना रास्ता बनाने और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने हेतु सशक्त बनाने की सहूलियत मिली है।

### हृदय वाल्व का रिप्लेसमेंट एक मुश्किल प्रक्रिया, मिनिमली इन्वेज़िव विकल्पों ने बनाया आसान : युगल किशोर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हृदय वाल्व का रिप्लेसमेंट एक मुश्किल प्रक्रिया है, लेकिन मेडिकल टेक्नोलॉजी में हुई प्रगति द्वारा टीएवीआई (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन) जैसे मिनिमली इन्वेज़िव विकल्पों ने इस प्रक्रिया को आसान बना दिया है। टीएवीआई को टीएवीआर (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) भी कहा जाता है। इस प्रक्रिया में एक रोगग्रस्त हृदय वाल्व को निकालकर उसकी जगह एक नया मानव निर्मित वाल्व लगा दिया जाता है। यह इनोवेटिव दृष्टिकोण एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित लोगों के इलाज में काफ़ी कारगर है। एओर्टिक स्टेनोसिस में एओर्टिक वाल्व कठोर हो जाता है और हृदय को वाल्व के छोटे से छेद से खून को पंप करना मुश्किल हो जाता है। पारंपरिक रूप से वाल्व के रिप्लेसमेंट के लिए ओपन-हार्ट सर्जरी करनी पड़ती थी, जिसे सर्जिकल एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन कहा जाता है। लेकिन टीएवीआई की मदद से एक कम इन्वेज़िव विकल्प मिला है, क्योंकि इस प्रक्रिया में एक छोटा सा चीरा लगाया जाता है, और छाती की सभी हड्डियाँ अपनी जगह पर सुरक्षित रहती हैं। इसलिए इस प्रक्रिया में कम समय में स्वास्थ्य लाभ मिलता है और जटिलताओं का जोखिम कम हो जाता है। युगल किशोर मिश्रा, चीफ ऑफ क्लिनिकल सर्विसेज, हेड ऑफ कार्डियेक साइंसेज़ और चीफ कार्डियो वैस्कुलर सर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका ने टीएवीआई के बारे में 5 महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। हर प्रक्रिया में कुछ जोखिम होता है। टीएवीआई की प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद होने वाली जटिलताओं पर खुलकर बात होनी चाहिए। नए वाल्व से रक्तस्राव, संक्रमण, स्ट्रोक या खून का रिसाव हो सकता है। टीएवीआई प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद क्या-क्या समस्याएं होने की संभावना है, इसके बारे में मरीजों को अपने डॉक्टर से खुलकर बात करनी चाहिए। मरीजों को स्वस्थ होने में अलग-अलग समय लग सकता है, लेकिन टीएवीआर में ओपन-हार्ट सर्जरी के मुकाबले अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है।

## रोकेंगे अवैध मिट्टी खनन

# सेना के रिटायर जवानों को बड़ी जिम्मेदारी देगी यीडा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विकसित होने वाले सेक्टरों में भूमाफिया की नजर है। यहां अवैध मिट्टी खनन तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्राधिकरण ने इसकी रोकथाम के लिए नया प्लान तैयार किया हैं। यमुना सिटी के छह सेक्टरों में अवैध मिट्टी खनन समेत अतिक्रमण रोकने के लिए रिटायर्ड फौजी की तैनाती की गई है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा अवैध मिट्टी खनन और अतिक्रमण समेत अन्य समस्याएं सेक्टर-28, 29, 32, 33, 22डी और 22सी से आ रही है। यह सभी सेक्टर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बेहद नजदीक है। सितंबर में एयरपोर्ट पर उड़ान शुरू हो जाएगी, ऐसे में इसके आसपास जमीन की मांग काफी बढ़ गई है।



वहीं मौका देखते ही भू माफिया भी यमुना क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। यमुना प्राधिकरण ने एजेंसी के माध्यम से रिटायर्ड फौजियों की नियुक्तियां की है। इनकी ड्यूटी अब अधिसूचित क्षेत्र में लगा दी गई है। फौजी बतौर सुरक्षाकर्मी अधिसूचित क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखेंगे। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि होने पर प्राधिकरण को खबर देंगे। इसके बाद प्राधिकरण अधिकारी मामला का संज्ञान लेते हुए पुलिस की मदद से कार्रवाई कराएंगे। इन सभी सेक्टरों में 10-10 रिटायर्ड फौजी तैनात किए जाएंगे। इन्हें चौकसी के लिए अलग-अलग प्वाइंट दिए जाएंगे। हर कोई अपने प्वाइंट पर खड़े होकर व गश्त लगाकर रखवाली करेगा। इसके लिए उन्हें मानदेय भी मिलेगा। यमुना प्राधिकरण ने बीते दो वर्षों में अधिसूचित क्षेत्र की करीब 434 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1867 करोड़ रुपए है। वहीं, प्राधिकरण ने विभिन्न थानों में 138 भू माफिया के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। अबतक 582 वादों में से 347 वादों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर विकास कार्यों को गति दी जा चुकी है। बता दें कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र छह जिलों तक फैला हैं। इनमें गौतमबुद्धनगर के अलावा बुलंदशहर, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा व आगरा शामिल है। इन इलाकों में कई नई योजनाएं आ रही हैं। यह सभी हथियारबंद भी होंगे। किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए सेक्टरों में हथियार बंद रिटायर्ड फौजियों की तैनाती की गई है। इनके पास यमुना प्राधिकरण की गाड़ियां भी रहेगी। यह गश्त लगाकर सेक्टरों की सीमाओं की रखवाली करेंगे।

## जोधपुर लोकसभा सीट पर अशोक गहलोत का रहा दबदबा, 5 बार दर्ज की जीत



**जोधपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा है। इस सीट से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सर्वाधिक पांच बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। जोधपुर अशोक गहलोत का गृह नगर है। यहां अब तक हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने सर्वाधिक आठ बार जीत दर्ज की जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों ने पांच बार चुनाव जीता है। पिछले दो चुनावों में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने चुनाव जीता है। वह इस बार जीत की तिकड़ी बनाने के लिए फिर चुनाव मैदान में हैं। इस बार गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उचियाड़ा से है, जबकि पिछले चुनाव में उन्होंने अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को करीब पौने तीन लाख मतों से चुनाव हराकर दूसरी बार संसद पहुंचे। इस बार वैभव गहलोत को जोधपुर से टिकट नहीं देकर उन्हें जालोर-सिरोही लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया जा रहा है। इस साल हो रहे चुनावों में गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर ही चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उचियाड़ा प्रदेश की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की उपलब्धियों और कांग्रेस की नई पांच गारंटियो के साथ एक बार सेवा का मौका देने का लोगों से आग्रह कर रहे हैं। इस बार चुनाव में इन दो उम्मीदवारों के साथ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मंजू मेघवाल और अन्य दलों, निर्दलीयों सहित कुल पन्द्रह उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। जोधपुर जिले की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा का कब्जा है, वहीं एकमात्र सरदापुरा सीट पर कांग्रेस के अशोक गहलोत ने जीत दर्ज की थी। सांसद चुने गए थे। इसके बाद वह साल 1957 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। साल 1962 के चुनाव में भी यहां से निर्दलीय प्रत्याशी ने बाजी मारी और लक्ष्मीमल सिंघवी सांसद चुने गए। इसके बाद साल 1967 में कांग्रेस के नरेंद्र कुमार तो 1971 में फिर निर्दलीय उम्मीदवार कृष्णा कुमारी ने जीत दर्ज की। 1977 के चुनाव में यहां से जनता पार्टी के टिकट पर रणछोड़ दास गट्टानी सांसद चुने गए।

## एकनाथ शिंदे का गढ़ मांग रही है भाजपा, महाराष्ट्र में 9 सीटों पर फंसा पेंच

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी महायुति अब तक सीट बंटवारा नहीं कर सकी है। खास बात है कि महाराष्ट्र में चुनावी दौर शुरू होने में महज 5 दिनों का ही समय रह गया है। कहा जा रहा है कि तीनों दलों के बीच 9 सीटों पर पेच फंसा हुआ है। इधर, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी की खबर है।



इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि महायुति रत्नागिरी-सिंधुदुर्गी, सतारा, औरंगाबाद, नाशिक, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर दक्षिण को लेकर सहमति नहीं बना पा रही है। अब रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और सतारा में 7 मई को मतदान होना है, औरंगाबाद में 13 मई और अन्य सीटों पर 20 मई को वोटिंग होगी।

कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर हो रही बातचीत अब तक गठबंधन के लिए सकारात्मक रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी सीटों की संख्या 15 से घटकर 9 रह गई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी कुछ सीट शेयरिंग में बातचीत को स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, तीन या चार सीटों पर चर्चाएं हैं। हम बातचीत करेंगे और समाधान निकालेंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार भी ऐसी ही प्रतिक्रिया देते नजर आए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, जानकार बताते हैं कि भाजपा ठाणे पर दावा पेश कर रही है। जबकि, शिवसेना शिंदे की पहचान जुड़े होने के चलते इसे हाथ से नहीं जाने देना चाहती। कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर बातचीत की शुरुआत में ही भाजपा ने शिवसेना से ठाणे या कल्याण चुनने के लिए कहा था। कल्याण से शिंदे के बेटे श्रीकांत सांसद हैं। खबर है कि मुंबई दक्षिण सीट से भाजपा स्पीकर राहुल नार्वेकर को उतारना चाहती है। जबकि, शिवसेना आरोप लगा रही है कि गठबंधन की साथी इस सीट पर दावा पेश कर उद्धव ठाकरे कैंप को फायदा पहुंचा रहे हैं। शिंदे सेना का कहना है कि जब शिवसेना और भाजपा गठबंधन में थीं, तब हमेशा यह सीट अविभाजित शिवसेना के लिए छोड़ी गई थी।

## कैदी नंबर 804 से डरता है शरीफ परिवार, इमरान खान की पार्टी के नेता ने प्रधानमंत्री शहबाज पर साधा निशाना

**क्वेटा एजेंसी।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने पीएम शहबाज पर निशाना साधा है। विपक्ष के नेता ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि शरीफ परिवार कैदी नंबर 804 से डरता है। नेता ने पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके कैदी नंबर को लेकर विपक्ष पर हमला किया।



रविवार को क्वेटा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अयूब ने जोर देकर कहा कि पीटीआई ने जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। पीटीआई नेता ने दावा किया है कि मौजूदा प्रशासन भंग होने के बाद उनकी पार्टी अगली सरकार बनाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीटीआई बस कानून और संविधान की सर्वोच्चता चाहती है। अयूब ने कहा कि यह पुराना पाकिस्तान नहीं है। लोग अब जाग गए हैं। बाधाओं के बावजूद हमारी रैलियां सफल रही हैं। जियो न्यूज के अनुसार, पीटीआई नेता ने आगे खुलासा किया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया गया और उन्हें पिशिन और चमन में सार्वजनिक समारोहों के दौरान पार्टी के झंडे दिखाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि गठबंधन दल आने वाले दिनों में देशभर में रैलियां आयोजित करेंगे।

जियो न्यूज के अनुसार, अयूब ने 12 अप्रैल को घोषणा की कि वे 8 फरवरी के आम चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ और महाविपक्षी गठबंधन की छत्रछाया में बलूचिस्तान से देश में संविधान और लोकतंत्र को बहाल करने के लिए एक विरोध आंदोलन शुरू करेंगे।

## बाइडेन ने ट्रंप प्रशासन की तुलना में अधिक चीनी कंपनियों को किया ब्लैकलिस्ट

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने शासनकाल में एशियाई राष्ट्र चीन की 319 कंपनियों और नागरिकों को निशाना बनाया है, जो किसी भी अन्य अमेरिकी प्रशासन से अधिक है। ब्लूमबर्ग ने शुक्रवार को बताया कि व्हाइट हाउस ने डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की तुलना में जो बाइडेन के प्रशासन में अधिक चीनी संस्थाओं और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट किया है, क्योंकि दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहा व्यापार विवाद लगातार बढ़ रहा है।



अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने फरवरी में आठ चीनी कंपनियों को अपनी निर्यात ब्लैकलिस्ट में जोड़ा, जिससे बाइडेन ने ट्रंप के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सप्ताह छह और जोड़े गए, जिससे वर्तमान प्रशासन के तहत नए लक्ष्यों की संख्या 319 हो गई। ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के दौरान विभाग द्वारा लगभग 306 संस्थाओं को काली सूची में डाला गया था। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध 2018 से बढ़ गया जब ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान अमेरिका द्वारा आयातित चीनी सामानों पर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाना शुरू कर दिया था। रिपब्लिकन नेता ने बीजिंग पर अनुचित व्यापार प्रथाओं को अपनाने और बौद्धिक संपदा की चोरी का आरोप लगाकर उपायों को उचित ठहराया। बाइडेन ने चीन के साथ व्यापार पर सख्त रुख जारी रखा है। उन्होंने न केवल अपने पूर्ववर्ती द्वारा लगाए गए टैरिफ को यथास्थान छोड़ दिया, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र सहित नवाचार तक पहुंच को अवरुद्ध करने वाले प्रतिबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए दबाव भी बढ़ा दिया। चीनी अधिकारियों ने वाशिंगटन की नीतियों की निंदा की है और प्रतिबंधों को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के विकास को विफल करने का प्रयास बताया है।इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता हे यादोंग ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए निर्यात नियंत्रण सामान्य आर्थिक जबरदस्ती और एकतरफा धमकाने वाला व्यवहार है। उन्होंने कहा, अमेरिका को तुरंत अपने गलत कामों को सुधारना चाहिए और चीनी कंपनियों का अनुचित दमन बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजिंग अपने कानूनी अधिकारों और देश के व्यवसायों के हितों की रक्षा करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय ने ताइवान को हथियारों की बिक्री पर अमेरिकी रक्षा उद्योग फर्मों जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें वाशिंगटन पर अपनी संप्रभुता को कमजोर करने का आरोप लगाया गया।

## कई देशों के आयात-निर्यात कारोबार हो सकते हैं प्रभावित, बढ़ सकती है विश्व बाजारों में महंगाई की टेंशन

**लंदन/वाशिंगटन, एजेंसी।** वैश्विक संगीनता के मद्देनजर, ईरान और इजराइल के बीच तनाव में वृद्धि के संकेतों के बीच, विश्व बाजारों में महंगाई की टेंशन बढ़ गई है। तनाव की बढ़ती संभावना से, ग्लोबल शेयर बाजार और अर्थव्यवस्थाओं के लिए भविष्य अधिक अस्पष्ट हो गया है। साथ ही कई देशों के आयात-निर्यात कारोबार भी प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा, सोने के दाम में भी उछाल आ सकता है। ऐसे में एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाला समय मुश्किल भरा हो सकता है। ईरान के हालिया हमले ने तेल उत्पादन क्षेत्र को प्रभावित किया है, जो विश्व के लगभग तीन तिहाई क्रूड ऑयल उत्पन्न करता है। इस तनाव के कारण, तेल की कीमतों में वृद्धि की संभावना है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। साल-दर-साल ब्रेंट की कीमत 12 अप्रैल, 2024 को 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 90.45 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, जबकि 2 जनवरी, 2024 को यह 75.89 डॉलर प्रति बैरल थी। तनाव बढ़ने से तेल का आयात निर्यात प्रभावित होने की ज्यादा संभावना है।

## जो बाइडन और नेतन्याहू की बातचीत के बाद ठंडे पड़ गए तेवर, ईरानी हमलों के बाद भी इजरायल चुप

**येरुशलम, एजेंसी।**
अरब देशों से अकेले ही निपटने के लिए मशहूर रहा इजरायल आखिर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद भी ज्यादा आक्रामक क्यों नहीं है और बदले की बात पर चुप क्यों है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में फिलहाल यह सवाल अहम है। इजरायल पर आरोप था कि उसने सीरिया में ईरान के कौंसुलेट पर अटैक किया था और उसके टॉप जनरल समेत 12 लोगों को मार डाला था। इसका बदला लेने की धमकी देते हुए ईरान ने उस पर रातोंरात हमला किया और करीब 300 ड्रोन एवं मिसाइल दागे। इनमें से ज्यादातर को इजरायल ने आसमान में ही मार गिराया, लेकिन कुछ मामूली नुकसान भी हुआ है। इजरायल की प्रतिष्ठा के लिहाज से ईरान का हमला एक चुनौती की तरह है। ईरान ने यह भी कहा है कि यदि आप फिर से पलटकर अटैक करेंगे तो फिर उसका भी माकूल जवाब मिलेगा। फिर भी इजरायल अब ज्यादा आक्रामक नहीं है। इसकी वजह यह है कि अमेरिका ने सक्रिय तौर पर युद्ध में उतरने से इनकार कर दिया है। रविवार को इजरायल की वॉर कैबिनेट की मीटिंग थी। इसमें ज्यादातर सदस्यों ने ईरान से बदला लेने पर सहमति जताई। लेकिन यह बदला कब और कैसे लिया जाए, इसे लेकर स्पष्टता नहीं दिखी। बेंजामिन नेतन्याहू की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय वॉर कैबिनेट के कुछ लोगों ने कहा कि हमें बदला लेने के लिए हमला कर देना चाहिए। इस मीटिंग के बाद फिर बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात की। जो बाइडेन ने स्पष्ट किया कि वह हथियारों और अन्य मदद से इजरायल के साथ हैं, लेकिन अमेरिका सक्रिय तौर पर उसकी ओर से युद्ध में नहीं उतरेगा। उसके बाद से ही इजरायल का रुख थोड़ा ठंडा पड़ गया है। दरअसल इजरायल की यह खासियत रही है कि वह अपनी जंग को वैश्विक रूप देने में सफल रहा है। आमतौर पर नाटो, जी-7 जैसे ग्रुप उसके साथ आते रहे हैं। लेकिन इस बार अमेरिका के दूरी बनाने से अन्य देशों का भी सक्रिय समर्थन मिलना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में इजरायल नहीं चाहता कि एक साथ दो मोर्चे खुलें और वह हमास के अलावा ईरान से भी जंग लड़े।



**हालात विकट हो जाएंगे, ऐसा क्यों बोल रहा अमेरिका:** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि खुलेतौर पर यदि युद्ध हुआ तो पश्चिम एशिया के हालात विकट हो जाएंगे। यही वजह है कि अमेरिका के अलावा अरब देश भी दोनों को युद्ध से बचने की सलाह दे रहे हैं। किर्बी ने कहा कि अमेरिका की ओर से इजरायल की रक्षा के लिए मदद होती रहेगी, लेकिन युद्ध में हम शामिल नहीं होंगे। यही नहीं जॉर्डन के किंग ने भी अमेरिका से बात की है और कहा है कि इजरायल को युद्ध से बचने की सलाह दें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129